पेज-11



दक्षिण अफ्रीका जाएंगे नीरज चोपड़ा........

हिन्दी दैनिक

# दबंग हिन्द

जन की बात, सबके साथ

RNI NO. JHAHIN/2013/54377

रांची संस्करण

पेज-10



ट्रैकिंग की सारा अली खान...............

वर्ष : 12 | अंक : 302 | रांची (झारखंड) | E-mail : dabanghind@gmail.com | शनिवार,09 नवम्बर 2024 | website : www.dabanghind.com | मूल्य - ₹ 2

## एक नजर

### 97 साल के हुए भारत रत्न एलके आडवाणी, जन्मदिन की बधाई देने उनके आवास पहुंचे पीएम मोदी



**नई दिल्ली।** बीजेपी के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी का आज शुक्रवार (08 नवंबर) को जन्मदिन है. वो 97 साल के हो चुके हैं. इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनसे मिलने के लिए पहुंचे. पीएम मोदी ने एलके आडवाणी के आवास पर पहुंचकर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया पर लालकृष्ण आडवाणी को उनके जन्मदिन पर बधाई दी और कहा कि भारत के सबसे प्रशंसित राजनेताओं में से एक, उन्होंने देश के विकास को आगे बढ़ाने के लिए खुद को समर्पित कर दिया है. पीएम मोदी ने ट्वीट किया, ₹लालकृष्ण आडवाणी जी को उनके जन्मदिन पर हार्दिक शुभकामनाएं. यह वर्ष और भी विशेष है, क्योंकि उन्हें हमारे राष्ट्र के प्रति उनकी उत्कृष्ट सेवा के लिए भारत रत्न से सम्मानित किया गया।

### जनवरी में बीजेपी को मिल सकता है नया अध्यक्ष? 22 नवंबर को दिल्ली में बड़ी बैठक



**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव खत्म होते ही बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया तेज होगी. इस सिलसिले में बीजेपी ने 22 नवंबर को एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई है. सूत्रों के मुताबिक 22 नवंबर को बीजेपी के सभी राष्ट्रीय पदाधिकारियों और सभी प्रदेश अध्यक्षों सहित संगठन से जुड़े लगभग सवा सौ शीर्ष नेताओं के साथ संगठन की चुनावी प्रक्रिया को लेकर वर्कशॉप किया जाएगा. ये बैठक बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बुलाया है जिसमें गृहमंत्री अमित शाह भी मौजूद रह सकते हैं. दोपहर 1 बजे से शाम 7 बजे तक चलने वाली इस बैठक में बीजेपी के सभी राष्ट्रीय पदाधिकारी शामिल होंगे. राष्ट्रीय पदाधिकारियों के अलावा इस बैठक में हर राज्य से प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश संगठन महामंत्री भी शामिल होंगे. सभी प्रदेशों के प्रभारी और सह प्रभारी के साथ साथ बीजेपी के सभी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी बैठक में बुलाए गए हैं।

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन लातेहार विधानसभा क्षेत्र में चुनावी जनसभा को किया संबोधित

# सीएम ने कहा- झूठे आरोप में जेल भेजा गया, इसके बावजूद झारखंड के विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ा

● लातेहार में सीएम हेमंत सोरेन ने झामुमो की चुनावी रैली को संबोधित किया. इस सभा में सीएम ने भाजपा पर जमकर प्रहार किया।

दबंग हिन्द, संवाददाता



**लातेहार।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शुक्रवार को लातेहार विधानसभा क्षेत्र में चुनावी जनसभा को संबोधित किया. लातेहार विधानसभा क्षेत्र के कुन्दरी में उन्होंने झामुमो विधायक बैद्यनाथ राम के पक्ष में वोट मांगा. इस मौके पर उन्होंने भाजपा पर जमकर प्रहार भी किया और कहा कि भाजपा झारखंड के आदिवासियों और दलितों का विकास होते नहीं देखना चाहती है. इसीलिए भाजपा के नेता राज्य में गिद्ध और कौवा की तरह मंडरा रहे हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने लातेहार के कुन्दरी में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व में बनी सरकार झारखंड राज्य में रहने वाले सभी गरीब, आदिवासी और दलितों के लिए लगातार काम कर रही थी. लेकिन पिछले 5 वर्षों के कार्यकाल के दौरान केंद्र सरकार के द्वारा उन्हें लगातार परेशान करने का कार्य किया गया. भाजपा तमाम प्रकार के षड्यंत्र कर सरकार को गिरने के लिए लगातार प्रयास करती रही। सीएम ने कहा कि झूठे आरोप में फसाकर उन्हें जेल भी भेजा गया. इसके बावजूद उन्होंने झारखंड के विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ा. आज झारखंड की महिलाएं आत्मनिर्भर हो रही है. बिजली बिल माफ करने से लोगों को आर्थिक बोझ से निजात मिली. उन्होंने कहा कि आने वाले 5 वर्षों में झारखंड सरकार महिलाएं को साल में 1 लाख रुपए देगी.

**भाजपा नेताओं पर जमकर बरसे हेमंत :** इस दौरान मुख्यमंत्री ने भाजपा के नेताओं पर जमकर भड़ास भी निकाली. उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता अपने व्यापारी मित्रों को लाभ देने के लिए झारखंड राज्य में पिछले कई दिनों से गिद्ध और कौआ की तरह मंडरा रहे हैं. भाजपा का हर नेता आज हिंदू मुसलमान करके समाज को बांटना चाहता है. उन्होंने कहा कि भाजपा नेता रोटी और बेटी बचाने की बात करते हैं, परंतु गुजरात के बिलकिस बानो के आरोपियों को जेल से छुड़ा लेते हैं. मणिपुर की बेटियों के लिए भाजपा नेताओं को कोई चिंता नहीं है. यदि सचमुच भाजपा के नेताओं को बेटी, रोटी और माटी की चिंता होती तो आज देश के प्रधानमंत्री मणिपुर जरूर गए होते।

**गोरे व्यापारी आएंगे पर बाद में कभी नहीं दिखेंगे :** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि अभी चुनाव के दौरान भाजपा के नेता और उनके गोरे सहयोगी हेलीकॉप्टर से आपके पास आएंगे और कई लुभावने वादे करेंगे. परंतु चुनाव खत्म होने के बाद उनका दर्शन भी दुर्लभ हो जाएगा. उन्होंने लोगों से अपील किया कि तीर धनुष छाप पर वोट देकर जेएमएम प्रत्याशी वैद्यनाथ राम को विजई बनाए. इस जनसभा में जेएमएम प्रत्याशी बैद्यनाथ राम ने भी संबोधित करते हुए कहा कि पिछले 5 वर्षों में झारखंड के हर एक निवासी के लिए सरकार ने योजनाएं चलाई है. लातेहार जिले में विकास के कई महत्वपूर्ण कार्य हुए हैं. आने वाले 5 वर्षों में कई ऐतिहासिक कार्य होंगे. कार्यक्रम का संचालन शमशुल होदा ने किया. कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव अरुण कुमार दुबे विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार समेत समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

**हेमंत सोरेन के भाषण पर लोगों की मिलीजुली प्रतिक्रिया :** इस कार्यक्रम के समापन के बाद कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे लोगों से जब बातचीत की गई तो लोगों ने जनसभा को लेकर मिलीजुली प्रतिक्रिया दी. महेश उरांव, मोहम्मद जफर, अनीता देवी आदि का कहना था कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जो कह रहे हैं उसे पूरा करेंगे. वहीं धर्मेंद्र यादव, सुरेंद्र प्रसाद आदि ने कहा कि राजनीतिक पार्टी के लोग चुनाव में सिर्फ वादा करते हैं, उसे पूरा नहीं करते. चुनाव के बाद तो विधायक का दर्शन भी दुर्लभ हो जाता है।

## झारखंड में राहुल गांधी की हुंकार, कहा- आप वनवासी नहीं आदिवासी हैं, तोड़ देंगे 50 फीसदी रिजर्वेशन की दीवार

● झारखंड के लोहरदगा में राहुल गांधी ने जनसभा को संबोधित किया. यहां उन्होंने 50 फीसदी आरक्षण की सीमा को खत्म करने की बात कही।





**लोहरदगा ।** झारखंड के लोहरदगा में राहुल गांधी ने एक चुनावी सभा को संबोधित किया. यहां राहुल गांधी ने आदिवासियों को वनवासी कहे जाने पर आपत्ति जताई. उन्होंने कहा कि आप वनवासी नहीं बल्कि आदिवासी हैं. इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अगर वे सत्ता में आते हैं तो 50 प्रतिशत रिजर्वेशन की दीवार को गिरा देंगे. इसके साथ ही आदिवासियों को 26 प्रतिशत की जगह 28 प्रतिशत रिजर्वेशन देंगे। राहुल गांधी ने कहा कि देश में आज दो विचारधाराओं की लड़ाई चल रही है. उन्होंने कहा कि देश में आदिवासियों, दलित और पिछड़ा वर्ग की भागीदारी ना के बराबर है. उन्होंने कहा कि आज को जो भी अधिकारी चलाते हैं उनमें एक भी अधिकारी आदिवासी नहीं है. उन्होंने कहा कि आज कहीं भी आदिवासी, पिछड़ा और दलित वर्ग दिखाई नहीं देता है. ना कॉरपोरेट में, ना मीडिया में और ना ही अन्य बड़ी जगहों पर. राहुल ने कहा कि जब वे जातीय जनगणना की बात करते हैं तो उन्हें कहा जाता है कि वे बांटने वाली राजनीति कर रहे हैं, लेकिन इससे देश बंटेगा नहीं बल्कि मजबूत होगा।

**आदिवासियों को वनवासी बताने पर बीजेपी पर निशाना :** अपनी सभा सभा में राहुल गांधी ने कहा कि संविधान सिर्फ एक किताब नहीं है बल्कि इसमें बिरसा मुंडा, बाबा साहेब अंबेडकर और महात्मा गांधी जैसे लोगों की सोच है. ये संविधान देश के आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों और गरीबों की रक्षा करता है. राहुल गांधी ने कहा कि बीजेपी के लोग आदिवासियों को वनवासी कहते हैं. अंग्रेज भी आपको वनवासी कहते थे. तब बिरसा मुंडा ने आपके जल जंगल और जमीन की रक्षा के लिए अंग्रेजों से लड़ाई लड़ी. आज हम भी आपके लिए लड़ रहे हैं. राहुल गांधी ने कहा कि बीजेपी आपके जल जंगल और जमीन छीनना चाहती है, इसलिए वह आपको वनवासी करती है।

**राहुल गांधी ने बताया आदिवासी का मतलब :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने झारखंड के लोहरदगा में लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आदिवासी का मतलब है कि वे देश के पहले मालिक हैं. वहीं वनवासी का मतलब है कि देश पर आपका कोई अधिकार नहीं है. उन्होंने कहा कि आप आदिवासी हैं और देश पर आपका सबसे पहला अधिकार है. उन्होंने कहा कि संविधान में आपको वनवासी शब्द कहीं नहीं मिलेगा. जिन्होंने संविधान बनाया उन्होंने आदिवासी शब्द का इस्तेमाल किया, क्योंकि वे कहना चाहते थे कि देश के जल जंगल और जमीन के असली मालिक आदिवासी हैं. राहुल गांधी ने कहा कि एक तरफ वो लोग हैं जो आपको आदिवासी करते हैं और आपका सम्मान करते हैं. तो दूसरी तरफ वैसे लोग हैं जो आपको वनवासी करते हैं और जो भी कुछ आपका है उससे छीनना चाहते हैं। लोहरदगा में राहुल गांधी ने कहा कि मोदी सरकार ने 20 से 25 अरबपतियों के कर्ज माफ कर दिए लेकिन उन्होंने गरीबों, किसानों का कर्ज माफ नहीं किया. उन्होंने कहा कि आदिवासी, दलित, पिछड़े होने के कारण आपके कर्ज को बीजेपी ने माफ नहीं किया. उन्होंने कहा कि यूपीए सरकार ने 72 हजार करोड़ रुपए किसानों के कर्ज माफ किए थे ।

## संथाल में बांग्लादेशी घुसपैठ मामला: सुप्रीम कोर्ट का केंद्र सरकार को नोटिस

दबंग हिन्द, संवाददाता

**रांची।** झारखंड के संथाल इलाके में बांग्लादेशी घुसपैठ को रोकने और इसकी जांच के लिए एक जनहित याचिका दायर की गई है. इस पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है. तीन दिसंबर को सुप्रीम कोर्ट इस मामले में अगली सुनवाई करेगा. संथाल के 6 जिलों में बांग्लादेशी घुसपैठ से वहां के जिला कलेक्टर (डीसी) ने इनकार कर दिया है. याचिकाकर्ता ने डीसी द्वारा हाई कोर्ट में दाखिल शपथ पत्र पर आपत्ति दर्ज कराई थी.झारखंड सरकार ने हाई कोर्ट के उस निर्देश को चुनौती दी है, जिसमें घुसपैठ की जांच के लिए केंद्र सरकार और राज्य सरकार को फैक्ट फाइंडिंग कमेटी गठित करने और अधिकारियों के नाम तय कर बताने का निर्देश दिया गया है. इसी साल सितंबर में हाई कोर्ट



ने फैक्ट फाइंडिंग कमेटी का गठन करने का आदेश दिया था।

**राज्य सरकार ज्वाइंट कमेटी बनाने के लिए तैयार थी :** इस मामले पर याचिकाकर्ता ने बताया था कि राज्य सरकार ने पहले कमेटी बनाने पर सहमति बनाई थी. मगर, बाद में पीछे हट गई. तब राज्य सरकार घुसपैठियों की पहचान के लिए ज्वाइंट कमेटी बनाने के लिए तैयार थी. दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने कहा था कि 1 अक्टूबर से पहले केंद्र और राज्य के बीच एक बैठक हो, इसमें कमेटी बनाने पर चर्चा हो।

**हलफनामे में घुसपैठ को लेकर पूरी जानकारी दी गई :** कोर्ट ने अपने आदेश में इस बात का भी जिक्र किया था कि संथाल के जिलों के कलेक्टर ने घुसपैठ न होने की बात कही. राज्य की ओर से घुसपैठ की बात कही गई है. राज्य की ओर से कहा गया कि घुसपैठ हो रही है. मगर, डीसी-एसपी ने इससे इनकार किया. केंद्र सरकार की ओर से कहा गया था कि दिए गए हलफनामे में घुसपैठ को लेकर पूरी जानकारी दी गई है. राज्य में घुसपैठियों की पहचान के लिए सरकार ने फैक्ट फाइंडिंग कमेटी के गठन पर जोर दिया था।

## दुनिया की कोई भी ताकत 370 की वापसी नहीं करा सकती: पीएम मोदी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के धुले में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कश्मीर में फिर से साजिश हो रही है. नेशनल कॉन्फ्रेंस जम्मू कश्मीर में 370 वापसी चाहती है. पीएम मोदी ने कहा कि जम्मू कश्मीर विधानसभा में जो कुछ हुआ आपने देखा। पीएम मोदी ने कहा कि विधानसभा में 370 की वापसी का प्रस्ताव पास हुआ. विधानसबा के अंदर आर्टिकल 370 के समर्थन में बैनर लहराए गए. बीजेपी के विधायकों ने इसका विरोध किया है. बैनरों को विधानसभा के बाहर फेंक दिया गया. कांग्रेस जम्मू कश्मीर में बाबासाहेब का संविधान नहीं चाहती।

**कोई भी ताकत 370 की वापसी नहीं करा सकती :** प्रधानमंत्री ने कहा कि जम्मू कश्मीर में



सिर्फ बाबासाहेब का संविधान चलेगा. पीएम मोदी ने कहा कि आर्टिकल 370 हटाना 21वीं सदी का सबसे बड़ा फैसला था. दुनिया की कोई भी ताकत जम्मू कश्मीर में 370 की वापसी नहीं करा सकती।

**4 पुश्तें भी आ जाएंगी तो भी 370 वापस नहीं होगा- शाह :** वहीं, महाराष्ट्र के शिराला में केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने कहा कि जम्मू कश्मीर में 370 की बहाली को लेकर बड़ा बयान दिया. शाह ने कहा कि जम्मू कश्मीर में 370 वापस लाना चाहती है. मैं कहता हूं कि 4 पुश्तें भी आ जाएंगी तो भी 370 वापस नहीं होगा।

### जम्मू-कश्मीर विधानसभा सत्र के तीसरे दिन भी हंगामा



**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर विधानसभा सत्र का आज पांचवा दिन है. आज शनिवार को भी हंगामे की स्थिति बनी है. बता दें, शुक्रवार 7 नवंबर को सदन में आर्टिकल 370 की बहाली को लेकर अवामी इत्तेहाद पार्टी के विधायक खुर्शीद शेख ने पोस्टर निकाला था. जिसको लेकर भारतीय जनता पार्टी ने विरोध जताया. सत्ता और विपक्ष के विधायकों के बीच हाथापाई की नौबत आ गई थी. हालात इस कदर खराब हो गए थे कि मार्शल ने विधायकों को सदन से बाहर निकाल दिया था. हंगामे के बीच जम्मू कश्मीर विधानसभा में जय श्री राम और अल्लाह हू अकबर के नारे भी लगे थे।

## भावुक विदाई : सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ का आखिरी कार्यदिवस

● CJI डीवाई चंद्रचूड़ का कार्यकाल भारतीय न्यायपालिका के लिए एक स्वर्णिम अध्याय बनकर रहेगा। उनके द्वारा दिए गए ऐतिहासिक फैसले न केवल न्याय के सिद्धांतों को मजबूत करने वाले रहे, बल्कि उन्होंने भारतीय समाज के विविध पहलुओं को प्रभावित किया।

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** आज CJI डीवाई चंद्रचूड़ का सुप्रीम कोर्ट में अपना लास्ट वर्किंग डे था। हालांकि, उनका कार्यकाल 10 नवंबर 2024 को समाप्त होगा, लेकिन सुप्रीम कोर्ट की छुट्टियों के कारण उनका अंतिम कार्य दिवस आज ही तय किया गया था। 9 और 10 नवंबर को कोर्ट बंद रहने के कारण आज उनका अंतिम कार्यदिवस रहा, जिसके बाद जस्टिस संजीव खन्ना देश के अगले उखकके रूप में कार्यभार संभालेंगे।

**अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी (AMU) के अल्पसंख्यक दर्जे पर ऐतिहासिक फैसला :** CJI डीवाई चंद्रचूड़ ने अपने कार्यकाल के

### हुआ ऐतिहासिक फैसलों का अंत



आखिरी दिन एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक फैसला सुनाया। उनकी अध्यक्षता में सुप्रीम कोर्ट की 7 जजों की बेंच ने अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी (AMU) के अल्पसंख्यक दर्जे को बरकरार रखा। यह फैसला 4-3 के बहुमत से लिया गया, और यह कई वर्षों से लंबित इस मामले का निपटारा किया गया। इस फैसले ने न केवल अटव, बल्कि देश की शिक्षा व्यवस्था के लिए एक महत्वपूर्ण रास्ता खोला।

**भावुक विदाई और सोशल मीडिया पर वायरल तस्वीर :** CJI चंद्रचूड़ का आज का दिन उनके लिए काफी भावुक और यादगार रहा। सुप्रीम कोर्ट में उन्हें औपचारिक विदाई दी गई, और इस अवसर पर कई वकीलों, विशेष रूप से अभिषेक मनु सिंघवी और कपिल सिब्बल, ने ऑनलाइन स्ट्रीमिंग के माध्यम से उखक को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके योगदान को याद किया। एक तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है, जिसमें उखक चंद्रचूड़ हाथ जोड़ते हुए और गर्दन झुकाए हुए नजर आ रहे हैं। यह तस्वीर उनके संकोच, सम्मान और न्यायपालिका में उनके योगदान के प्रति भावुक श्रद्धा को प्रदर्शित करती है। इस दौरान, उखक ने कोर्ट में अपने आखिरी भाषण में कहा, अगर कभी किसी को ठेस पहुंचाई हो तो माफी मांगता हूं। उनका यह बयान उनके आत्मीय स्वभाव और न्याय के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। उनके इस भावुक पल में कई वकीलों ने उनके साथ हल्के-फुल्के लम्हे भी बिताए, और जस्टिस चंद्रचूड़ ने इस अवसर को गर्मजोशी से स्वीकार किया।

## पीएम मोदी ओटीसी ग्राउंड से रातू रोड चौक तक करेंगे रोड शो

### एसपीजी की टीम पहुंची रांची



दबंग हिन्द, संवाददाता

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 10 नवंबर को झारखंड दौरे पर आ रहे हैं. यहां राजधानी रांची में वो रोड शो करेंगे. पीएम मोदी का रोड शो कार्यक्रम ओटीसी ग्राउंड से रातू रोड चौक तक होगा. इसको लेकर एसपीजी की टीम शुक्रवार की सुबह रांची पहुंच गयी है. वहीं रांची पुलिस भी पीएम के आगमन और रोड शो को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम कर रही है. ढाई किलोमीटर तक होने वाले इस रोड शो के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की चूक ना हो, इसको लेकर झारखंड पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किये जा रहे हैं. रांची डीआईजी, एसएसपी, सिटी डीएसपी, कोतवाली डीएसपी समेत कई पुलिस अधिकारी लगातार सुरक्षा व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं।

**रोड शो को लेकर पुलिस प्रशासन की तैयारी शुरू :** पीएम मोदी के रोड शो के मार्ग में कितने ऊंचे भवन हैं, कहां कितने फोर्स की तैनाती की जानी है, कहां बैरिकेडिंग लगेगी और रोड शो के दौरान किस मार्ग को ब्लॉक किया जाना है, इस दिशा में पुलिस मुख्यालय और रांची पुलिस के अधिकारियों ने तैयारी शुरू कर दी है. इसके अलावा संबंधित कार्यक्रम को लेकर रेंज डीआईजी के स्तर पर सुरक्षा व्यवस्था की तैयारी को लेकर कितने अफसरों व जवानों की जरुरत है, इसका भी आकलन किया जा रहा है. इसी के आधार पर पुलिस मुख्यालय से अतिरिक्त पुलिस बलों की मांग की जायेगी।

## अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी का अल्पसंख्यक दर्जा नए सिरे से होगा तय

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के अल्पसंख्यक दर्ज पर आज शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया है. कोर्ट ने फैसले में कहा कि एएमयू के अल्पसंख्यक दर्ज को नए सिरे से तय किया जाएगा. इसके लिए तीन जजों की पीठ बनाई गई है. बता दें, देश की सर्वोच्च अदालत ने 4-3 के बहुमत से यह फैसला दिया. सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए कहा कि इस बात का फैसला कि अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी अल्पसंख्यक रहेगा कि नहीं यह नई बेंच की जिम्मेदारी होगी. उखकचंद्रचूड़ समेत 4 जजों की पीठ एकमत थी. वहीं, 3 जज की राय जुदा थी. चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ और जस्टिस पारदीवाला एकमत थे. वहीं, जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा के फैसले अलग-अलग थे. इसके साथ-साथ सुप्रीम कोर्ट ने 4-3 के बहुमत से अपने फैसल में 1967 के उस फैसले को निरस्त कर दिया, जिसमें अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय को अल्पसंख्यक दर्जा देने से इंकार करने की बात कही थी.

### तीन जजों की बेंच लेगी फैसला







चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ 10 नवंबर को अपने पद से रिटायर हो रहे हैं. सेवानिवृत्त होने से पहले डीवाई चंद्रचूड़ का आज कार्यकाल का आखिरी दिन है. इस केस में सात जजों की एक पीठ ने आठ दिनों तक सुनवाई करने के बाद एक फरवरी को फैसला सुरक्षित रखा था, जिस पर अब फैसला आया है। सुप्रीम कोर्ट फैसला सुनाएगा कि क्या अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) को संविधान के अनुच्छेद 30 के तहत अल्पसंख्यक का दर्जा प्राप्त है, जो धार्मिक और भाषाई अल्पसंख्यकों को शैक्षणिक संस्थान स्थापित करने और उसे संचालित करने का अधिकार देता है. इस सात सदस्यीय पीठ में न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता, न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा भी शामिल हैं.बता दें, 1 फरवरी को एएमयू के अल्पसंख्यक दर्जे के मुद्दे पर शीर्ष अदालत ने कहा कि एएमयू अधिनियम में 1981 का संशोधन, जिसने प्रभावी रूप से इसे अल्पसंख्यक दर्जा प्रदान किया, केवल 'आधे-अधूरे मन से' किया गया और संस्थान को 1951 से पहले की स्थिति बहाल नहीं की. जबकि एएमयू अधिनियम, 1920 अलीगढ़ में एक शिक्षण और आवासीय मुस्लिम विश्वविद्यालय को शामिल करने की बात करता है, 1951 का संशोधन विश्वविद्यालय में मुस्लिम छात्रों के लिए अनिवार्य धार्मिक शिक्षा को समाप्त कर देता है।

## पीएम के रांची दौरे को लेकर नगर आयुक्त ने की समीक्षा बैठक



**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**रांची ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 10 नवंबर को झारखंड दौरे पर आ रहे हैं. यहां राजधानी रांची के ओटीसी ग्राउंड से रातू रोड चौक तक वो रोड शो करेंगे. इसको लेकर शुक्रवार को नगर आयुक्त संदीप सिंह ने समीक्षा बैठक की. इस दौरान उन्होंने निगम के पदाधिकारियों को शहर की साफ-सफाई और सुरक्षा की दृष्टिकोण से कई निर्देश दिये. नगर आयुक्त ने स्वच्छता शाखा की टीम को 24 घंटों के अंदर रोड शो के लिए तय रूट ओटीसी ग्राउंड, पिस्का मोड़ से न्यू मार्केट चौक तक अच्छी तरह से साफ-सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया. साथ ही उक्त रूट में ड्रेन क्लीनिंग और सड़क के दोनों ओर ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव करने के साथ-साथ पानी का छिड़काव करवाने को भी कहा है।

**पदाधिकारियों को खुले नालियों को ढकने, असुरक्षित होर्डिंग्स हटवाने सहित कई निर्देश दिये :** नगर आयुक्त संदीप सिंह ने अभियंत्रण शाखा को खुले नालियों का आकलन करते हुए उन्हें ढकने का निर्देश दिया है. साथ ही नगर निवेशक शाखा के पदाधिकारियों को रूट के जर्जर भवनों को चिन्हित करते हुए उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया है. उन्होंने बाजार शाखा के पदाधिकारियों को सभी असुरक्षित होर्डिंग्स को चिन्हित कर हटवाने को कहा है. साथ ही इन्फोर्समेंट शाखा को नो वेंडिंग जोन में खड़े ठेला-खोमचा, दुकानों को हटवाने और सड़क किनारे अतिक्रमण करने वालों पर कार्रवाई करने के साथ पथों पर निर्माण सामग्रियों को हटवाने का निर्देश दिया. समीक्षा बैठक के दौरान विद्युत शाखा के पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि सभी लाइट ठीक तरह से कार्य कर रहे हैं, यह सुनिश्चित करें. नगर आयुक्त ने सड़कों से लगे वृक्षों की सही प्रकार से ट्रिमिंग करने का भी निर्देश दिया।

# उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ छठ महापर्व संपन्न

## व्रतियों ने धन, धान्य व आरोग्य की कामना की

**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**रांची।** लोक आस्था का महापर्व छठ उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ संपन्न हुआ. कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को व्रतियों ने सुबह 06 बजकर 32 मिनट पर उदीयमान सूर्यदेव को अर्घ्य दिया और धन, धान्य और आरोग्य की कामना की. अर्घ्य देने के बाद व्रतियों ने पारण कर निर्जला उपवास को पूरा किया।

**उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के पीछे मान्यता :** पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, सूर्य षष्ठी का व्रत आरोग्य की प्राप्ति, सौभाग्य और संतान के लिए रखा जाता है. स्कंद पुराण के अनुसार, राजा प्रियव्रत ने भी छठ व्रत रखा था. उन्हें कुष्ट रोग हो गया था. इस रोग से मुक्ति के लिए भगवान भास्कर ने भी छठ व्रत किया था. स्कंद पुराण में प्रतिहार षष्ठी के तौर पर इस व्रत



की चर्चा है. वर्षकृत्यम में भी छठ की महत्ता की चर्चा है।

**व्रतियों के पारण के साथ संपन्न होता है चार दिवसीय छठ महापर्व :** बता दें कि आस्था का महापर्व साल में दो बार चैत्र और कार्तिक माह में मनाया जाता है. छठ महापर्व की शुरूआत कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को नहाय-खाय के साथ हुई थी. इस दिन व्रतियों ने अरवा चावल, चना का दाल और कद्दु का सब्जी खाया था. वहीं कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि यानी 6 नवंबर को खरना था. इस दिन रात में व्रतियों ने खीर का प्रसाद ग्रहण किया था. इसके बाद ही व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू हुआ था. वहीं पंचमी तिथि को व्रतियों ने अस्तचलागामी सूर्य को अर्घ्य दिया था. जबकि आज यानी छठ के चौथे दिन अरुणोदय काल में भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया गया. आज व्रतियों के पारण के साथ चार दिनों तक चलने वाला छठ महापर्व संपन्न हुआ।

## विस चुनाव से पहले भैरव सिंह समेत सात को किया गया जिलाबदर

**इन सात लोगों को किया गया जिलाबदर**

❐ भैरव सिंह ❐ सरताज अंसारी ❐ बेबासिंह मुंडा ❐ आनंद वर्मा ❐ सनी सिंह ❐ प्रकाश यादव ❐ चंदन सिंह

**इनको हर दिन थाना में लगाना होगा हाजिरी**

❐ आकाश सिंह उर्फ एलेक्स ❐ मोबिन अंसारी ❐ सकलदेव बड़ाइक ❐ रोहित चौरसिया ❐ कारो पाहन



**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव से पहले रांची जिला प्रशासन ने भैरव सिंह समेत सात लोगों को जिला बदर किया है. वहीं पांच लोगों को हर दिन थाना में हाजिरी लगाने का निर्देश दिया है. सभी लोगों को 20 दिनों के लिए जिलाबदर किया गया है. इससे संबंधित आदेश रांची डीसी की ओर से जारी की गयी है. आदेश में बताया गया है कि एसएसपी रांची की रिपोर्ट के अनुसार, डीएसपी कोतवाली रांची ने प्रतिवेदन दिया है कि भैरव सिंह पेशेवर आसामाजिक तत्व है. उसका मुख्य पेशा लोगों को गुमराह कर क्षेत्र में अशांति फैलाना और सामाजिक सौहार्द बिगाड़ना है, जो समाज के लिए खतरनाक है।

## उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ लोक आस्था के महापर्व छठ का हुआ समापन

**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**ओरमांझी ।** ओरमांझी प्रखंड के विभिन्न क्षेत्र में लोकआस्था-सूर्योपासना का चार दिवसीय महापर्व डाला छठ राजधानी राँची सहित संपूर्ण क्षेत्र में शांतिपूर्ण तरीके से शुक्रवार को संपन्न हो गया। गुरुवार शाम तथा शुक्रवार सुबह व्रतियों तथा श्रद्धालुओं ने अपने-अपने क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों पर भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया। छठ महापर्व को लेकर संपूर्ण काँके व ओरमांझी प्रखंड भक्ति के माहौल में डूबा रहा। शहर में भी चारों ओर छठ मैया के गीतों की धुन सुनाई देती रही। स्थानीय जुमार नदी,रूक्का डैम, पार टांड़ घाट, शंकर घाट, डोम्बा नदी, गेतलसुद डैम और क्षेत्र के विभिन्न तालाबों पर भी मनोरम दृश्य देखने को मिला। जहां लोगों ने खुले जल में भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया। कई लोगों ने घर के छत पर पूजा किया और भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया। श्रद्धालु प्रातःकाल से ही छठ घाट की ओर डाला के साथ रवाना हो गए। सूर्य की लालिमा देखते ही व्रती एवं श्रद्धालुओं के चेहरे पर प्रसन्नता झलकने लगी। इससे पूर्व व्रती तथा श्रद्धालु ने घंटों भगवान सूर्य के उगने का इंतजार जल में खड़े होकर किया। व्रती के जल से निकलने के बाद लोगों ने उनके पांव छुए और आशिष प्राप्त किया। इस दौरान व्रतियों ने पुरूषों को टीका लगाया तथा महिलाओं की मांग में सिंदूर दिया तथा उनके सुहाग की दीघार्यु होने की प्रार्थना की। अर्घ्य देने के बाद लोगों में प्रसाद प्राप्त करने की होड़ लग गई। लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया और व्रती से आशीष लिया।सभी जगह छ्ठ पूजा सेवा समिति के लोग छ्ठ व्रतियों की सेवा में लगे थे और छठ पूजा को लेकर सभी क्षेत्रों में प्रशासन द्वारा पुख्ता व्यवस्था की गई थी।





## बजाज फिन्सर्व एएमसी ने 'बजाज फिन्सर्व कंजम्पशन फंड' लॉन्च किया

- उपभोक्ता व्यवहार और खर्च को आकार देने वाले मेगाट्रेंड को ध्यान में रखते हुए खपत थीम पर केंद्रित एक ओपन एंडेड इक्विटी योजना ।
- इस योजना को निफ्टी इंडिया कंजम्पशन टोटल रिटर्न इंडेक्स (टीआरआई) के सामने बेंचमार्क किया गया है।

**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**मुंबई/रांची ।** बजाज फिन्सर्व एएमसी ने उपभोग थीम के अंतर्गत एक ओपन एंडेड इक्विटी स्कीम, बजाज फिन्सर्व कंजम्प्शन फंड शुरू करने की घोषणा की है। यह फंड सब्सक्रिप्शन के लिए 8 नवंबर को खुलेगा और इसकी न्यू फंड ऑफर अवधि 22 नवंबर 2024 को समाप्त होगी। बजाज फिन्सर्व कंजम्प्शन फंड एक टू - टू - लेबल फंड है जो रणनीतिक रूप से उन क्षेत्रों में निवेश करेगा जो उभरते हुए खपत मेगाट्रेंड के साथ बढ़ रहे हैं। ये मेगाट्रेंड्स भारत भर में खपत की आदतों को आकार देने वाले प्रभावशाली मेगाट्रेंड हैं। इन परिवर्तनों की लहर पर सवारी करते इस फंड का उद्देश्य एफएमसीजी, ऑटोमोबाइल, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, कंज्यूमर गुड्स, हेल्थकेयर, रियल्टी, टेलीकॉम, पावर और सर्विसेज जैसे क्षेत्रों में अवसर खोजना है, ये सभी क्षेत्र भारत की खपत वृद्धि की तेजी में योगदान दे रहे हैं। यह फंड संभावित विकास के अवसरों की पहचान करते हुए उभरते उपभोक्ता उछाल से लाभ उठाने के लिए तैयार कंपनियों पर ध्यान केंद्रित करेगा। यह फंड एक मार्केट - कैप - ऐग्नोस्टिक दृष्टिकोण का पालन करेगा, जो विभिन्न बाजार पूंजीकरणों में निवेश करने के लिए लचीलापन प्रदान करेगा। सीईओ, श्री गणेश मोहन कहते हैं, आय के स्तर और शहरीकरण में वृद्धि तथा लोगों के बुनियादी से विवेकाधीन खर्च की तरफ रुझानों के कारण भारत का उपभोग परिदृश्य नाटकीय रूप से बदल रहा है।

## सांसद सुखदेव ने भगत शिल्पी नेहा तिर्की के लिए गांव का भ्रमण किया




**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**चान्हों ।** चान्हो अंतर्गत कई गांव में सांसद सुखदेव भगत ने शिल्पी नेहा तिर्की के लिए गांव का भ्रमण किया। जिसमें चान्हो लॉन्ड्री बीजूपाडा चटवाल कई जगह गए कांग्रेस के लिए वोट करें राहुल गांधी के लिए वोट करें हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री बनने के लिए भोट करें विधानसभा मे शिल्पी नेहा तिर्की लड़ेगी संसद में सुखदेव भगत लड़ेंगे सभी के विकास होगी कांग्रेस की गठबंधन कि सरकार मोहब्बत की दुकान खोलते हैं और सभी को एक होकर रहने की सलाह देती है प्रमुख जुल्फान अंसारी मोहम्मद ग्यास मियां मोहम्मद मुजीबुल्लाह मियां अजीत सिंह कांग्रेस अध्यक्ष इश्तियाक अंसारी इरशाद खान अब्दुल्लाह अंसारी मुमताज अंसारी हाफिज कलाम अंसारी हाजी कुदूस अंसारी एहसान मियां हफीजुल अंसारी महादेव उराव शिव मुखिया लतीफ अंसारी अफरोज अंसारी जावेद अख्तर सभी जाने-माने व्यक्ति उपस्थित थे।

## नए युग की शुरूआत करने को तैयार ऑल-न्यू काइलैक

**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**रांची/जमशेदपुर ।** कार प्रेमियों को नए साल की नई सौगात देते हुए, स्कोडा ऑटो इंडिया ने अपनी नई एसयूवी काइलैक को लॉन्च किया है। यह भारत में पहली बार पेश की गई है और स्कोडा के लिए एक नए युग की शुरूआत करेगी। कंपनी ने इस साल फरवरी में इसकी घोषणा की थी, और अब इसकी बुकिंग 2 दिसंबर से शुरू हो जाएगी। स्कोडा ऑटो के सीईओ क्लॉस जेल्मर ने बताया कि काइलैक हमारी पहली सब-4 मीटर एसयूवी है, जिसे भारत में और भारत के लिए डिजाइन किया गया है। यह हमारे ब्रांड के लिए एक नया प्रवेश बिंदु है और भारत हमारी अंतर्राष्ट्रीय योजनाओं के लिए महत्वपूर्ण है। काइलैक की विशेषताओं में मॉडर्न सॉलिड डिजाइन लैंग्वेज और विजुअल एक्सेंट शामिल हैं, जो इसे एक आकर्षक और आधुनिक लुक देते हैं।इस एसयूवी में 25 से अधिक एक्टिव और पैसिव सेफ्टी टेक्नोलॉजी मौजूद हैं, जो यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करती हैं। इसकी शुरूआती कीमत 7,89,000 रुपए है, जिससे यह एक



किफायती विकल्प बन जाती है। 446 लीटर का बूट स्पेस, जो अपने सेगमेंट में सबसे अच्छा है, काइलैक की प्रैक्टिकलिटी को और बढ़ाता है। इसके अलावा, इसमें वेंटिलेशन के साथ सिक्स-वे इलेक्ट्रिक सीटें और ऑटो क्लाइमेट्रॉनिक जैसी कम्फर्ट फीचर्स भी हैं, जो इसे बेहद आरामदायक बनाते हैं। ब्रैंड डायरेक्टर पेट्र जैनेबा ने बताया कि काइलैक को वास्तव में जमीनी स्तर पर पेश किया गया है और अगले कुछ वर्षों में यह भारत में हमारे विकास को गति देगी। इसमें सेगमेंट-लीडिंग फीचर्स हैं और यह कुशाक और स्लाविया के बाद हमारे प्रोडक्ट लाइनअप को मजबूत बनाना जारी रखेगी। काइलैक मैनुअल ट्रांसमिशन के साथ 10.5 सेकंड में 100 किमी/घंटा की रफ्तार पकड़ सकती है। इसका 1.0 टीएसआई इंजन 85 किलोवाट की पावर और 178 एनएम का टॉर्क पैदा करता है।

## आजसू का संकल्प पत्र जारी, सरना धर्म कोड के साथ दी गई है 30 गारंटी

**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**रांची।** आजसू पार्टी सरना धर्मकोड के साथ अंतिम सर्वे खतियान आधारित स्थानीय नीति बनाने के संकल्प के साथ विधानसभा चुनाव मैदान में उतरी है. शुक्रवार 8 नवंबर को आजसू कार्यालय में पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो और सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने विधानसभा चुनाव को लेकर संकल्प पत्र जारी किया. करीब 20 पेज के



आजसू के इस संकल्प पत्र के आवरण पृष्ठ पर सुदेश महतो की तस्वीर के साथ अबकी बार रोजगार देनेवाली सरकार का नारा लिखा है. आजसू ने संकल्प पत्र के जरिए राज्य की जनता को 30 गारंटी दी है. जिसमें महिलाओं को 2500 रुपये प्रतिमाह नारी सम्मान योजना के तहत देने का वादा किया गया है।

**रोजगार से लेकर स्वराज से सुशासन तक का संकल्प :** आजसू ने संकल्प पत्र के जरिए राज्य की जनता से नौ प्रमुख बिन्दुओं पर वादा किया है. युवा सरकार, सबको रोजगार से लेकर स्वराज से सुशासन तक का संकल्प लेते हुए आजसू ने महिला अधिकार, खुशहाल परिवार, किसानों की आय में सुधार, खुशियां अपार, सामाजिक न्याय, आर्थिक समानता, शिक्षा एवं स्वास्थ्य, पर्यटन एवं खेलकूद विकास, झारखंडी भाषा, संस्कृति एवं विरासत की रक्षा, जल,जंगल,जमीन की रक्षा का वादा किया है।

### आजसू के संकल्प पत्र में मुख्य बातें

● हर परिवार को हर साल न्यूनतम 1 लाख 21 हजार की आमदनी सुनिश्चित होगी. ● बीपीएल परिवार को 200 यूनिट मुफ्त बिजली. ● 6 हजार से लेकर 25 हजार तक की इंटर्नशिप राशि. ● निर्मल महतो युवा निर्माण योजना के तहत बेरोजगार स्नातक और स्नातकोत्तर छात्रों को 30 हजार रुपये सालाना. ● नारी सम्मान योजना के तहत महिलाओं को 2500 रुपये. ● हर खेत तक किसानों को मुफ्त पानी और बिजली उपलब्ध कराई जाएगी. ● वृद्ध, विधवा और दिव्यांग को 2500 रुपये पेंशन. ● झारखंड आंदोलन के वीर शहीदों के परिवार को 10 हजार रुपये प्रति माह. ● भूमिहीन खेतिहर परिवार को 25 हजार रुपये. ● कमजोर किसान परिवार को 12 हजार रुपये प्रति वर्ष. ● आजसू की महत्वपूर्ण गारंटी ● सरना धर्म कोड को मान्यता. ● पेसा कानून को सख्ती से लागू किया जाएगा. ● अंतिम सर्वे खतियान ● आधारित स्थानीय नीति बनाई जाएगी. ● आबादी के अनुसार पिछड़ों को आरक्षण. ● सभी भूमिहीनों को जमीन. ● हर विधानसभा क्षेत्र में उद्योग की स्थापना. ● हर रैयत को लैंड पासबुक।

## इस बार पोस्टल बैलेट से मतदान में बढ़ोत्तरी संभावित: डॉ. नेहा अरोड़ा

### आज चलेगा 'वोट देने चलो' अभियान




**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**रांची ।** अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा ने कहा है कि इस बार विधानसभा चुनाव के लिए पोस्टल बैलेट से मतदान हेतु कुल 2,60,814 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। पोस्टल बैलेट से मतदान की प्रक्रिया जारी है। पोस्टल बैलेट के ये आवेदन पूर्व के किसी भी आम चुनाव से अधिक हैं। इससे संभावना है कि पहले के चुनाव की अपेक्षा इस बार पोस्टल बैलेट से मतदान में बढ़ोत्तरी होगी। उन्होंने कहा कि मतदान के दिन सुबह 5.30 बजे से मॉक पोल की प्रक्रिया शुरू होगी। सभी पोलिंग एजेंट से अपेक्षा की जाती है कि वे मॉक पोल के समय निश्चित रूप से अपने-अपने मतदान केंद्रों पर उपस्थित रहें। वह शुक्रवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में पत्रकार वार्ता कर रही थीं। इस अवसर पर उनके द्वारा स्वीप से संबंधित प्रचार सामग्रियों को भी जारी किया गया। उन्होंने कहा कि VoteDeneChalo , सोशल मीडिया अभियान निर्वाचन आयोग की ओर से एक साथ पूरे राज्य में शनिवार को चलाया जाएगा। समय रहेगा शाम 5 से 7 बजे का। इसमें बीएलओ और बैग (बूथ स्तरीय जागरूकता समूह) सुबह से मतदान केंद्रों पर मतदाता जागरूकता के कार्यक्रम करेंगे। कार्यक्रम के फोटो, वीडियो, आडियो आदि को वे अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर #श्ङ्घ्ईअेल्लीउँ'ङ्क के साथ पोस्ट एवं शेयर करेंगे। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि इस अभियान में आमजन के साथ मीडिया के लोग भी अपने सोशल मीडिया एकाउंट से निर्वाचन संबंधी जागरूकता के कंटेंट इस हैशटैग के साथ पोस्ट एवं शेयर जरूर करें।

## 11 हजार करंट के चपेट में आने से शिवानी जांच घर के संचालक घायल



**दबंग हिन्द,बेड़ो।** प्रखंड अन्तर्गत आज 8 नवंबर दिन शुक्रवार को 11 हजार वोल्ट की बिजली के करंट की जद में आने से जामटोली रोड में शिवानी जांच घर के संचालक कृष्णा तिवारी गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें ग्रामीणों ने बिजली के करंट से छुड़ा कर गंभीरावस्था में बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉ काजोल ने बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। कृष्णा तिवारी रांची के बूटी निवासी बताए जाते हैं। वहीं घायल ने कहा कि यह घटना कैसे घटी उन्हें कुछ याद नहीं। तिवारी का दाहिने हाथ की अंगुली सिकुड़ गई वहीं पेट में बिजली के तार से गहरे जख्म हो गए हैं।

## एक नजर

### जिला ग्रामीण अल्पसंख्यक कांग्रेस अध्यक्ष शमीम अख्तर के द्वारा मांडर प्रखंड का दौरा



**दबंग हिन्द,मांडर।** जिला ग्रामीण अल्पसंख्यक कांग्रेस अध्यक्ष शमीम अख्तर द्वारा अपने टीम के साथ कांग्रेस प्रत्याशी शिल्पी नेहा तिर्की के पक्ष में मांडर प्रखंड के कई गांवों का दौरा किया जा रहा है, इसी क्रम में कंजिया गांव में बैठक किया गया, और लोगों से कांग्रेस पार्टी को वोट करने का अपील किया गया।ताकि जीत सुनिश्चित किया जा सके। भ्रमण के दौरान लोगों को विधायक द्वारा क्षेत्र के जनता के लिए कि किए गए कार्यों को बताया गया, और झारखंड सरकार द्वारा राज्य के हित में कल्याणकारी योजनाओं को विस्तार से जानकारी दिया गया। और वर्तमान में केन्द्र सरकार का मुसलमानो के प्रति जो रवैया है उसको बतलाया गया। टीम में मुख्य रूप से तबारक खान, आबिद अंसारी, शमसुल शेख, अबुजर अंसारी,मो0 खालिद और पुरे कंजिया गांव के लोग उपस्थित रहे।

### कांग्रेस नेता महेश कुमार मनीष ने आस्था का पर्व छठ, अरग देकर सूर्य देव को प्रणाम किया



**दबंग हिन्द,कांके।** कांग्रेस नेता महेश कुमार मनीष ने आस्था का पर्व छठ, अरग देकर सूर्य देव को प्रणाम किया । के साथ वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मदन कुमार महतो, सूरज महतो, गौरी शंकर मुंडा, भी मौजूद थे।

### अब्दुल रबनावाज ने डोरंडा क्षेत्र के कई मस्जिदों में चलाया जनसंपर्क अभियान



**दबंग हिन्द,रांची।** एनएसयूआई के जिला महासचिव अब्दुल रबनावाज ने शुक्रवार को अजय नाथ शहदेव के पक्ष मे डोरंडा क्षेत्र के कई मस्जिदों के बाहर जन संपर्क अभियान चलाया। मौके पर अब्दुल ने लोगो को कांग्रेस का पट्टा पहना कर सभी का अभिवादन किया और कहा कि पिछले 5 सालों की अगर बात करें तो हमारे झारखंड मे हेमंत सोरेन के कार्यकाल मेजिस तरह झारखंड मे आपसी भाईचारगी और अमन शांति कायम रहा है इसी तरफ हमें इसे आगे भी बनाए रखना है।हम हिन्दू मुस्लिम सब एक दूसरे के भाई है।आज कुछ पॉलिटिकल पार्टी आप को एक दूसरे से लड़ा रही है आपसी मुहब्बत को खत्म करवा रही है और तोड़ने की राजनीति कर रही है। मगर हमारी कांग्रेस पार्टी तोड़ने की राजनीति नहीं बल्कि लोगों को और समाज को आपस में जोड़ने की बात करती है जहां तक बात करे हटिया की तो हटिया मे पिछले 15 सालों में जो विकास होना चाहिए था वो अब तक नहीं हुआ है। इसलिए इस बार हमे हटिया के संपूर्ण विकास के लिए परिवर्तन करना होगा और हटिया से अजय नाथ शहदेव को भारी मतों से विजय बनाना है।

### मांडर विधानसभा के सरगांव ,बनजीला, कैबो ,बांस जड़ी, के अलावा और भी गांव में जनसंपर्क अभियान चलाया गया



**दबंग हिन्द,चान्हों।** जुम्मा उद्दीन अंसारी,आलम अंसारी, अमानत अंसारी ,रशीद अंसारी के द्वारा मांडर विधानसभा के सरगांव ,बनजीला, कैबो ,बांस जड़ी, के अलावा और भी गांव में जनसंपर्क अभियान चलाया गया । बस एक ही मकसद है कांग्रेस प्रत्याशी शिल्पी नेहा तिर्की की जीत सुनिश्चित हो ।

### शिल्पी नेहा तिर्की को भारी मातों से विजय बनाने के लिए ग्रामीणवासी उपस्थित हुए



**दबंग हिन्द,चान्हों।** कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी शिल्पी नेहा तिर्की को भारी मातों से विजय बनाने के लिए उप प्रमुख और सभी सरपंच सफीक, युनुस ,माशूक, महमूद के अलावा सभी ग्रामीणवासी उपस्थित हुए ।

### अजय नाथ शाहदेव के जीत को सुनिश्चित करने हेतु इलाही नगर में एक पद यात्रा निकाला गया



**दबंग हिन्द,रांची।** हटिया विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी अजय नाथ शाहदेव के जीत को सुनिश्चित करने हेतु इलाही नगर मदीना मसज़िद चौक में एक पद यात्रा निकाला गया।अपील की गई कि पंजा छाप कर्म संख्या 1 में बटन दबाकर अजय नाथ शाहदेव जी को विजय बनाएं ।

### खलारी के जेलीटांड़ में अल्पसंख्यकों की हुई बैठक



**दबंग हिन्द,खलारी।** खलारी के जेलीटांड़ में अल्पसंख्यकों की बैठक की गई जिसकी अध्यक्षता अल्पसंख्यक अध्यक्ष सलामत अंसारी ने की । संचालन सुल्तान अंसारी ने किया।इस बैठक को संबोधित करते हुये कलाम रिजवी ने कहा कि खलारी प्रखंड को हमेशा से विधायको के द्वारा अनदेखा किया गया है। पिछले पच्चीस सालों से यहां भाजपा के संसद और विधायक रहे हैं । पर यहां के अल्पसंख्यकों को हमेशा नजर अंदाज किया जाता रहा हैं। इस लिए इस बार हमलोग लोगों को जागरूक करने का काम कर रहे हैं और लोगों से गुजारिश कर रहे है कि इस बार सुरेश बैठा जी को जीत दिलाएं।ऐसे भी जिस बूथ से प्रत्याशी लीड करते है। उस एरिया के लोगों से प्रत्याशी मिलने तक नहीं आते है। इस लिए हम लोग उम्मीद करते हैं कि ये शिकायत का मौका सुरेश बैठा जी नहीं देंगे।इस लिए कोशिश रहेगा कि सुरेश बैठा को जीत दिलाएं।इस अवसर पर मुख्य रूप से सलामत अंसारी, सुल्तान अंसारी, कलीम रिजवी, शमीम अंसारी, गुलजार अंसारी, मोहम्मद जमील आदि लोग मौजूद रहे।

### दुखद समाचार: बरहे गांव का रहने वाला तपेश्वर गोप हम लोग का बीच में नही रहे



**दबंग हिन्द,चान्हों।** दुखद समाचार चान्हो अंतर्गत बरहे गांव का रहने वाला तपेश्वर गोप आज हम लोग का बीच में नही रहे यह दुखद समाचार है पूरे परिवार में मातम छाया हुआ है पार्टी का भी लोग पूरे सोक में है कांग्रेस का एक पार्टी का एक मेंबर थे सुख दूख में हमेशा विधायक का साथ रहते थे और पार्टी के लिए हर वक्त खरा उतरते थे पूरे परिवार में रो रो के बुरा हाल है अभी रिंग्स ट्रॉमा सेंटर में है बॉडी लाया नहीं गया है।

# बोकारो कोर्ट परिसर में डाक सुविधा केंद्र का उदघाटन



दबंग हिन्द, संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो जिला अधिवक्ता संघ परिसर में अधिवक्ता एवं मुवक्किलों के सुविधा के लिए डाक सुविधा। केंद्र का उदघाटन झारखंड स्टेट बार कौंसिल के सदस्य अब्दुल कलाम रशीदी, संघ के प्रभारी अध्यक्ष बासुदेव गोस्वामी, इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स के नेशनल कौंसिल मेंबर अधिवक्ता रणजीत गिरि ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। इस अवसर पर रशीदी ने कहा कि कोर्ट परिसर में डाक से संबंधित सभी सुविधा मिलेगा। जिससे अब लोगों को डाक भेजने के लिए पोस्ट ऑफिस का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। डाक सुविधा केंद्र के खुलने से कोर्ट में ही अधिवक्ताओं को डाक बुकिंग होगा। इस अवसर पर वरीय अधिवक्ता जाहिर हुसैन अंसारी, अजय सिन्हा, अतुल कुमार, कामदेव पाठक, संपूर्ण चंद्र लायक, संजीत कुमार सिंह, अताउल्लाह अंसारी, शाह मोहम्मद, शंकर दे, मो निसार, इस्तियाक अंसारी, समेत सैकड़ो अधिवक्ता उपस्थित थे।

# पिक अप वैन से 35 पेटी अंग्रेजी शराब जप्त एक गिरफ्तार

दबंग हिन्द, संवाददाता



**पिण्ड्राजोरा ।** पिण्ड्राजोरा थाना परिसर में चास अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रवीन कुमार सिंह एवं पुलिस निरीक्षक चास मु ने प्रेस वार्ता मे बताया कि पुलिस अधीक्षक बोकारो के निदेर्शानुसर पिण्ड्राजोरा थाना के मुख्य द्वार निकट एनएच 32 पर औचक वाहन चेंकिंग लगाया गया। इसी क्रम मे पुरूलिया कि ओर से आ रही एक पिकअप भैन को रोकने का इशारा किया गया। लेकिन वाहन रूकने के बजाए काफी तेजी से चलाते हुए भाग गया।इस वाहन का पंजीयन संख्या डब्लू बी 37 ई 4347 है। चालक का इस रैवेये को देखते हुए थाना प्रभारी अमरजीत कुमार सिंह थाना के सशस्त्र बल को लेकर गाड़ी का पीछा किया। साथ ही दिवा गश्ती में गए सअनि मनोज कुमार झा को दुरभाष के माध्यम से उक्त पिकअप भैन को नया आई टी आई मोड़ के पास रोकने को कहा गया। आईटीआई मोड़ के पास जब श्री झा और उनके साथ गश्ती दल के बलों ने रोकना चाहा तो वहां भी चालक द्वारा चकमा देकर भागने का प्रयास किया गया। परंतु थाना प्रभारी श्री सिंह ने ओवरटेक कर उक्त पिकअप वाहन को रोकने में कामयाब हो गए। गाड़ी छोड़कर भाग रहे चालक को सशस्त्र बल के जवानों ने दौड़ाकर पकड़ा। पकड़े गए चालक से नाम पता पुछने पर अपना नाम अविनाश कुमार सिंह उर्फ बिट्ठु कुमार पिता स्व० राजेश सिंह, सूर्या चौक राणा प्रताप नगर चास जिला बोकारो बताया। उक्त गाड़ी का तलाशी लेने पर 35 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद किया गया, जिसे बहुत ही चालाकी के साथ सकरकंद के बोरे के नीचे रखकर उपर से तिरपाल ढक कर ले जाया जा रहा था। उसे पुलिस ने हिरासत में लिया। पुछताछ करने पर चालक ने इस अवैध कारोबार में अन्य लोगों की संलिप्तता होने की बात स्वीकार की है। जब्त विदेशी शराब में इम्परायल ब्लु, रॉयल चैलेंजर एवं रॉयल स्टेज नामक ब्रांड का पेटी मिला जिसका अनुमानित मुल्य दो लाख चौदह हजार दो सौ बताया गया। पकड़या चालक अविनाश कुमार सिंह उर्फ विट्ठु पर जमुई बिहार का थाना झाझा में मद्यनिषेध का मामला दर्ज है।

## छठ घाटों पर उमड़ा आस्था का जन सैलाब उदयीमान भास्कर को श्रद्धालुओं ने दिया अर्ध्य

दबंग हिन्द, संवाददाता



**बोकारो ।** चार दिनों तक चलने वाले लोग आस्था का महापर्व छठ आज सुबह भगवान भास्कर को अर्ध्य देने के साथ संपन्न हो गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु चास बोकारो के विभिन्न घाटों पर उमड़ पड़े। तिरंगा पार्क स्थित तालाब में बोकारो का विधायक एवं भाजपा प्रत्याशी विरंची नारायण ने अर्ध्य दिया। मालूम हो कि उनकी धर्मपत्नी नीना नारायण ने छठ किया था। श्री नारायण ने बोकारो विधानसभा क्षेत्र की जनता सहित राज्य और देश के लोगों के लिए शांति की प्रार्थना की उन्होंने कहा कि भगवान भास्कर हमें ऊर्जा प्रदान करते हैं जिससे मानव जीवन संचालित होता है इस अवसर पर शहर के विभिन्न तालाबों सेक्टर 1 सी सेक्टर 4 स्थित सूर्य सरोवर जगन्नाथ मंदिर तालाब तिरंगा पार्क अय्यप्पा मंदिर के पास स्थित तालाब कुलिंग पॉन्ड सिटी पार्क टू टैंक गार्डन गरगा पुल बड़ी कोऑपरेटिव सहित चास नगर निगम क्षेत्र के दर्जनों जल स्त्रोत सहित दामोदर नदी में जाकर व्रत करने वाली महिला श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई और उपस्थित श्रद्धालुओं ने अर्ध्य दिया। इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के द्वारा छठ घाट को आकर्षक तरीके से सजाया गया था वहीं जिला प्रशासन की ओर से ट्रैफिक रूट में परिवर्तन किया गया था तमाम वाहनों के आवागमन पर रोक लगा दी गई थी बड़े बहनों को कर के बाहरी खड़ा किया गया था विभिन्न थाना क्षेत्र के पुलिस पदाधिकारी ड्यूटी पर मुस्तैद रहे। आज सुबह से ही सूर्योदय के पहले लाखों की संख्या में नगरवासी विभिन्न तालाब एवं घाट पर जाकर भगवान भास्कर को नमन किया और आशीर्वाद लिया। तिरंगा पार्क में भाजपा जिला महामंत्री संजय त्यागी सहित अन्य उपस्थित थे। ज्ञात होके इस पर्व में महिला श्रद्धालु 36 घंटे का निर्जला उपवास करती हैं ।

# बूथ लेवल ऑफिसर घर-घर जाकर कर रहे मतदाता पर्ची का वितरण

दबंग हिन्द, संवाददाता



**बोकारो ।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव के निदेर्शानुसार विधानसभा आम चुनाव, को लेकर जिले में मतदाता पर्ची एवं मतदाता मार्ग दर्शिका का वितरण किया जा रहा है। इस क्रम में जिले के सभी प्रखंडों में बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं को मतदाता सूचना पर्ची वोटर इनफॉरमेशन स्लिप का वितरण किया जा रहा है। इस दौरान बीएलओ मतदाताओं को निर्वाचन संबंधी जानकारी प्रदान करने, मतदान की तिथि बताने, मतदान केन्द्रों पर उपलब्ध सुविधाओं से अवगत करा रहे हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने सभी बीएलओ को निर्देश दिया है कि 15 नवंबर तक शत प्रतिशत मतदाता पर्ची - मतदाता मार्ग दर्शिका उपलब्ध कराएंगे। अगर किन्हीं मतदाता को *यह प्राप्त नहीं होता है तो वह अपने बीएलओ से संपर्क करें अथवा डायल 1950 पर अपनी शिकायत दर्ज करें। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने कहा कि मतदाता पर्ची फोटो पहचान पत्र नहीं है, इससे मतदान करने के समय मतदान क्रम संख्या भाग संख्या एवं मतदाता की विवरणी मतदाता सूची में खोजने में आसानी होती है। मतदाता पर्ची या वोटर इंफारमेशन स्लिप भारत चुनाव आयोग द्वारा जारी किया गया एक दस्तावेज है। इसमें मतदाता का विवरण होता है, जैसे नाम, आयु, लिंग, विधानसभा क्षेत्र, मतदान केंद्र का स्थान और मतदान की तिथि और समय। मतदान के दिन मतदाता द्वारा इसे साथ ले जाने पर यह मतदाताओं के लिए एक मार्ग-दर्शक पुस्तिका और वास्तविक मतदाताओं की पहचान के रूप में कार्य करता है।

## छठ पर्व के समापन पर नेशनल स्पोर्टिंग क्लब ने कराया खिचड़ी भोग का आयोजन

**फुसरो।** छठ महापर्व समाप्त होने के बाद नेशनल स्पोटिंग क्लब सुभाषनगर के द्वारा खिचड़ी भोग का आयोजन मजदूर नेता अशोक कुमार अग्रवाल के नेतृत्व मे किया गया। इस अवसर पर अनुपमा सिंह और रूपा सिंह ने कहा कि पिछले 35 वर्षों से क्लब की ओर से खिचड़ी भोग कार्यक्रम आयोजित किया जाता रहा है। उन्होंने कहा कि यह काफी पुनीत कार्य है और लोगों में इस तरह के आयोजन आपसी प्रेम भाव बढ़ता है। खिचड़ी भोग कार्यक्रम में मजदूर नेता महेंद्र कुमार विश्वकर्मा, शिवनंदन चौहान, गणेश मल्लाह, राजू प्रसाद, रणधीर सिंह, आबिद हुसैन, गौतम सेनगुप्ता, शरण सिंह राणा सहित दर्जनों गणमान्य लोग शामिल हुए। इस दौरान लगभग सौ महिलायें ,पुरुष व बच्चे शामिल हुए।

## स्वदेशी जागरण मंच ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से सम वैचारिक संगठन प्रतिनिधियों संग की बैठक



दबंग हिन्द, संवाददाता

**बोकारो ।** स्वदेशी जागरण मंच के तत्वावधान में आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से सम वैचारिक संगठनों के प्रतिनिधियों की बैठक मंच के अजय चौधरी'दीपक' प्रान्तीय संपर्क प्रमुख के निवास स्थान 31,लोहांचल कॉलोनी में जिला संयोजक प्रमोद कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में संपन्न हुई कबैठक में विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने हेतु सभी पहलुओं पर विचार विमर्श किया गया सभी लोगों ने मतदाता जागरण हेतू अपने- अपने सुझाव व्यक्त किए क अधिक से अधिक लोगों को मतदान करने हेतु जनजागरण अभियान चला कर प्रेरित करने का सभी मातृ संगठन अपने स्तर से प्रयास करेंगे कबैठक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, भारतीय मजदूर संघ, विश्व हिंदू परिषद, सहकार भारती,बजरंग दल, लघु उद्योग भारती,स्वदेशी जागरण मंच,भाजपा, चित्रगुप्त समिति एवं अन्य संस्था के लगभग 40 सदस्य उपस्थित थें कप्रमुख व्यक्तियों में कृष्णा राय, रामटहल, दिनेश्वर सिंह, के के बोराल, अशोक कुमार पप्पू, उमेश चंद्र पांडेय, शैलेन्द्र कुमार पांडेय, बिनोद कुमार, संजीव कुमार, उमेश चंद्र दुबे, विवेकानंद झा, अशोक रंजन, राजीव रंजन, जयशंकर प्रसाद, नवीन सिन्हा, सुजीत कुमार, गुरमैल सिंह ,अवधेश सिंह, प्रेम प्रकाश ,संजय कुमार, शिवेश पाठक ,मनीष श्रीवास्तव के अलावा अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थें।

## प्रत्याशी पुत्र ने किया चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

**तालगड़िया ।** चास प्रखंड के बिजुलिया में इंडिया गठबंधन के झामुमो प्रत्याशी उमाकांत रजक के पुत्र मुकेश कुमार रजक ने चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया । कहा कि राज्य का विकास हेमंत सोरेन के नेतृत्व में ही संभव है । महिलाओं को सशक्त किया जा रहा है ।माय माटी की रक्षा के लिए फिर से हेमंत सोरेन का सरकार होना जरूरी है । कहा कि चंदनकियारी का विकास उमाकांत रजक ही कर सकते हैं । मौके पर नारायण चौबे, परशुराम महतो, उपेन्द्र हांसदा, रामपद दास, शेखर चौबे, रफीक आलम अंसारी, मिलन हाजरा, शब्बीर अंसारी, अजय कुमार महतो समेत अन्य थे ।

## बेरमो मे रविन्द्र कुमार पांडेय व कुमार जयमंगल मे कांटे की टक्कर

दबंग हिन्द, संवाददाता



**फुसरो।** झारखंड की बेरमो विधानसभा सीट संख्या-35 के चुनावी मैदान में इस बार कुल 14 प्रत्याशी मौजूद हैं, 20 नवंबर को मतदान होगा। अब तक प्रत्याशियों और उनके समर्थकों द्वारा किए गए जनसंपर्क और चुनावी सभा से जो तस्वीर उभर कर सामने आई है उसमें भाजपा प्रत्याशी रविंद्र कुमार पांडे और कांग्रेस प्रत्याशी कुमार जयमंगल के बीच कांटे की टक्कर दिखती है। जबकि झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के प्रत्याशी जयराम कुमार महतो बेरमो विधान सभा के ग्रामीण क्षेत्रो मे स्थिति मजबूत करने के लिए प्रयासरत है, ताकि मुकाबला त्रिगुणात्मक हो सके। लेकिन फिलवक्त जो स्थिति है उसे देखने से रविंद्र कुमार पांडेय और कुमार जयमंगल सिंह मे कांटे की टक्कर दिखती है। अभी प्रचार करने के लिए 10 दिन का समय बचा है। विभिन्न दलों के चुनावी सभा होने हैं। प्रत्याशियो और उनके समर्थकों द्वारा क्षेत्र में गहन जन संपर्क कर मतदाताओ को अपने पक्ष में करने का प्रयास किया जाना है। इसके बाद जो तस्वीर ऊपर के सामने आएगी वह जीत और हार का फैसला करेगा। जो प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं उसमे भाजपा के रविन्द्र कुमार पांडेय, कांग्रेस के कुमार जयमंगल,जेएलकेएम के जयराम महतो, आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के प्रत्याशी मंजूर आलम ,संतोष कुमार महतो (निर्दलीय) सहित कुल 14 प्रत्याशी चुनाव मैदान में शामिल है। सभी प्रत्याशी चुनाव जीतने के लिए प्रयासरत है। उनकी अपनी डफली अपना राग है। मतदाता सब की सुन रहे हैं और मन ही मन अपने चेहते के पक्ष में मतदान करने का मन बना रहे हैं।

# लोक आस्था का महापर्व उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ संपन्न

दबंग हिन्द, संवाददाता



**फुसरो।** बेरमो कोयलांचल में छठ पर्व को बड़े धूम-धाम से मनाया गया। आज प्रातःकाल बेला में व्रती महिलाओं ने उगते हुए सूर्य देव को अर्घ्य देने के बाद उनकी और मां छठी मैया की विधिपूर्वक पूजा-अर्चना की और इसके बाद व्रत का पारण किया। बता दें कि, यह व्रत कुल 36 घंटे का था। जिसे व्रती महिलाओं ने छठ पूजा के समापन के बाद खोला है। बेरमो हजारो की संख्या में व्रती महिलाओं फुसरो, करगली, कारो, अमलो, जरीडीह बाजार, संडे बाजार, गांधीनगर, बेरमो स्टेशन,जारंगडीह, बोकारो थर्मल, गोमिया, तेनुघाट सहित बेरमो अनुमंडल में भी श्रद्धा और उल्लास के साथ छठ पर्व मनाया गया। बेरमो कोयलांचल मे विधायक कुमार जयमंगल सिंह, पूर्व सांसद रवींद्र कुमार पांडेय, समाजसेवी सह डॉ शकुंतला कुमार व डॉ उषा सिंह, बेरमो प्रमुख गिरिजा देवी, ट्रांसपोर्टर रिशु पांडेय, भोला सिंह, तरुण सिंह, मीनू अग्रवाल, निवर्तमान वार्ड पार्षद रश्मि सिंह,बेरमो सम्मेलन के अध्यक्ष सुरेंद्र खेमका , फुसरो व्यवसाई संघ के वैभव चौरसिया, बेरमो चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष आर उनेश, बीएडके क्षेत्र के एएफएम जी चौबे, पीओ के एस गैवाल,राजीव कुमार सिंह, रंजीत कुमार व शैलेश प्रसाद कार्मिक प्रबंधक सुरेश सिंह, सहित हजारो लोगों ने शुक्रवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही छठ पर्व संपन्न हो गया। करगली फिल्टर प्लांट छठ घाट के समीप सीएमओएआई बीएंडके क्षेत्र की ओर से चाय वितरण किया गया। यहा एसओ एस के झा के नेतृत्व कर रहे थे। बेरमो चेंबर ऑफ कॉमर्स ने लाइट एवं सेवा केंद्र लगाकर अर्घ्य देने जा रही छठव्रतियों के सूप-दऊरे में फल अर्पण किया। मारवाड़ी युवा मंच के लोगो ने सेवा दिया।

## महापर्व छठ अर्ध्य के साथ सम्पन्न



दबंग हिन्द, संवाददाता

**तेनुघाट ।** लोक आस्था का महापर्व छठ का चार दिवसीय अनुष्ठान शुक्रवार को सुबह के अर्घ्य के साथ सम्पन्न हुआ । अनुमंडल मुख्यालय तेनुघाट एवं इसके आसपास के क्षेत्र में पूरे अनुष्ठान एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। चारों ओर छठ माता के गीत से गुंज उठा और पूरा वातावरण भक्ति मय हो गया है ।छठ व्रत के पहले दिन छठ वर्तधारियो ने स्नान कर भगवान सूर्य की आराधना करते हुए नहाय खाए, बुधवार को खड़ना पर्व, गुरुवार को अस्तचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य तथा शुक्रवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही छठ महापर्व पूर्ण हुआ ।लोक आस्था का महापर्व व्रतियों ने पूरे विधिविधान के साथ पूजा अर्चना किया । इस महापर्व में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ दिखी ।क्षेत्र के सभी घाटों पर साफ सफाई और बिजली की समुचित व्यवस्था की गई थी ।सभी छठ घाट पर सुरक्षा की भी पूरी इंतजाम किए गए थे ।सुरक्षा के मद्देनजर छठ घाट पर पुलिसकर्मी की तैनाती की गई थी ।

## एक नजर

### वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेज दिखा कर सकेंगे मतदान

**बोकारो।** विधानसभा आम निर्वाचन के तहत चुनाव 20 नवंबर को मतदान होगा। ऐसे में मतदाताओं को मतदान करने से पहले मतदाता फोटो युक्त पहचान पत्र प्रस्तुत करना है। यादि किसी कारणवश मतदाता मतदान केंद्र में ईपीक प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं तो ऐसी स्थिति में मतदाता वैकल्पिक फोटो युक्त पहचान पत्र दिखाकर अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकते हैं।मतदान के लिए ईपीक के अलावा 12 अन्य वैकल्पिक दस्तावेज मान्य हैं। इसमें *पासपोर्ट, ड्राइविग लाइसेंस, राज्य या केंद्र सरकार सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंकों या डाकघरों द्वारा जारी की गई फोटोयुक्त पासबुक, पेन कार्ड, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर एनपीआर द्वारा जारी किए गए कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड श्रम मंत्रालय फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज,आधार कार्ड,सांसद विधायक पार्षद को जारी कार्ड एवं विशिष्ट दिव्यांगता पहचान पत्र शामिल है।

### डिलीवरी बॉय ने बाइक रैली निकालकर मतदाताओं को किया जागरूक, हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**बोकारो ।** मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से स्वीप कोषांग के द्वारा लगातार विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, स्वीप नोडल डा. सुमन गुप्ता एवं शक्ति कुमार, सहायक नगर आयुक्त चास सुश्री प्रियंका कुमारी, डीडीएम श्रीमती कंचन कुमारीआदि ने हरी झंडी दिखाकर बाइक रैली को रवाना किया। बाइक रैली में जोमैटो एवं स्विग्गी कंपनियों के डिलीवरी बॉय शामिल हुए। शहरी उदासीनता को त्याग शहरवासियों को मतदान करने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। शहरी क्षेत्र में फूड पैकेट के साथ डिलीवरी बॉय उपभोक्ताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित करने वाले स्टीकर भी उपलब्ध कराएंगे। मौके पर अपार समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी ने कहा कि जिले का मतदान प्रतिशत संतोषजनक नहीं है। मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर प्रतिदिन विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को मतदान करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में बोकारो शहरी क्षेत्र में फूड डिलीवरी करने वाले डिलीवरी बॉय के साथ मतदाता जागरूकता बाइक रैली का आयोजन किया गया। सभी लोगों ने चुनाव आयोग का है आव्हान,सबको करना है मतदान आदि नारों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया। मौके पर स्वीप नोडल पदाधिकारी द्वय ने लोगों को मतदान करने के लिए मतदाता प्रतिज्ञा दिलाया।

### 1115 मतदाताओं ने पोस्टल बैलेट के माध्यम से किया मताधिकार का इस्तेमाल

**बोकारो ।** विधानसभा आम निर्वाचन के तहत जिला अंतर्गत सभी विधानसभा क्षेत्रों में आगामी 20 नवंबर को मतदान होना है। जिले के मतदान कार्य मे लगे मतदानकर्मियों एवं पुलिस के जवानों झारखंड शस्त्र पुलिस बल जेएपीएफ केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल आदि सुरक्षा बलों ने पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। इसके लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर 3 सुविधा केन्द्र क्रमशः पुलिस केन्द्र, सेक्टर-12 बोकारो, मध्य विद्यालय बीएमपी सेक्टर 12 बोकारो एवं संयुक्त श्रम भवन बोकारो में स्थापित किया गया था। जहां मतदान कार्य मे लगे मतदानकर्मियों, पदाधिकारियों, सेक्टर पदाधिकारियो एवं पुलिस के जवानों नें मताधिकार का इस्तेमाल किया। सभी स्थापित सुविधा केंद्रों में मतदाताओं के लिए मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित की गई थी। 3 केंद्रों पर कुल 1,115 मतदाताओं ने पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर लोकतंत्र के इस महापर्व में शामिल हुए। आज 34 गोमिया विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 155 मतदाता, 35 बेरमो विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 196 मतदाता, 36 बोकारो विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 591 मतदाता एवं 37 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 173 मतदाताओं ने मतदान किया।

### उत्पाद विभाग में छापामारी कर बरामद किया 500 लीटर स्प्रीट

**बोकारो ।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव के निदेर्शानुसार गुरुवार को सहायक आयुक्त उत्पाद बोकारो के मार्ग-दर्शन में विधानसभा चुनाव के आलोक में गुप्त सूचना के आधार पर जिला उत्पाद बल के सहयोग से बोकारो ज़िला अंतर्गत जरीडीह थाना क्षेत्र के खुटरी के मंगलाटोला जंगल में पॉलटरी फार्म में छापामारी* किया गया। पॉलटरी फार्म के बगल कमरे से 5 जरकीन एवं झाड़ियों से 5 जरकीन कुल 10 जरकीन में स्पिरिट बरामद हुआ। छापेमारी के क्रम में संलिप्त अभियुक्तों पर उत्पाद अधिनियम की सूसंगत धाराओं के तहत अभियोग दर्ज किया गया। छापेमारी दल में निरीक्षक उत्पाद सदर- विजय कुमार पाल, अवर निरीक्षक सदर सन्नी विवेक तिर्की, अवर निरीक्षक बेरमो-सह-चंदपुरा श्री महेश दास उपस्थित थे।जानकारी हो कि, विधानसभा आम निर्वाचन को लेकर बोकारो जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त बोकारो ने सहायक आयुक्त उत्पाद को लगातार अभियान चलाकर अवैध शराब के निर्माण झ बिक्री पर प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

### शाखा सहयोग सुरक्षा समिति ने छठ व्रतियों के बीच वितरण किया पूजन सामग्री



**बोकारो।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सामाजिक संगठन शाखा सहयोग सुरक्षा समिति एवं जय झारखंड मजदूर समाज यूनियन के द्वारा समिति के संरक्षण एवं महामंत्री झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति के सदस्य बीके चौधरी के नेतृत्व में स्थानीय तू टैंक गार्डन तालाब में लोक आस्था पवित्रता विश्वास और उपासना का महापर्व छठ के अवसर पर 7 नवंबर को महिला श्रद्धालुओं के लिए फल फूल नारियल सेब गाजर नींबू अगरबत्ती पान पत्ता लकड़ी गोइठा माचिस आदि का वितरण किया वही आज शुक्रवार को भगवान भास्कर की पूजा के समय समिति द्वारा छठ करने वाली महिलाओं के बीच चाय की व्यवस्था की गई इस अवसर पर महिलाओं के लिए गाय का दूध का भी व्यवस्था किया गया था समिति के सदस्यों का सभी ने प्रशंसा किया चौधरी ने इस मौके पर बोकारो स्टील प्लांट निरंतर उत्पादन का रिकॉर्ड बनाएं और पूरा बोकारो परिवार सुख अमन चैनल शांति से जीवन व्यतीत करें इसकी कामना की इस मौके पर मुख्य अतिथि बोकारो स्टील प्लांट के अधिशासी निदेशक कार्मिक एवं प्रशासन राजन प्रसाद बोकारो जनरल अस्पताल के निदेशक डॉक्टर बी बी करुणा में मुख्य महाप्रबंधक हरिमोहन झा महाप्रबंधक स सिंह एफएसएनएल के यूनिट हेड त्रिपुरारी भास्कर उपस्थित होकर समिति के सदस्यों का हौसला बढ़ाया कार्यक्रम को झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय समिति सदस्य हसन इमाम समिति का अध्यक्ष यू सी कुंभकार समिति के कोषाध्यक्ष आर बी चौधरी प्रभारी बारिया तेली राजेंद्र प्रसाद शंकर कुमार आर एन राकेश अभिमन्यु मांझी राम रवानी तुलसी महतो टीपी महतो सुनील कुमार रामदेव प्रसाद सुभाष चंद्र महतो विमल रवानी जितेंद्र कुमार सिंह राजेंद्र राम सत्येंद्र कुमार जगदीश ठाकुर आदि ने सफल बनाया।

### युवा लाइंस फोर्स के अध्यक्ष ने कहा जन बल के आगे नहीं टिकेगा धनबल

**चास।** प्रदेश उपाध्यक्ष झारखंड युवा कांग्रेस सह युवा लायंस फोर्स के केंद्रीय अध्यक्ष देव शर्मा ने अपने संगठन युवा लायंस फोर्स के केंद्रीय पदाधिकारियों के साथ इंडिया गठबंधन के चंदनक्यारी विधानसभा प्रत्याशी उमाकांत रजक जी से मिलकर चुनावी रणनीति पर चर्चा किया , उमाकांत रजक ने देव शर्मा एवं सारे युवा लायंस फोर्स के युवाओं का धन्यवाद सहित आभार व्यक्त किया,श्री रजक ने कहा इस बार का चुनाव का निर्णय युवा वर्ग ही करेगी , वर्तमान विधायक ने चंदनकियारी के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया हैं , युवा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष देव ने कहा इस जन बल के आगे धन बल घुटना टेकेगी और झारखंड में फिर से इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी, चंदनक्यारी की जनता आपके साथ है, चंदनक्यारी की जनता ने कभी किसी का घमंड बर्दाश्त नहीं किया है,लोग बहरूपियों को पहचान चुके हैं, पूर्व मंत्री एवं विधायक ने 10 वर्ष चंदनक्यारी वासियों को अंधेरे में रखने का काम किया है।

# भारत की आर्थिक प्रगति में समाज से अपेक्षा


प्रहलाद सबनानी

**भारत में भी आर्थिक विकास की दर में तेजी तो दृष्टिगोचर है तथा प्रति व्यक्ति आय में भी वृद्धि हो रही है और आज यह लगभग 2500 अमेरिकी डॉलर प्रति व्यक्ति प्रति वर्ष हो गई है। प्रति व्यक्ति आय यदि 14000 अमेरिकी डॉलर प्रति व्यक्ति प्रति वर्ष हो जाती है तो भारत विकसित राष्ट्र की श्रेणी में शामिल हो जाएगा। अतः प्रति व्यक्ति आय को बढ़ाने के लिए भारत में गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे नागरिकों की आय में वृद्धि करने पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है।**

विश्व के लगभग समस्त देशों में पूंजीवादी मॉडल को अपनाकर आर्थिक विकास को गति देने का प्रयास पिछले 100 वर्षों से भी अधिक समय से हो रहा है। पूंजीवाद की यह विशेषता है कि व्यक्ति केवल अपनी प्रगति के बारे में ही विचार करता है और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी के एहसास को भूल जाता है। जिससे, विभिन्न आर्थिक गतिविधियों के चलते समाज में असमानता स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। विनिर्माण इकाईयों में मशीनों के अधिक उपयोग से उत्पादन में तो वृद्धि होती है परंतु रोजगार के पर्याप्त अवसर निर्मित नहीं हो पाते हैं। रोजगार की उपलब्धता में कमी के चलते समाज में कई प्रकार की बुराईयां जन्म लेने लगती हैं क्योंकि यदि किसी नागरिक के पास रोजगार ही नहीं होगा तो वह अपनी भूख मिटाने के लिए चोरी चकारी एवं हिंसा जैसी गतिविधियों में लिप्त होने लगता है। पूंजीवाद की नीतियों के अनुपालन के चलते वर्तमान में विश्व के कई देशों में सामाजिक तानाबाना छिन्न भिन्न हो रहा है। परंतु, प्राचीनकाल में भारत में उपयोग में लाए जा रहे आर्थिक मॉडल को अपनाए जाने के कारण भारत में प्रत्येक नागरिक को रोजगार उपलब्ध रहता था। भारत में अतिप्राचीन काल से ग्रामीण क्षेत्र ही विकास के केंद्र रहते आए हैं। भारत का कृषि क्षेत्र तो विकसित था ही, साथ में, कुटीर उद्योग भी अपने चरम पर था। पीढ़ी दर पीढ़ी व्यवसाय को आगे बढ़ाया जाता था। नौकरी शब्द तो शायद उपयोग में था ही नहीं क्योंकि परिवार के सदस्य ही अपने पुरखों के व्यवसाय को आगे बढ़ाने में रुचि लेते थे अतः भारत के प्राचीन काल में नागरिक उद्यमी थे। नौकरी को तो निकृष्ट कार्य की श्रेणी में रखा जाता था।

भारत में भी आर्थिक विकास की दर में तेजी तो दृष्टिगोचर है तथा प्रति व्यक्ति आय में भी वृद्धि हो रही है और आज यह लगभग 2500 अमेरिकी डॉलर प्रति व्यक्ति प्रति वर्ष हो गई है। प्रति व्यक्ति आय यदि 14000 अमेरिकी डॉलर प्रति व्यक्ति प्रति वर्ष हो जाती है तो भारत विकसित राष्ट्र की श्रेणी में शामिल हो जाएगा। अतः प्रति व्यक्ति आय को बढ़ाने के लिए भारत में गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे नागरिकों की आय में वृद्धि करने पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। भारत में आर्थिक विकास के साथ साथ मध्यमवर्गीय परिवारों की संख्या भी बढ़ रही है। परंतु, साथ में आय की असमानता की खाई भी चौड़ी हो रही है, क्योंकि उच्चवर्गीय एवं उच्च मध्यमवर्गीय परिवारों की आय तुलनात्मक रूप से तेज गति से बढ़ रही है। हालांकि केंद्र सरकार एवं राज्य सरकारों द्वारा गरीब वर्ग, विशेष रूप से गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे नागरिकों, के लिए कई विशेष योजनाएं चलाई जा रही हैं और इसका असर भी धरातल पर दिखाई दे रहा है। हाल ही के वर्षों में गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे नागरिकों की संख्या में भारी कमी दिखाई दी है।



भारत में आर्थिक प्रगति के चलते सम्पत्ति के निर्माण की गति भी तेज हुई है। वित्तीय वर्ष 2023 के अंत में आयकर विभाग में जमा की गई विवरणियों के अनुसार, 230,000 नागरिकों ने अपनी कर योग्य आय को एक करोड़ रुपए से अधिक की बताया है। यह संख्या पिछले 10 वर्षों के दौरान 5 गुणा बढ़ी है। वित्तीय वर्ष 2012-13 में 44,078 नागरिकों ने अपनी कर योग्य आय को एक करोड़ रुपए से अधिक की घोषित किया था। उक्त आंकड़ों में वेतन पाने वाले नागरिकों का प्रतिशत वित्तीय वर्ष 2022-23 में 52 प्रतिशत रहा है, वित्तीय वर्ष 2021-22 में यह 49.2 प्रतिशत था तथा वित्तीय वर्ष 2012-13 में यह प्रतिशत 51 प्रतिशत था। इस प्रकार एक करोड़ रुपए से अधिक का वेतन पाने वाले नागरिकों की संख्या में कोई परिवर्तन नहीं आया है। जबकि व्यवसाय करने वाले नागरिकों की आय और अधिक तेज गति से बढ़ी है। 500 करोड़ रुपए से अधिक की कर योग्य आय घोषित करने वाले नागरिकों में समस्त करदाता व्यवसायी हैं। 100 करोड़ रुपए से 500 करोड़ रुपए की कर योग्य आय घोषित करने वाले नागरिकों में 262 व्यवसायी हैं एवं केवल 19 वेतन पाने वाले नागरिक हैं। भारत के एक प्रतिशत नागरिकों के पास देश की 40 प्रतिशत से अधिक की सम्पत्ति है। अतः देश में आय की असमानता स्पष्टतः दिखाई दे रही है।

एक अनुमान के अनुसार यदि उच्चवर्गीय एवं उच्च मध्यमवर्गीय परिवार की आय में 100 रुपए की वृद्धि होती है तो वह केवल 10 रुपए का खर्च करता है एवं 90 रुपए की बचत करता है जबकि एक गरीब परिवार की आय में यदि 100 रुपए की वृद्धि होती है तो वह 90 रुपए का खर्च करता है एवं केवल 10 रुपए की बचत करता है। इस प्रकार किसी भी देश को यदि उपभोक्ताओं की संख्या में वृद्धि करना है तो गरीब वर्ग के हाथों में अधिक धनराशि उपलब्ध करानी होगी। जबकि विकसित देशों एवं अन्य देशों में इसके ठीक विपरीत हो रहा है, उच्चवर्गीय एवं उच्च मध्यमवर्गीय परिवारों की आय में तेज गति से वृद्धि हो रही है जिसके चलते कई विकसित देशों में आज उत्पादों की मांग बढ़ने के स्थान पर कम हो रही है और इन देशों के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि की दर बहुत कम हो गई है तथा इन देशों की अर्थव्यवस्था में आज मंदी का खतरा मंडरा रहा है।

उक्त परिस्थितियों के बीच वैश्विक पटल पर भारत आज एक दैदीप्यमान सितारे के रूप में चमक रहा है। भारत में आर्थिक विकास दर 8 प्रतिशत के आसपास आ गई है और इसे यदि 10 प्रतिशत के ऊपर ले जाना है तो भारत में ही उत्पादों की आंतरिक मांग उत्पन्न करनी होगी इसके लिए गरीब वर्ग की आय में वृद्धि करने सम्बंधी उपाय करने होंगे तथा रोजगार के अधिक से अधिक अवसर निर्मित करने होंगे। प्राचीनकाल में भारत में उपयोग किए जा रहे आर्थिक दर्शन को एक बार पुनः देश में लागू किए जाने की आवश्यकता है। आज भारत में शहरों को केंद्र में रखकर विकास की विभिन्न योजनाएं (स्मार्ट सिटी, आदि) बनाई जा रही है, जबकि, आज भी 60 प्रतिशत से अधिक आबादी ग्रामीण इलाकों में ही निवास करती है। इसलिए भारत को पुनः ग्रामों की ओर रूख करना होगा। न केवल कृषि क्षेत्र बल्कि ग्रामीण इलाकों में कुटीर एवं लघु उद्योगों की स्थापना की जानी चाहिए जिससे रोजगार के पर्याप्त अवसर ग्रामीण इलाकों में ही निर्मित हों और इन स्थानों पर उत्पादित की जा रही वस्तुओं के लिए बाजार भी ग्रामीण इलाकों में ही विकसित हो सकें। लगभग 50 गावों के क्लस्टर विकसित किए जा सकते हैं, इन इलाकों में निर्मित उत्पादों को इस क्लस्टर में ही बेचा जा सकता है और यदि इन इलाकों के स्थित कुटीर एवं लघु उद्योगों में उत्पादन बढ़ता है तो उसे आस पास के अन्य क्लस्टर एवं शहरों में बेचा जा सकता है। इससे स्थानीय स्तर पर ही उत्पादों की मांग को बढ़ावा मिलेगा एवं रोजगार के अवसर निर्मित होने से ग्रामीण इलाकों में निवास कर रहे परिवारों के शहरों की ओर पलायन को भी रोका जा सकेगा। अंततः इससे शहरों के बुनियादी ढांचे पर लगातार बढ़ रहे दबाव को भी कम किया जा सकेगा।

भारत में हिंदू सनातन संस्कृति की यह विशेषता रही है कि समाज में निवास कर रहे गरीब वर्ग के नागरिकों की सहायता के लिए सक्षम समाज हमेशा से ही आगे रहता आया है। यह सेवा कार्य विभिन्न मंदिरों, मट्ठ, सामाजिक संस्थाओं, सांस्कृतिक संस्थाओं एवं न्यासों द्वारा सफलता पूर्वक किया जाता रहा हैं। एक अनुमान के अनुसार, भारत में प्रतिदिन लगभग 10 करोड़ नागरिकों के लिए अन्न क्षेत्रों में भोजन प्रसादी उपलब्ध कराई जाती है। इसी प्रकार कई सामाजिक, सांस्कृतिक एवं न्यासों द्वारा अस्पताल चलाए जाते हैं, जहां मुफ्त अथवा बहुत ही कम कीमत पर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। कुछ संस्थानों द्वारा स्कूल भी चलाए जाते हैं जहां गरीब वर्ग के बच्चों को शिक्षण सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती है। इस प्रकार समाज के गरीब वर्ग को यदि भोजन, स्वास्थ्य एवं शिक्षा सुविधाएं मुफ्त अथवा कम कीमत पर उपलब्ध हो सकती हैं तो उनके द्वारा अर्जित की जा रही आय को अन्य उत्पादों को खरीदने में उपयोग किया जा सकता है जिससे अंततः विभिन्न उत्पादों की मांग में वृद्धि दर्ज होती है। यह मॉडल भी केवल भारत में ही दिखाई देता है। वरना, अन्य विकसित देशों में तो कुछ भी मुफ्त नहीं है। विकसित देशों में नागरिकों को केवल अपनी प्रगति की चिंता है, समाज में गरीब वर्ग के अन्य नागरिकों के लिए कोई चिंता का भाव दिखाई ही नहीं देता है। अतः भारत में समाज के नागरिकों द्वारा गरीब वर्ग के सहायतार्थ चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं को गति देने के प्रयास करने चाहिए, जिससे देश के विकास को और अधिक गति मिल सके।

(सेवा निवृत्त उप महाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक )

## संपादकीय

# ट्रंप के आने के मायने

रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप एक बार फिर अमेरिका के राष्ट्रपति बन गए हैं। उन्होंने बहुमत के जादुई आंकड़ों से अधिक मत हासिल किए हैं जो अमेरिकी समाज में उनकी लोकप्रियता के दशार्ता है। वह 2016 में भी चुनाव जीते थे। उनकी यह दूसरी जीत इसलिए भी विशेष मायने रखती है कि इस बार उनकी पार्टी को सीनेट में भी बहुमत मिल गया है। चुनाव अभियान के दौरान डोनाल्ड ट्रंप पर जानलेवा हमला हुआ था। इस घटना ने अमेरिकी समाज को गहरे तक झकझोर दिया था। हमले के समय ट्रंप ने जैसी हिम्मत और दिलेरी दिखाई थी उसे अमेरिकी मतदाता बहुत प्रभावित हुआ था। आम लोगों में या धारणा बनी कि आज की अस्थिर और संघर्ष से जूझ रही दुनिया में ट्रंप जैसे दृढ़ संकल्प वाले नेता की जरूरत है। उनकी ऐतिहासिक जीत में ट्रंप के व्यक्तित्व के इस करिश्माई पहलू की बड़ी भूमिका रही है। चुनाव प्रचार के अंतिम चरण में डेमोक्रेटिक पार्टी के दो बड़े नेताओं ने ट्रंप को समर्थन देने की घोषणा करके हलचल मचा दी। कॉमेडी परिवार के सदस्य रॉबर्ट एस कैनेड़ी ट्रंप के समर्थन में आ गए। जनमत सर्वेक्षणों के मुताबिक वह पांच फीसद मतदाताओं की पसंद थे। उनके पहले बदलने से कड़ी टक्कर वाले ह्यस्विंग स्टेट' ट्रंप को भारी सफलता मिली। इसी तरह डेमोक्रेटिक पार्टी की एक और पूर्व नेता तुलसी गबार्ड. ने भी ट्रंप को समर्थन देने की घोषणा की। सैनिक होने के बावजूद तुलसी युद्ध विरोधी हैं। डोनाल्ड ट्रंप की जीत का असर अमेरिका की घरेलू राजनीति के साथ वैश्विक राजनीति पर भी पड़ेगा। घरेलू स्तर पर अमेरिकी समाज और राजनीति में ध्रुवीकरण की प्रक्रिया तेज होगी। विदेश मोर्चे पर ट्रंप बाइडेन प्रशासन से अलग राह पकड़ सकते हैं। चुनाव जीतने के बाद उन्होंने कहा कि 'मैं युद्ध शुरू नहीं करूंगा बल्कि रोकने की कोशिश करूंगा।' उनकी इस घोषणा से उम्मीद बनती है कि रूस-यूक्रेन युद्ध अब जल्द समाप्त होगा। ट्रंप भारत को ट्रंप से काफी अपेक्षाएं भी हैं। उम्मीद की जानी चाहिए कि बाइडेन प्रशासन की शह पर कनाडा जिस तरह से भारत के खिलाफ दुष्प्रचार कर रहा है उस पर रोक लगेगी। हालांकि ट्रंप मनमौजी की किस्म के व्यक्ति हैं। वह किसी मुद्दे पर क्या रुख अपनाएंगे यह कहना मुश्किल है। फिर भी ट्रंप की नीतियों से भारत के हित एक हद तक सधेंगे ऐसा कहा जा सकता है।



## चिंतन-मनन

# विचारों की तरंगें

राजा की सवारी निकल रही थी। सर्वत्र जय-जयकार हो रही थी। सवारी बाजार के मध्य से गुजर रही थी। राजा की दृष्टि एक व्यापारी पर पड़ी। वह चन्दन का व्यापार करता था। राजा ने व्यापारी को देखा। मन में घृणा और ग्लानि उभर आई। उसने मन ही मन सोचा, यह व्यापारी बुरा है। इसे मृत्युदंड दे देना चाहिए।

नगर-परिभ्रमण कर राजा महल में पहुंचा। मंत्री को बुलाकर कहा, मंत्रीवर! न जाने क्यों उस व्यापारी को देखकर मेरा मन उद्विग्न हो गया और मन में आया कि उसको मार डाला जाए। मंत्री ने कहा, राजन्! मैं सारी व्यवस्था करता हूं। मंत्री व्यापारी के पास गया। औपचारिक बातें हुई। व्यापारी ने कहा, मंत्रीजी! चन्दन का भाव प्रतिदिन कम होता जा रहा है। मेरे पास चन्दन का बहुत संग्रह है। लाखों रूपयों का घाटा हो रहा है। मन चिन्ता से भरा है। राजा के सिवाय चन्दन को कौन खरीदे? राजा भी क्यों खरीदेगा? यह तो मरणवेला में प्रचुर मात्रा में काम आती है। मैं घाटे से दबा जा रहा हूं।

सच कहूं, आज जब राजा की सवारी निकल रही थी, तब राजा को देखकर मेरे मन में आया कि यदि आज राजा की मृत्यु हो जाए तो मेरा सारा चन्दन बिक जाए, अच्छे मूल्य में बिक जाए।

मंत्री ने सुना। राजा के उदास होने और व्यापारी को मृत्युदंड देने की भावना के जागने का रहस्य समझ में आ गया। विचार संप्रमणशील होते हैं। वे बिना कहे दूसरे तक पहुंच जाते हैं। विचारों की रश्मियां होती हैं और तरंगें पूरे आकाशमण्डल में फैल जाती हैं और सम्बन्धित व्यक्ति के मस्तिष्क से टकराकर उसे प्रभावित करती हैं।

# कैसी होगी दूसरे कार्यकाल में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की विदेश नीति?


निरंजन मार्जनी

डोनाल्ड ट्रम्प दूसरी बार अमेरिका के राष्ट्रपति चुने गए हैं। लगभग सारे चुनावी सर्वेक्षण और अनुमानों को गलत साबित करते हुए ट्रम्प ने अपनी प्रतिद्वंदी और अमेरिका की वर्तमान उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को पीछे छोड़ते हुए अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल की।

दुनिया की महासत्ता होने के कारण अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव का असर पूरी दुनिया की राजनीति और अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। ऐसे में अमेरिका की विदेश नीति का रूख भी महत्त्वपूर्ण है क्योंकि इससे विश्व व्यवस्था भी प्रभावित होती है। ट्रम्प की विदेश नीति क्या रह सकती है यह समझना जरूरी है।

राष्ट्रपति का चुनाव जीतते ही ट्रम्प को अलग अलग देशों के नेताओं की तरफ से बधाई संदेश भेजे गए। ट्रम्प ने कुछ नेताओं से फोन पर भी बात की। जिन नेताओं से ट्रम्प ने सबसे पहले बात की उनमें भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतान्याहू और सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान शामिल थे। इस बातचीत के मायने भी विदेश नीति की दृष्टि से देखते हैं।

मोदी के साथ बात करना भारत और अमेरिका के मजबूत रिश्तों को दशार्ता है। ट्रम्प के पहले कार्यकाल में भारत-अमेरिका संबंध मजबूत हुए इसकी एक वजह थी मोदी और ट्रम्प की व्यक्तिगत मित्रता। दोनों नेता एक दुसरे को अपना दोस्त कहते हैं। हालांकि कूटनीति राष्ट्रहित को ध्यान में रखकर की जाती है लेकिन ऐसी व्यक्तिगत मित्रता भी कई बार महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है। ट्रम्प के दुसरे कार्यकाल में भी भारत से अमेरिका के दृढ संबंधों की अपेक्षा है।

इसका मतलब है की भारत और अमेरिका के बीच सामरिक रिश्ते और आगे बढ़ सकते हैं। चीन की चुनौती का मुकाबला करने में भारत को अमेरिका का सहयोग मिल सकता है। पाकिस्तान के साथ अमेरिका के रिश्तों पर भी ट्रम्प पुनर्विचार कर सकते हैं। आतंकवाद के खिलाफ पहले भी ट्रम्प भारत का समर्थन और पाकिस्तान का विरोध कर चुके हैं। हाल ही में चुनाव प्रचार के दौरान ट्रम्प ने बांग्लादेश में हिन्दुओं के खिलाफ हो रही हिंसा की खुलकर आलोचना की थी। इस्लामिक आतंकवाद के विरुद्ध भारत की लड़ाई में ट्रम्प भारत के पक्ष में रहेंगे।

सुरक्षा के अलावा कूटनीति में भी विश्व स्तर पर भारत को संतुलन बनाए रखने की कवायद कम करनी पड़ सकती है। रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते भारत को रूस और पश्चिमी देशों से अपने रिश्ते सामान्य रखने के लिए काफी प्रयास करने पड़ रहे हैं। रूस और रुसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के प्रति ट्रम्प का रूख बाइडेन प्रशासन जितना सख़्त नहीं है। चुनाव प्रचार के दौरान ट्रम्प ने रूस-यूक्रेन युद्ध में दोनों पक्षों की सहमति से समाधान खोजने की बात कही थी।

साथ ही नेतन्याहू और मोहम्मद बिन सलमान से बात करना भी ट्रम्प की आगामी नीति के संकेत हैं। अमेरिका की विदेश नीति में इस्राएल को पारंपारिक रूप से दशकों से सैन्य और आर्थिक समर्थन मिलता आ रहा है। लेकिन जो बाइडेन के कार्यकाल में अमेरिका में इस्राएल-हमास युद्ध में हमास और फिलिस्तीन को भी इजरायल के खिलाफ काफी समर्थन मिला है। लेकिन अब ट्रम्प के कार्यकाल में फिलिस्तीन और हमास पर अमेरिका का रूख कड़ा रह सकता है। उसी तरह सऊदी अरब से भी अमेरिका अपने करीबी रिश्तों को स्थिर रखना चाहेगा। अपने पहले कार्यकाल में ट्रम्प ने पश्चिम एशिया में कोई भी युद्ध शुरू नहीं किया था। बल्कि अमेरिका की मध्यस्थता से चार अरब देशों के इस्राएल के साथ कूटनीतिक संबंध प्रस्थापित हुए थे ।

अगर ट्रम्प रूस-यूक्रेन युद्ध और इजरायल-हमास युद्ध को खत्म करते हैं तो यह उनकी विदेश नीति की एक बड़ी सफलता होगी।

एक दिलचस्प बात यह है की राष्ट्रपति का चुनाव जीतते ही ट्रम्प ने जिन देशों के नेताओं से बात की, उनमें कोई भी यूरोपीय देशों के नेता नहीं थे। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है की ट्रम्प की यूरोप के प्रति नीति उनके पहले कार्यकाल जैसी ही होगी। 2016 से 2020 तक के अपने कार्यकाल में यूरोपीय देशों से ट्रम्प के रिश्ते बहुत अच्छे नहीं थे। यूरोपीय देशों ने अपनी सुरक्षा की जिम्मेदारी खुद उठानी चाहिए और अमेरिका पर हर वक़्त निर्भर नहीं रहना चाहिए यह ट्रम्प की नीति रही है। साथ ही जो यूरोपीय देश नाटो के सदस्य हैं वे नाटो में पर्याप्त आर्थिक योगदान न देने की वजह से भी ट्रम्प यूरोपीय देशों से नाराज रहे हैं। अगर ट्रम्प यूरोप को समर्थन देना बंद करते हैं तो अपने आप यूक्रेन को मिलने वाली आर्थिक और सैन्य मदद में भी कमी आएगी जिससे रूस-यूक्रेन युद्ध के समाप्त होने के आसार बढ़ सकते हैं।



हालांकि यह जानना भी आवश्यक है की ट्रम्प एक ऐसे व्यक्ति हैं जो कूटनीति में व्यापारिक दृष्टिकोण रखते हैं। एक उद्योगपति होने के कारण ट्रम्प हमेशा लाभ और हानि के नजरिये से ही विदेश नीति को देखेंगे। अपने पहले कार्यकाल में भी ट्रम्प इसी नीति के लिए जाने जाते थे। इसका असर दक्षिण पूर्व एशिया, पूर्व एशिया और प्रशांत महासागर क्षेत्र पर पड़ सकता है। यूरोपीय देशों की तरह ट्रम्प दक्षिण कोरिया, जापान और ऑस्ट्रेलिया को भी सुरक्षा मामलों में आत्मनिर्भर होने के लिए कह सकते हैं। इससे इस क्षेत्र में चीन की गतिविधियों पर नियंत्रण पाना मुश्किल हो सकता है।

ट्रम्प की जीत को अमेरिका में ही नहीं, पूरी दुनिया में एक उलटफेर के तौर पर देखा जा रहा है। इसमें कोई संदेह नहीं है की ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल में विश्व व्यवस्था में भी काफी बदलाव हो सकते हैं।

# भारत : ईमानदारी और शुचिता बेहद जरूरी


सुनिधि मिश्रा

हाल ही में इंटरनेशनल डायबिटीज फेडरेशन द्वारा जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2045 तक मधुमेह के रोगियों की संख्या 134 मिलियन होने का अनुमान है। चिंता का विषय यह है कि भारत में मधुमेह का निदान औसतन 10 वर्ष पहले हो रहा है, जो पश्चिमी देशों की तुलना में काफी कम उम्र है। वर्तमान समय में हमारा देश एक गंभीर स्वास्थ्य चुनौती का सामना कर रहा है। वह है मेटाबोलिक सिंड्रोम। यह एक जटिल स्वास्थ्य समस्या है जो उच्च रक्तचाप, मधुमेह (उच्च रक्त शर्करा), असामान्य कोलेस्ट्रॉल स्तर और अधिक शरीर वसा जैसे कई लक्षणों का संयोजन है। अक्टूबर 2023 में, भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद ने एक व्यापक अध्ययन जारी किया, जिसमें पाया गया कि भारत में मेटाबोलिक सिंड्रोम की दर पिछले पांच वर्षों में 15 फीसद बढ़ गई है। यह वृद्धि विशेष रूप से 30-45 वर्ष की आयु वर्ग में देखी गई है, जो चिंता का विषय है।

भारत में मेटाबोलिक सिंड्रोम की स्थिति चिंताजनक है। विशेष रूप से मधुमेह, ह्रदय रोग और मोटापे के संदर्भ में। इन तीनों स्थितियों का मेटाबोलिक सिंड्रोम से गहरा संबंध है और ये एक दूसरे को प्रभावित करती हैं। भारत को 'मधुमेह की राजधानी' के रूप में जाना जाता है, और यह उपाधि बिना किसी कारण के नहीं दी गई है। नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, भारत में लगभग 77 मिलियन लोग मधुमेह से पीड़ित हैं, जो विश्व में दूसरा सबसे बड़ा आंकड़ा है। मेटाबोलिक सिंड्रोम वाले व्यक्तियों में टाइप 2 मधुमेह विकसित होने का जोखिम 5 गुना अधिक होता है। भारतीय आबादी में इंसुलिन प्रतिरोध की उच्च दर पाई गई है, जो मेटाबोलिक सिंड्रोम का एक प्रमुख लक्षण है। मेटाबोलिक सिंड्रोम का दूसरा प्रमुख लक्षण ग्दय रोग है जो कि भारत में मृत्यु का प्रमुख कारण है। भारत में हर साल लगभग 4.77 मिलियन लोगों की मृत्यु ह्रदय रोग के कारण होती है। एक अध्ययन के अनुसार, भारतीयों में ह्रदय रोग का खतरा पश्चिमी आबादी की तुलना में 3-4 गुना अधिक है। मेटाबोलिक सिंड्रोम वाले व्यक्तियों में ह्रदय रोग का जोखिम 2 से 3 गुना अधिक होता है। भारत में ग्दय रोग के मामले युवा आयु वर्ग (30-40 वर्ष) में भी तेजी से बढ़ रहे हैं, जो मेटाबोलिक सिंड्रोम के बढ़ते प्रसार से जुड़ा हो सकता है। मोटापा भी मेटाबोलिक सिंड्रोम का एक प्रमुख घटक है और भारत में यह एक बढ़ती हुई समस्या है। नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे-5 (2019-21) के अनुसार, भारत में 24 फीसदी महिलाएं और 22 फीसदी पुरुष मोटापे या अधिक वजन की समस्या से ग्रस्त हैं। शहरी क्षेत्रों में यह आंकड़ा और भी अधिक है। एक अध्ययन के अनुसार, मेटाबोलिक सिंड्रोम वाले व्यक्तियों में कोविड-19 के गंभीर लक्षण विकसित होने का खतरा 3.4 गुना अधिक था। महामारी के दौरान लॉकडाउन और सामाजिक दूरी के कारण लोगों की शारीरिक गतिविधियां कम हुई और खान-पान की आदतें बिगड़ीं, जिसने मेटाबोलिक सिंड्रोम के जोखिम को और बढ़ा दिया। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में महामारी के दौरान मोटापे के मामलों में 5.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो मेटाबोलिक सिंड्रोम का एक प्रमुख कारक है। महामारी के दौरान से ही वर्क खॅम होम और हाइब्रिड कार्य मॉडल के चलते लोगों की दिनचर्या में बड़े बदलाव आए हैं। एक ताजा सर्वेक्षण के अनुसार, भारत में 68 फीसदी कर्मचारियों ने माना कि वर्क खॅम होम के दौरान उनकी शारीरिक गतिविधियां कम हुई हैं और 42 फीसदी ने अस्वस्थ खाने की आदतों में वृद्धि की सूचना दी। ये दोनों कारक मेटाबोलिक सिंड्रोम के जोखिम को बढ़ाते हैं। एक अनुमान के अनुसार, भारत में मेटाबोलिक सिंड्रोम से जुड़ी बीमारियों के इलाज पर हर साल लगभग 30 बिलियन डॉलर खर्च होते हैं। कोविड-19 महामारी के बाद की आर्थिक चुनौतियों के मद्देनजर, यह व्यय देश की अर्थव्यवस्था पर एक बड़ा बोझ है।

इस बढ़ती समस्या से निपटने के लिए व्यापक रणनीति की आवश्यकता है। सबसे पहले, जागरूकता बढ़ाने की जरूरत है। सरकार और स्वास्थ्य संगठनों को मेटाबोलिक सिंड्रोम के बारे में जन जागरूकता अभियान चलाने चाहिए। लोगों को इसके लक्षणों, कारणों और परिणामों के बारे में शिक्षित करना



महत्त्वपूर्ण है। स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना दूसरा महत्त्वपूर्ण कदम है। नियमित व्यायाम और संतुलित आहार को बढ़ावा देना चाहिए। एक नए सर्वेक्षण के अनुसार, नियमित व्यायाम करने वाले लोगों में मेटाबोलिक सिंड्रोम का जोखिम 30 फीसद तक कम हो जाता है। आहार में सुधार भी अहम है। पारंपरिक भारतीय आहार, जो फलों, सब्जियों और साबुत अनाज से समृद्ध है, को बढ़ावा देना चाहिए। प्रोसेस्ड और जंक फूड पर कर बढ़ाने जैसे नीतिगत हस्तक्षेप भी मददगार हो सकते हैं। हमें याद रखना चाहिए कि स्वस्थ समाज ही एक समृद्ध राष्ट्र का आधार है। मेटाबोलिक सिंड्रोम से लड़ना न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य के लिए महत्त्वपूर्ण है, बल्कि यह हमारे देश के समग्र विकास के लिए भी आवश्यक है।

# ट्रंप ने सूसी विल्स को चीफ ऑफ स्टाफ नियुक्त किया


वॉशिंगटन। हाल ही में अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने आगामी प्रशासन के लिए सूसी विल्स को व्हाइट हाउस चीफ ऑफ स्टाफ नियुक्त किया है। सूसी इस पद पर नियुक्त होने वाली पहली महिला हैं, जिससे यह नियुक्ति ऐतिहासिक बन गई है। ट्रंप ने अपने बयान में सूसी को 'कठोर, बुद्धिमान और नवोन्मेषी' बताया और कहा कि उन्हें इसमें कोई संदेह नहीं है कि सूसी अमेरिका को गौरवान्वित करेंगी। ट्रंप की यह घोषणा उनकी टीम में महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्तियों की शुरुआत को दर्शाती है, और यह निर्णय उनकी सरकार की दिशा और कार्यप्रणाली का संकेत देता है। सूसी विल्स का करियर कई दशकों से अमेरिकी राजनीति में सक्रिय है। वह नेशनल फुटबॉल लीग के प्रसिद्ध खिलाड़ी और खेल प्रसारक पैट समरॉल की बेटी हैं और उन्होंने अपने



राजनीतिक करियर की शुरुआत 1970 के दशक में न्यूयॉर्क रिपब्लिकन जैक केम्प के वाशिंगटन कार्यालय से की थी। इसके बाद, 1980 के दशक में सूसी ने रोनाल्ड रीगन के राष्ट्रपति चुनाव अभियान में भूमिका निभाई, जिससे उनकी राष्ट्रीय राजनीति में एक महत्वपूर्ण पहचान बनी। रीगन के अभियान के बाद वह फ्लोरिडा चली गईं, जहां उन्होंने जैक्सनविले के मेयरों और कई अन्य रिपब्लिकन नेताओं को सलाह दी और चुनावी अभियानों में सफलता हासिल की।

# ट्रंप की जीत के बाद अमेंरिका छोड़ना चाहती हैं एलन मस्क की बेटी

वॉशिंगटन। अरबपति एलन मस्क की बेटी विवियन जेना विल्सन ने अमेरिका छोड़ने की बात कही है।चुनाव नतीजे के बाद ट्रांसजेंडर बेटी ने पोस्ट किया, मैंने कुछ समय पहले यह सोचा था, मगर अब इसकी पुष्टि भी हो गई है। मैं संयुक्त राज्य अमेरिका में अपना भविष्य नहीं देखती हूं। इसलिए अमेरिका छोड़ रही हूं। बता दें कि अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप की व्हाइट हाउस में वापसी के लिए उनके सबसे प्रमुख समर्थकों में से एक एलन मस्क रहे हैं। ट्रंप की जीत में उनका अहम योगदान माना जा रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया के सबसे अमीर आदमी ने फ्लोरिडा में ट्रंप के साथ उनके मार-ए-लागो रिसॉर्ट में चुनावी रात बिताई। ट्रंप की जीत लगभग निश्चित दिखाई देने के बाद मस्क ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, अमेरिका के लोगों ने डोनाल्ड ट्रंप को आज रात बदलाव के लिए स्पष्ट जनादेश दिया।मस्क से



अलग हो चुकी बेटी ने राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की जीत के बाद यह कसम खाई। उन्होंने कहा कि भले ही वह केवल 4 साल के लिए पद पर रहें। भले ही ट्रांस-विरोधी नियम लागू न हों। जिन लोगों ने स्वेच्छा से इसके लिए मतदान किया, वे जल्द नहीं बदलने वाले हैं। रिपोर्ट के अनुसार, पाम बीच कन्वेंशन सेंटर में अपने विजय भाषण में डोनाल्ड ट्रंप ने मस्क की प्रशंसा की थी। उन्होंने मस्क की कंपनियों में से एक स्पेसएक्स की ओर से निर्मित रॉकेट की सफल लैंडिंग को याद करते हुए कई मिनट बिताए। बता दें कि एलन मस्क के बेटे जेवियर ने साल 2022 में 18 साल की उम्र पार करने के बाद अपना जेंडर बदलवाया था। इसके बाद जेवियर ने अपना नाम विवियन जेना विल्सन रखा लिया था। इसे लेकर मस्क ने एक इंटरव्यू में कहा था कि जेंडर बदलवाने की सर्जरी ने उनसे उनके बेटे को अलग कर दिया। इसके जवाब में विवियन कहा, मस्क का कहना था कि मैं एक लड़की नहीं हूं। मैं उनके लिए मर चुकी हूं।

# चीन दुनिया को दिखाएगा अपनी सैन्य ताकत, एचक्यू-19 एंटी बैलिस्टिक मिसाइल का होगा प्रदर्शन

बीजिंग। वैश्विक हथियारों की होड़ में चीन का पांचवीं पीढ़ी का जे-35ए फाइटर जेट पहले से ही सुर्खियों में है। अब चीन एक और आधुनिक हथियार का प्रदर्शन करने जा रहा है। आगामी झुहाई एयर शो (12-17 नवंबर) में चीन एचक्यू-19 एंटी बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस सिस्टम का प्रदर्शन करेगा, जिसे अमेरिका के टीएचएएडी (टर्मिनल हाई एल्टीट्यूड एयर डिफेंस) का विकल्प माना जा रहा है। चीन मीडिया के अनुसार, इस एयर शो में जे-35ए स्टील्थ फाइटर जेट भी लोगों का ध्यान खींचेगा। एचक्यू-19 के बारे में माना जा रहा है कि यह बाहरी वायुमंडल में ही बैलिस्टिक मिसाइलों को नष्ट कर सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस सिस्टम का पहली बार परीक्षण 2021 में हुआ था और यह चीन की सैन्य सेवाओं में शामिल हो चुका है। इसकी सीमा 1000 से 3000 किलोमीटर तक होने का अनुमान



है, जो इसे लंबी दूरी की रक्षा प्रणाली बनाता है। मिलिट्री विशेषज्ञों का मानना है कि एचक्यू-19 अमेरिकी और रूसी एस-400 के समकक्ष है। यह हिट-टू-किल तकनीक का उपयोग कर सकता है, जो मिसाइल को लक्ष्य पर सटीकता से मार गिराने की क्षमता देती है। इस तकनीक को अब तक अमेरिकी इंटरसेप्टर मिसाइलों के लिए प्रमुख माना जाता था। अमेरिकी रक्षा विभाग की 2020 और 2021 की रिपोर्टों में भी चीन के इस मिलिट्री प्रोग्राम का उल्लेख किया गया था, जिसमें इसे बैलिस्टिक मिसाइल सुरक्षा के लिए सक्षम प्रणाली बताया गया है। झुहाई एयर शो चाइना 2024, दक्षिण चीन के गुआंग्डोंग प्रांत में आयोजित होने जा रहा है, और यह इस शो का 15वां संस्करण होगा। दुनियाभर के रक्षा विशेषज्ञ और देशों की नजरें इस शो पर होंगी, जहाँ चीन की आधुनिक रक्षा क्षमताओं का प्रदर्शन किया जाएगा।

# देश के नागरिक प्रतिबद्धता के साथ फिर जुड़ें, हम स्वतंत्रता की रक्षा करेंगे

### ट्रंप की जीत के बाद पत्नी मेलानिया ने अमेरिकियों से की एकता की बात

वाशिंगटन। डोनाल्ड ट्रंप के दूसरी बार अमेरिका के राष्ट्रपति चुने जाने पर उनकी पत्नी मेलानिया ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में लिखा- अधिकांश अमेरिकियों ने हमें यह अहम जिम्मेदारी सौंपी है। हम अपने गणतंत्र की दिल से स्वतंत्रता की रक्षा करेंगे। एकता और देशवासियों की प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि मैं उम्मीद करती हूं कि हमारे देश के नागरिक प्रतिबद्धता के साथ फिर से जुड़ेंगे और व्यक्तिगत स्वतंत्रता, आर्थिक समृद्धि, और सुरक्षा के लिए विचारधारा से ऊपर उठेंगे। बता दें कि बुधवार को डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति चुनाव जीतकर इतिहास रच दिया है। वह हारने होने के बाद फिर चुने जाने वाले अमेरिका के दूसरे राष्ट्रपति बने गए हैं, इससे पहले यह रिकॉर्ड ग्रोवर क्लीवलैंड के पास था,



जिन्होंने 1892 में दूसरी बार चुनाव जीते थे। डोनाल्ड ट्रंप 78 साल की उम्र में व्हाइट हाउस में कदम रखने वाले सबसे उम्रदराज राष्ट्रपति होंगे। ट्रंप की यह जीत इसलिए खास है क्योंकि इस बार रिपब्लिकन पार्टी ने सीनेट में भी बहुमत हासिल कर लिया है। गुरुवार को फ्लोरिडा में अपने समर्थकों को संबोधित करते हुए डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी जीत का एलान किया और इसे अमेरिका का स्वर्ण युग बताया। उन्होंने कहा कि यह अमेरिकी लोगों के लिए एक शानदार जीत है, जो हमें अमेरिका को फिर से महान बनाने का अवसर देगी।



कैलीफोर्निया में एक पहाड़ी पर लगी आग के बीच ही उड़ता हुआ हेलीकॉप्टर।

# ट्रंप के राष्ट्रपति बनने का चीन से संबंधों पर नहीं होगा असर

### -पाकिस्तान ने कहा- अमेरिका हमारा मित्र व साझेदार

इस्लामाबाद (ईएमएस)। अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के नए राष्ट्रपति के रूप में निर्वाचन से चीन के साथ पाकिस्तान के संबंधों पर कोई असर नहीं पड़ेगा। अमेरिका पुराना मित्र व साझेदार है। यह बात पाकिस्तान के विदेश कार्यालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलोच ने कही। उन्होंने बताया कि पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ट्रंप को बधाई दी है। अमेरिका के साथ हमारे संबंध दशकों पुराने हैं। हमें विश्वास है कि आने वाले समय में पाकिस्तान और अमेरिका के संबंध हर क्षेत्र में और भी



मजबूत और व्यापक होंगे। प्रवक्ता ने यह भी कहा कि दोनों देशों के बीच रक्षा, व्यापार, शिक्षा और आपसी हित के कई अन्य क्षेत्रों में गहरा सहयोग है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अमेरिका के किसी भी नए राष्ट्रपति का चुनाव पाकिस्तान-चीन संबंधों पर कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं डालेगा, क्योंकि पाकिस्तान और चीन के बीच का संबंध आयरन ब्रदरहुड के रूप में स्थापित है। बलोच ने स्पष्ट किया कि चीन के साथ पाकिस्तान के संबंध ऐतिहासिक और रणनीतिक हैं। अमेरिका के साथ मजबूत संबंध होने के बावजूद, पाकिस्तान की चीन के प्रति नीतियों में किसी तरह का बदलाव नहीं आएगा। पाकिस्तान के इस रुख से यह साफ है कि वह चीन और अमेरिका दोनों के साथ संतुलित संबंध बनाए रखना चाहता है।

# बांग्लादेश के हिंदू अल्पसंख्यकों में भय का माहौल

### -हिंदुओं पर हमले के बाद भारत और अमेरिका ने जताई चिंता

**ढाका (एजेंसी)।** बांग्लादेश में हालही में हुए हमलों के चलते वहां के हिंदू अल्पसंख्यक समुदाय में भय का माहौल है। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमलों की खबर पर भारत व अमेरिका ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने बांग्लादेश से चरमपंथी तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करने और हिंदू समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया। मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने इन हमलों की निंदा करते हुए बांग्लादेश सरकार से हिंदुओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देने की अपील की। उन्होंने यह भी कहा कि इस हिंसा के पीछे सोशल मीडिया पर फैलाई गई भड़काऊ पोस्ट्स का हाथ है। इन घटनाओं की गूंज अमेरिका तक भी पहुंची है। भारतीय-अमेरिकी सांसद राजा कृष्णमूर्ति ने अमेरिकी विदेश विभाग से आग्रह किया है कि वे बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करें। अमेरिकी विदेश विभाग ने उन्हें यह भरोसा दिलाया कि बांग्लादेश में धार्मिक अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। बता दें कि बांग्लादेश के दक्षिण-पूर्वी बंदरगाह शहर चटगांव में एक मुस्लिम दुकानदार द्वारा इस्कॉन (इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉनशस्नेस) पर सोशल मीडिया पर भड़काऊ टिप्पणी के बाद हिंसा भड़क गई, जिससे कई लोग घायल हो गए और इलाके में तनाव फैल गया।



AP

## हिंदू समुदाय की सुरक्षा पर अंतरराष्ट्रीय दबाव

बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के खिलाफ हो रही हिंसा ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चिंता बढ़ गई है। बांग्लादेश में छात्रों के नेतृत्व वाले आंदोलनों के दौरान मंदिरों पर हमले और तोड़-फोड़ की घटनाओं की बढ़ोतरी हुई है। बांग्लादेश में हिंदू समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भारत और अमेरिका के बीच सहयोग बढ़ता दिख रहा है, जिससे बांग्लादेश सरकार पर दबाव बन रहा है। स्थिति पर बांग्लादेश सरकार की कार्रवाई और अंतरराष्ट्रीय समुदाय के समर्थन के बाद उम्मीद है कि अल्पसंख्यक हिंदुओं की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे ताकि इस समुदाय के लोगों में सुरक्षा का भाव लौट सके।

# पुतिन ने ट्रंप को जीत पर दी बधाई, बातचीत को तैयार



### -अमेरिका के प्रति बदल रहा नजरिया

**मास्को (एजेंसी)।** डोनाल्ड ट्रंप को अमेरिकी राष्ट्रपति बनने पर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बधाई देते हुए कहा कि मॉस्को रिपब्लिकन पार्टी के डोनाल्ड ट्रंप के साथ बातचीत के लिए तैयार हैं। सूत्रों की माने तो ट्रंप के आने से अमेरिका के प्रति पुतिन का नजरिया बदल सकता है। पुतिन ने कहा, मैं इस मौके पर अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में ट्रंप की जीत पर उन्हें बधाई देता हूं। मैंने पहले भी कहा था कि हम किसी भी राष्ट्र प्रमुख के साथ काम करेंगे जिस पर अमेरिकी लोगों को भरोसा है। डोनाल्ड ट्रंप की जीत के बाद पुतिन की यह पहली सार्वजनिक टिप्पणी थी। उन्होंने 14 जुलाई को पेंसिल्वेनिया की चुनावी रैली में ट्रंप की हत्या के प्रयास के दौरान साहस दिखाने के लिए उनकी तारीफ की। ट्रंप की हत्या के प्रयास पर उन्होंने कहा, मेरी राय में उन्होंने बहुत सही बर्ताव किया। एक असली आदमी की तरह साहस दिखाया। पुतिन ने यूक्रेन संकट को समाप्त करने में मदद करने के लिए रूस से संबंधों को बहाल करने की उनकी इच्छा का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि ट्रंप की टिप्पणियां कम से कम ध्यान देने योग्य हैं।

## आइए जानते हैं यूक्रेन युद्ध को लेकर ट्रंप का रुख

ट्रंप कीव और मॉस्को को युद्ध विराम के लिए मजबूर करने कर सकते हैं। इसे लेकर कोई स्थायी समझौता भी हो सकता है। इसमें रूस के कब्जे वाले क्षेत्रों के लिए एक व्यवस्था होगी, जहां 2014 में क्रीमिया का विलय और फरवरी 2022 में यूक्रेन पर आक्रमण के बाद से कब्जा किए गए क्षेत्र शामिल हैं। संभावना है कि ट्रंप भविष्य में यूक्रेन को नाटो का सदस्य बनने से रोकने के लिए रूसी राष्ट्रपति पुतिन की मांगों को स्वीकार कर लें। नाटो के प्रति ट्रंप के नकारात्मक रवैये के मद्देनजर यह कीव के यूरोपीय सहयोगियों पर भी महत्वपूर्ण दबाव होगा। ट्रंप एक बार फिर यूरोपीय देशों को यूक्रेन के मुद्दे पर पुतिन के साथ समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए गठबंधन छोड़ने की धमकी दे सकते हैं।

# अवैध प्रवासियों को अमेरिका से जाना होगा

### -राष्ट्रपति चुने जानें के बाद डोनाल्ड ट्रंप का चुनावी वादे पर जोर

**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी चुनावी वादों में शामिल अवैध प्रवासियों को देश से वापस भेजने के मुद्दे पर जोर देते हुए कहा कि उनका उद्देश्य अमेरिकी सीमा को मजबूत और शक्तिशाली बनाना है, ताकि केवल वैध तरीके से प्रवासियों का प्रवेश हो सके। अवैध प्रवासियों को अमेरिका से जाना होगा।

नवनिर्वाचित ट्रंप ने कहा, हम चाहते हैं कि लोग हमारे देश में आएं, लेकिन यह वैध तरीके से होना चाहिए। राष्ट्रपति चुनाव में जीत के बाद अपने पहले इंटरव्यू में ट्रंप कहा कि वह किसी को देश में घुसने से नहीं रोकते, बल्कि वह चाहते हैं कि सभी लोग कानूनी तरीके से आएं। जब उनसे अवैध प्रवासियों को देश से बाहर भेजने में आने वाली लागत के बारे में सवाल किया गया, तो ट्रंप ने कहा कि इसके लिए लागत कोई मुद्दा नहीं है। उन्होंने कहा, लोगों ने हत्या की है, ड्रग माफियाओं ने देशों को नष्ट कर दिया है, इसलिए ऐसी स्थिति में वापस भेजने की कीमत कोई बड़ा सवाल नहीं है।

**बाइडेन व कमला के साथ बातचीत को सम्मानजनक बताया**

ट्रंप ने पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के साथ अपनी बातचीत को बहुत अच्छी और बहुत सम्मानजनक बताया। उन्होंने कहा कि उन्हें बाइडेन के साथ लंच करने की उम्मीद है, जो अमेरिका के राजनीतिक परिप्रेक्ष्य में महत्वपूर्ण होगा। ट्रंप ने यह भी बताया कि उन्होंने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की सहित 70 विश्व नेताओं से बातचीत की है, लेकिन रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से अभी तक नहीं।

# ऑस्ट्रेलिया का दौरा पूरा कर सिंगापुर पहुंचे विदेश मंत्री जयशंकर

**सिंगापुर (एजेंसी)।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर शुक्रवार को सिंगापुर पहुंचे। वे ऑस्ट्रेलिया का सफल दौरा पूरा करने के बाद सिंगापुर पहुंचे हैं। इस यात्रा के दौरान उन्होंने सिंगापुर के उपप्रधानमंत्री और व्यापार एवं उद्योग मंत्री गान किम योंग से मुलाकात की, जिसमें औद्योगिक पार्क, हरित ऊर्जा, कौशल विकास, नवाचार और सेमीकंडक्टर जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के उपायों पर चर्चा की गई। जयशंकर का यह दौरा भारत और सिंगापुर के बीच द्विपक्षीय साझेदारी को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के उद्देश्य से है। उनके सिंगापुर दौरे के दौरान आसियान (दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के संगठन) - इंडिया नेटवर्क ऑफ थिंक टैंक्स के आठवें गोलमेज सम्मेलन को भी संबोधित करेंगे। इस अवसर पर वे सिंगापुर के शीर्ष नेतृत्व के साथ मिलकर दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को और अधिक मजबूत करने के मार्ग तलाशेंगे। सिंगापुर में जयशंकर ने ट्वीट करते हुए कहा, सिंगापुर के उपप्रधानमंत्री और व्यापार एवं उद्योग मंत्री गान किम योंग से मुलाकात कर सिंगापुर की यात्रा की शुरुआत की। जयशंकर की इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करना है, जिससे भारत और सिंगापुर की सामरिक साझेदारी को और अधिक विस्तार मिलेगा। प्रधानमंत्री मोदी के कूटनीतिक मिशन को बढ़ाते हुए विदेश मंत्री एस. जयशंकर की यह यात्रा भारत की वैश्विक छवि को और अधिक सशक्त बनाने का प्रयास है, जिसमें भारत अपने मित्र देशों के साथ मिलकर विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देने की दिशा में कार्य कर रहा है।

# ट्रंप सरकार में प्रमुख चेहरे होंगे शामिल, भारतीय मूल के कश्यप बन सकते हैं सीआईए प्रमुख

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर साबित कर कर दिया कि वह अमेरिका के राष्ट्रपति पद संभालने की ताकत रखते हैं उन्होंने इस चुनाव में दमदार वापसी की है। 34 आरोपों में दोषी पाए दिए जाने के बावजूद ट्रंप ने 292 निर्वाचक मंडल वोट हासिल किए हैं, जिसे अमेरिकी राजनीति में सबसे बड़ी वापसी माना जा रहा है। ट्रंप सरकार में कई प्रमुख चेहरों को अहम जिम्मेदारी मिलने की उम्मीद है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक भारतीय मूल के कश्यप काश पटेल विशेष रूप से चर्चाओं में है। ट्रंप उन्हें अमेरिका की सेंट्रल इंटेलिजेंस एजेंसी (सीआईए) का प्रमुख बना सकते हैं। वहीं स्कॉट बेसेंट को ट्रंप सरकार का प्रमुख आर्थिक सलाहकार नियुक्त किया जा सकता है। स्कॉट, न्यूयॉर्क स्थित स्क्वायर कैपिटल मैनेजमेंट के सीईओ रहे हैं और वित्तीय क्षेत्र में उनका अनुभव ट्रंप सरकार के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है। रिचर्ड ग्रेनेल को विदेश नीति की जिम्मेदारी दी जा सकती है। ग्रेनेल की विदेश नीति में गहरी समझ और विदेशी नेताओं के साथ उनके अच्छे संबंध हैं। वह यूक्रेन में स्वायत्त क्षेत्र की स्थापना का समर्थन करने को लेकर भी चर्चा में रहे। डिफेंस की कमान माइक वाल्ट्ज को मिल सकती है। वाल्ट्ज अमेरिकी सेना में कर्नल हैं और ट्रंप के करीबी माने जाते हैं। उनका भारत के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण माना जाता है। वित्त मंत्रालय की कमान संभालने के लिए जॉन पॉलसन का नाम सबसे ऊपर है। साथ ही लैरी कुडलो, रॉबर्ट लाइटहाइजर और हावर्ड लुटनिक के नाम भी दावेदारों में शामिल हैं। इन नामों के साथ, ट्रंप अपनी नई सरकार में अनुभवी और वफादार सहयोगियों को अहम पदों पर नियुक्त कर सकते हैं।



# 235 साल बाद भी अमेरिका को नहीं मिल रही महिला राष्ट्रपति, उठने लगे सवाल

### -भारत-पाकिस्तान समेत कई देशों में महिलाएं संभाल चुकी हैं देश की बागडोर

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका राष्ट्रपति चुनाव परिणामों ने एक बार फिर अमेरिका में महिला राष्ट्रपति बनने की संभावना को खत्म कर दिया है। रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप इस दौड़ में विजयी रहे हैं, जबकि डेमोक्रेट उम्मीदवार कमला हैरिस पीछे रह गईं। इस चुनाव ने अमेरिका के लोकतांत्रिक स्वरूप पर फिर सवाल उठ रहे हैं, खासकर महिला नेतृत्व को लेकर।

इतिहासकारों और राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि विक्टोरिया वुडहुल 1872 में राष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवार बनने वाली पहली महिला थीं। अमेरिका को अब तक अपनी पहली महिला राष्ट्रपति नहीं मिल पाई है, जबकि देश में ज्यादातर उच्च पदों पर महिलाओं ने सफलता हासिल की है। यह 235 सालों से ज्यादा का समय हो चुका है, और अब तक कोई महिला अमेरिका का सर्वोच्च पद यानी राष्ट्रपति की कुर्सी पर नहीं बैठ पाई है।


अमेरिका में कई उच्च पदों पर महिलाएं रही हैं, जैसे संसद के दोनों सदनों में महिलाओं की उपस्थिति और कुछ महत्वपूर्ण मंत्रालयों में उनकी भूमिका रही है, लेकिन जब बात राष्ट्रपति पद की आती है, तो अमेरिका का रिकॉर्ड शून्य है। 2016 में हिलेरी क्लिंटन ने राष्ट्रपति पद के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा की थी, लेकिन वह ट्रंप से हार गईं थीं। हालांकि, उन्हें ट्रंप से करीब 28 लाख ज्यादा पॉपुलर वोट मिले थे, लेकिन इलेक्टोरल कॉलेज के बहुमत के कारण ट्रंप की जीत मिली थी।

इसके विपरीत अन्य देश इस मुद्दे पर अमेरिका से कहीं आगे हैं। 1960 में श्रीलंका ने सिरीमावो भंडारनायके को पीएम बनाकर इतिहास रचा था। वह दुनिया की पहली महिला थीं, जिन्हें किसी देश का प्रमुख चुना गया। इसके छह साल बाद भारत ने 1966 में इंदिरा गांधी को पीएम पद पर आसीन किया था। इंदिरा गांधी को आज भी भारत के सबसे ताकतवर प्रधानमंत्रियों में गिना जाता है। पाकिस्तान ने 1988 में बेनजीर भुट्टो को पीएम बनाकर महिलाओं को राजनीति में आगे बढ़ने का उदाहरण पेश किया था।

अमेरिका में महिलाओं की राजनीति में भागीदारी के बावजूद सर्वोच्च पद पर किसी महिला का न होना इस लोकतंत्र पर सवाल खड़े करता है। क्या अमेरिका अपनी पितृसत्तात्मक व्यवस्था से बाहर निकलकर एक महिला को राष्ट्रपति बनाने के लिए तैयार है? यह सवाल अब भी बना हुआ है, और इसके जवाब की तलाश अमेरिकी समाज को करनी होगी।



# फ्रेंच में बात करती नजर आ रही हैं उर्वशी रौतेला



हाल ही में सोशल मीडिया पर बॉलीवुड अभिनेत्री उर्वशी रौतेला एक वीडियो फ्रेंच में बात करती नजर आ रही हैं। वीडियो को अपने इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए उर्वशी ने लिखा, जब आपको फ्रांस से इतना प्यार मिलता है, तो उनकी भाषा को अपनाना ही सही लगता है। फ्रेंच में एक नए सफर की प्रेरणा के लिए धन्यवाद। इस वीडियो में उर्वशी शॉर्ट कस्टम-मेड चमकीला आउटफिट पहने हुए नजर आ रही हैं, जिसमें उनका लुक बेहद आकर्षक लग रहा है। उनका मेकअप और हेयरस्टाइल भी शानदार है, जो उनके ग्लैमरस अंदाज को और भी निखारता है। इस वीडियो में वह न केवल अपनी भाषा कौशल का प्रदर्शन करती हैं, बल्कि अपने फैन्स को एक नया आयाम भी दिखाती हैं। उनके फ्रेंच बोलने का तरीका उनकी बहुमुखी प्रतिभा को दर्शाता है और इसने उनके फैंस को प्रभावित किया है। उर्वशी रौतेला, जो मिस दिवा – मिस यूनिवर्स इंडिया 2015 का खिताब जीतने के बाद प्रसिद्धि की ओर बढ़ी, के पास इस समय कई रोमांचक फिल्म प्रोजेक्ट्स हैं। अभिनेत्री जल्द ही नंदमुरी बालकृष्ण और बॉबी देओल के साथ फिल्म एनबीके 109 में नजर आएंगी। इसके अलावा, वह कमल हासन और शंकर के साथ इंडियन 2 और आफताब शिवदासानी और जस्सी गिल के साथ फिल्म कसूर में भी काम कर रही हैं। उर्वशी रौतेला की आगामी फिल्में अक्षय कुमार के साथ वेलकम 3 और रणदीप हुड्डा के साथ इंस्पेक्टर अविनाश 2 में भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में दिखाई देंगी। वह सनी देओल और संजय दत्त के साथ हॉलीवुड ब्लॉकबस्टर द एक्सपेंडेबल्स के रीमेक बाप में भी अभिनय कर रही हैं। इसके अलावा, वह एक आगामी बायोपिक में परवीन बॉबी का किरदार भी निभाने वाली हैं। उर्वशी ने 2013 में फिल्म सिंह साहब द ग्रेट से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी, और इसके बाद वह सनम रे, ग्रेट ग्रैंड मस्ती, हेट स्टोरी 4 और पागलपंती जैसी कई सफल फिल्मों में दिखाई दीं। इसके अलावा, उन्होंने म्यूजिक वीडियो जैसे लव डोज और गल बन गई में भी अपनी विशेष पहचान बनाई है।



## दीपिका ने वीडियो शेयर कर बताया वर्कआउट का महत्व

छोटे परदे की अभिनेत्री दीपिका सिंह ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर एक मंडे मोटिवेशन वीडियो शेयर किया। अभिनेत्री इस वीडियो में वह सुपरसेट्स करते हुए पैरों और हाथों का वर्कआउट कर रही हैं। इस वर्कआउट के महत्व पर जोर देते हुए दीपिका ने बताया कि सुपरसेट्स का अभ्यास मांसपेशियों की सक्रियता को बढ़ाता है, जिससे मांसपेशियों की वृद्धि और ताकत में सुधार होता है। सुपरसेट्स के फायदे बताते हुए दीपिका ने कहा कि यह सेट्स के बीच आराम की अवधि को घटाकर कम समय में अधिक व्यायाम करने की अनुमति देता है। इसके अलावा, यह हार्ट रेट को बढ़ाकर कैलोरी बर्न और कार्डियोवस्कुलर फिटनेस में सुधार करता है। दीपिका ने वीडियो में एथलेजर पहन रखा था और हल्के वजन के साथ एक्सरसाइज कर रही थीं। उन्होंने अपने कैप्शन में लिखा कि सुपरसेट्स न केवल कसरत के समय को कम करते हैं, बल्कि हृदय की स्थिति को भी बेहतर बनाते हैं। अभिनेत्री का यह वीडियो उनके प्रशंसकों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गया है। पिछले महीने, दीपिका सिंह ने एक और वीडियो शेयर किया था जिसमें वह फाल्गुनी पाठक के गाने अइयो रामा पर डांस करती नजर आईं। हालांकि, यह वीडियो अनपॉलिश और बिना अभ्यास का था, जिसे लेकर उन्हें सोशल मीडिया पर ट्रोल किया गया। ट्रोलिंग का सामना करते हुए दीपिका ने ट्रोलर्स पर निशाना साधते हुए लिखा कि नफरत करने वाले नफरत करेंगे, लेकिन वह इसे शालीनता से स्वीकार करती हैं। उन्होंने आगे लिखा कि वह सोशल मीडिया पर एक्टिव रहना चाहती हैं, भले ही उन्हें इसके लिए ट्रोलिंग का सामना करना पड़े। दीपिका ने कहा, हां, मैं बेहतर कर सकती हूं, लेकिन इसके लिए समय और अभ्यास की जरूरत होती है। अभिनेत्री ने अपनी बात को स्पष्ट करते हुए कहा कि उनके पास माता-पिता, पति और उनके ओडिसी डांस टीचर जैसे समर्थक हैं, जिन्होंने उन्हें शालीनता और धैर्य के साथ जीवन की परिस्थितियों को स्वीकारना सिखाया है। दीपिका ने कहा कि जब उन्हें बिना कारण ट्रोल किया जाता है, तो यह दर्शाता है कि वह अपने काम में अच्छा कर रही हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो दीपिका सिंह फिलहाल कलर्स चैनल पर प्रसारित शो मंगल लक्ष्मी में मुख्य भूमिका निभा रही हैं। बता दें कि दीपिका को शो दीया और बाती हम में संध्या राठी की भूमिका के लिए जाना जाता है।

## सामंथा ने किया वीडियो शेयर, हैवी वर्कआउट करते आ रही नजर

हाल ही में अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक वीडियो शेयर किया। वीडियो में वह जिम में हैवी वर्कआउट करती नजर आ रही हैं। वीडियो के कैप्शन में उन्होंने डिस्ट्रेसिंग लिखा और सिटाडेल हनी बन्नी प्रीमियर का हैशटैग भी जोड़ा, जो उनके वर्कआउट के साथ-साथ उनके अपकमिंग प्रोजेक्ट को भी प्रमोट करता है। सामंथा ने काले रंग की ओवरसाइज्ड टी-शर्ट, शॉर्ट्स और नी कैप पहनी हुई है। इस क्लिप में वह लगभग 40 किलो वजन उठाते हुए स्क्वैट्स कर रही हैं, जो उनकी फिटनेस के प्रति गंभीरता को दर्शाता है। मालूम हो कि सामंथा रुथ प्रभु और वरुण धवन की जोड़ी सिटाडेल- हनी बन्नी में दिखाई देगी, जो राज और डीके द्वारा निर्देशित है। इस शो में वरुण धवन एक कुशल स्टंटमैन बन्नी का किरदार निभा रहे हैं, जबकि सामंथा एक जासूस की भूमिका में नजर आएंगी। कहानी वरुण और सामंथा के इर्द-गिर्द घूमती है, जहां वे अपनी पहचान बदलते हैं और एक रोमांचक मिशन पर निकलते हैं। इस शो में के के मेनन, साकिब सलीम और सिकंदर खेर भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं, जो इस प्रोजेक्ट को और भी दिलचस्प बनाते हैं। हाल ही में सामंथा ने राजस्थान में एक छोटी सी छुट्टी का आनंद लिया, जहां उन्होंने अपनी यात्रा की कई तस्वीरें साझा कीं। इन तस्वीरों में उन्हें मिट्टी के बर्तन बनाने के सत्र में भाग लेते और स्वादिष्ट भोजन का आनंद लेते हुए देखा गया। सामंथा ने पहले भी जंगली जानवरों के साथ प्रकृति की खूबसूरती को समर्पित शानदार तस्वीरें शेयर की थीं, जिसमें उन्होंने लिखा था, 'बाघ के साथ प्रकृति की भव्यता देखी।' इस सप्ताह की शुरुआत में, सामंथा को जयपुर के हवाई अड्डे पर देखा गया, जहां पैपराजी ने उन्हें कैमरे में कैद किया। सामंथा की फिटनेस और उनके प्रोजेक्ट्स के प्रति उनकी लगन उनकी लोकप्रियता में चार चांद लगाते हैं।



## नताशा की जिंदगी में आया कोई नया इंसान?

क्रिकेटर हार्दिक पंडया की पूर्व पत्नी एवं बॉलीवुड एक्ट्रेस नताशा स्टेनकोविक सोशल मीडिया पर अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर कई हिंट दे रही हैं। नताशा ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट डाला है, जिससे यह कयास लगाए जा रहे हैं कि शायद उन्होंने अपनी लव लाइफ में आगे बढ़ने का फैसला किया है। हाल ही में नताशा ने अपने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी शेयर की, जिसमें उन्होंने लिखा, अगर मैं गाड़ी चलाते हुए आपसे बात करूं, तो मैं वाकई आपको पसंद करती हूं। क्योंकि वो मेरा म्यूजिक सुनने का समय है। इस पोस्ट से यह इशारा किया गया कि शायद उनकी जिंदगी में कोई खास इंसान आ गया है। अब सवाल यह उठ रहा है कि नताशा किसे पसंद करती हैं? वह किसके साथ गाड़ी चला रही हैं और किसके साथ बातचीत कर रही हैं? हालांकि नताशा ने इस बारे में सीधे कुछ नहीं कहा है, लेकिन उनके पोस्ट ने उनके फैंस को कन्फ्यूज कर दिया है। फैंस अब यह जानना चाहते हैं कि नताशा की जिंदगी में नया कौन है। नताशा का यह पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है और अब इसे उनकी लव लाइफ से जोड़कर देखा जा रहा है। लोग यह अनुमान लगा रहे हैं कि नताशा शायद किसी को लेकर दिलचस्पी रख रही हैं, लेकिन इस बारे में अब तक नताशा ने कोई साफ-साफ बयान नहीं दिया है। अब यह तो वक्त ही बताएगा कि नताशा ने वाकई अपनी जिंदगी में आगे बढ़ने का फैसला किया है या फिर यह सब सिर्फ अफवाहें हैं। लेकिन एक बात तो साफ है कि नताशा की इस पोस्ट ने सोशल मीडिया पर हलचल मचा दी है और उनके फैंस इस रहस्य के बारे में और जानने के लिए उत्सुक हैं। बता दें कि जब नताशा और हार्दिक का रिश्ता टूटने की खबरें आईं, तो दोनों के फैंस को हैरानी हुई थी। इसके बाद हार्दिक का नाम ब्रिटिश सिंगर जैस्मिन वालिया के साथ जुड़ा था, जिससे यह अफवाहें उड़ी थीं कि हार्दिक अपनी जिंदगी में आगे बढ़ चुके हैं।



## माधवन 'अधीरष्टसाली' से फिर दिल जीतने को तैयार

बालीवुड अभिनेता आर. माधवन अपनी आगामी फिल्म 'अधीरष्टसाली' के साथ एक बार फिर दर्शकों का दिल जीतने के लिए तैयार हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर माधवन ने अपने फर्स्ट लुक का पोस्टर साझा किया, जिससे फिल्म के प्रति उत्सुकता और बढ़ गई है। अभिनेता ने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, गर्व से अपनी फिल्म 'अधीरष्टसाली' का पहला लुक जारी कर रहा हूं। यह मिथ्रान आर जवाहर द्वारा निर्देशित एक शानदार और कभी न भूल पाने वाली यात्रा रही है।पोस्टर में आर. माधवन दोहरी भूमिका में नजर आ रहे हैं। एक तरफ, वह एक बड़े व्यवसायी के रूप में दिखते हैं, जबकि दूसरी तरफ, वह ग्रामीण पृष्ठभूमि में एक आम और परेशान आदमी के रूप में दिखाई देते हैं। इस विविधता ने दर्शकों में फिल्म के प्रति और भी जिज्ञासा पैदा कर दी है। 'अधीरष्टसाली' का निर्देशन मिथ्रान आर जवाहर ने किया है, जिन्होंने 'यारदी नी मोहिनी' और 'थिरुचित्रम्बलम' जैसी सफल फिल्मों का निर्देशन किया है। यह फिल्म माधवन और मिथ्रान की पहली संयुक्त परियोजना है, जो दर्शकों को एक नई कहानी और अनुभव देने का वादा करती है। फिल्म की पटकथा लेखक जयमोहन ने लिखी है, जो अपने बेहतरीन लेखन के लिए जाने जाते हैं।



फिल्म में आर. माधवन के साथ कई प्रतिभाशाली कलाकार भी शामिल हैं, जैसे शर्मिला मांड्रे, राधिका सरथकुमार, मैडोना सेबेस्टियन, साईं धनशिका, जगन, निरूप एनके, उपासना आरसी, मैथ्यू वर्गीस, उदय महेश, केएसजी वेंकटेश और रवि प्रकाश। इसमें शर्मिला मांड्रे मुख्य भूमिका में हैं, जबकि राधिका सरथकुमार माधवन की मां की भूमिका निभा रही हैं। फिल्म की शूटिंग हाल ही में पूरी हुई है और इसमें 'हैरी पॉटर' फिल्म के विक्टोरिया स्ट्रीट पर भी कुछ दृश्य फिल्माए गए हैं। हालांकि, निर्माताओं ने अभी तक फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा नहीं की है, जिससे दर्शकों की उत्सुकता और बढ़ गई है। आर. माधवन के वर्कफ्रंट की बात करें तो, उन्होंने इस साल रिलीज हुई हॉरर फिल्म 'शैतान' में भी अहम भूमिका निभाई थी। 'अधीरष्टसाली' के अलावा, वह शशिकांत द्वारा निर्देशित तमिल फिल्म टेस्ट में भी नजर आएंगे।



## केदारनाथ के पहाड़ पर ट्रैकिंग की सारा अली खान ने

बीते दिनों बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली खान ने केदारनाथ के पहाड़ पर ट्रैकिंग की और इसका वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया। उन्होंने केदारनाथ के ऊपर बादलों के बगीचे की एक झलक दिखाई है। सारा ने इंस्टाग्राम पर एक रील वीडियो शेयर किया, जिसमें वह पहाड़ पर ट्रैकिंग कर रही हैं। पिंक फुल स्लीव टॉप, स्वेटपैंट और बेसबॉल कैप पहने अभिनेत्री ने केदारनाथ की ओर इशारा करते हुए कहा : ये देखो वहां पे है केदारनाथ। इसके बाद वह पहाड़ पर चढ़ती हैं और उन्हें यह कहते हुए सुना जा सकता है- पहाड़ तो खत्म हो गया। इसके बाद वह एक खूबसूरत जगह दिखाती हैं, जहां वह लंबी ट्रैकिंग के बाद पहुंची हैं। कैप्शन में उन्होंने लिखा- आज मैं ऊपर.. आसमान नीचे... कभी नहीं देखे ऐसे बादलों के बगीचे। बैकग्राउंड स्कोर के लिए, सारा ने संजय लीला भंसाली द्वारा निर्देशित 1996 की फिल्म 'खामोशी : द म्यूजिकल' से कविता कृष्णमूर्ति और कुमार सानू द्वारा गाया गया ट्रैक 'आज मैं ऊपर' का इस्तेमाल किया। 4 नवंबर को, सारा ने अज्ञात स्थल से कुछ खूबसूरत क्लिक्स साझा की थी। इसमें सूरज की भी एक झलक थी। कैप्शन में उन्होंने लिखा था : दिवाली के बाद का शूट डे। वास्तविकता में वापस, अभी भी सूरज का पीछा करते हुए।' हालांकि, अभिनेता सैफ अली खान और अमृता सिंह की बेटी अभिनेत्री ने यह नहीं बताया कि वह किस फिल्म की शूटिंग कर रही हैं। 25 अक्टूबर को, सारा ने खुलासा किया कि वह फिल्म निर्माता अमर कौशिक और अभिनेता आयुष्मान खुराना के साथ हिमाचल प्रदेश के मनाली में अपनी अगली फिल्म की शूटिंग कर रही हैं। जिसके बाद, वो 24 मीटर ऊंचे हिडिम्बा देवी मंदिर दर्शन करने पहुंची थीं। सारा ने निर्देशक और अभिनेता के साथ अलाव के पास बैठे हुए कई तस्वीरें साझा कीं। एक तस्वीर में, अभिनेत्री को काले और सफेद रंग की ग्रैफिटी हुडी के साथ गहरे रंग की जींस और इयरमफ्स पहने देखा गया। रंग कोड को ध्यान में रखते हुए, कौशिक और आयुष्मान ने भी काले रंग के कपड़े पहने थे।

## बहुप्रतीक्षित फिल्म आज़ाद का टीज़र जारी

दिग्गज कलाकार अजय देवगन और डायना पेंटी की बहुप्रतीक्षित फिल्म आज़ाद का टीज़र जारी हो चुका है। टीज़र की शुरुआत से ही यह स्पष्ट हो जाता है कि फिल्म एक महाकाव्य एक्शन-एडवेंचर होने का वादा करती है, जो अपनी अनोखी कहानी और भव्य दृश्य प्रस्तुतियों से दर्शकों को आकर्षित करने के लिए तैयार है। फिल्म का टीज़र शेयर करते हुए प्रसिद्ध निर्देशक अभिषेक कपूर की अभिषेक कपूर ने सोशल मीडिया पर लिखा, हर जंग में, हर बहादुर योद्धा के साथ, एक वफ़ादार घोड़ा ज़रूर रहा है। आज़ाद टीजर आउट नाउ। विटनेस द एडवेंचर ऑन बिग स्क्रीन्स दिस जनवरी 2025। इस पोस्ट के साथ उन्होंने फिल्म के रिलीज़ होने की तारीख और सिनेमाघरों में एक्सक्लूसिव टीज़र प्रीमियर की भी जानकारी दी। आज़ाद में बॉलीवुड के दिग्गज कलाकार अजय देवगन और डायना पेंटी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। इसके साथ ही, फिल्म में अमन देवगन और राशा थडानी के रूप में नए चेहरे भी देखने को मिलेंगे, जो अपने डेब्यू से फिल्म को और रोमांचक बनाने का वादा करते हैं। फिल्म का निर्माण रोनी स्क्रूवाला और प्रज्ञा कपूर द्वारा किया गया है, जो अभिषेक कपूर की सिनेमाई प्रतिभा को बड़े पर्दे पर फिर से पेश करने का काम कर रहे हैं। टीज़र से दर्शकों को फिल्म की भव्यता और नाटकीय तत्वों की एक झलक मिलती है। शानदार सिनेमैटोग्राफी और कहानी में छिपे इमोशन्स से भरी आज़ाद यकीनन दर्शकों के लिए एक विशेष अनुभव होगा। फिल्म की कहानी और इसके अद्वितीय कैरेक्टर्स को लेकर फैंस की जिज्ञासा अब और बढ़ गई है। दिवाली पर फिल्म के टाइटल का खुलासा करने के बाद, निर्माताओं ने इस टीज़र को जारी कर एक बार फिर दर्शकों की उम्मीदों को ऊंचा कर दिया है।




## खूबसूरत आउटफिट में नई तस्वीरें साझा की माधुरी ने

हाल ही में, मशहूर एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर लाल रंग की खूबसूरत आउटफिट में अपनी नई तस्वीरें साझा की हैं। एक्ट्रेस ने तस्वीरों के साथ एक शानदार कैप्शन भी दिया है, जिसमें उन्होंने लिखा, लाल मेरे दिल का हाल और साथ ही हैशटैग के साथ शनिवार, फोटो ऑफ दी डे, और प्रमोशंस भी जोड़े हैं।
शेयर की गई तस्वीरों में माधुरी खिलखिलाते हुए हंसती नजर आ रही हैं, जो उनकी अद्वितीय खूबसूरती को और भी निखारती हैं। उनके फैंस ने इन तस्वीरों पर काफी सकारात्मक प्रतिक्रियाएं दी हैं। एक प्रशंसक ने लिखा, ओएमजी, वहीं दूसरे ने कहा, क्या बात है और एक अन्य ने उनकी खूबसूरती की तारीफ करते हुए लिखा, आप इतनी खूबसूरत क्यों हैं? माधुरी दीक्षित की बहुप्रतीक्षित फिल्म भूल भुलैया 3 हाल ही में सिनेमाघरों में रिलीज हुई है, जिसमें उन्होंने मंजुलिका के किरदार में दर्शकों का दिल जीता है। इस फिल्म के बारे में बात करते हुए, माधुरी ने कहा, मैं डरावनी भूमिका में दर्शकों के सामने आने के लिए तैयार हूं। उन्होंने यह भी बताया कि उन्हें हॉरर फिल्में ज्यादा पसंद नहीं हैं क्योंकि वह खुद डर जाती हैं, लेकिन इस प्रकार की फिल्में उनके लिए एक नई शुरुआत का संकेत देती हैं।
फिल्म 'भूल भुलैया 3' में माधुरी दीक्षित के साथ कार्तिक आर्यन, विद्या बालन, और तृप्ति डिमरी जैसे कलाकार भी मुख्य भूमिका में हैं। अनीस बज्मी द्वारा निर्देशित इस फिल्म में राजपाल यादव और संजय मिश्रा भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आ रहे हैं। माधुरी दीक्षित का यह नया अवतार और उनकी अदाकारी ने न केवल दर्शकों का दिल जीतने में कामयाबी पाई है, बल्कि फिल्म की सफलता में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनकी ये नई तस्वीरें और फिल्म की चर्चा उनके फैंस के बीच एक बार फिर से हलचल मचा रही हैं। बॉलीवुड की 'धक धक गर्ल' माधुरी दीक्षित एक बार फिर से सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं।



# चैंपियंस ट्रॉफी : झुका पीसीबी, 'हाइब्रिड मॉडल' अपनाने को तैयार, यूएई में खेलेगा भारत

**कराची (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) अपने पिछले रुख से पीछे हटते हुए अपनी मेजबानी में होने वाली 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के कार्यक्रम में बदलाव करने को तैयार है और भारत के मुकाबले यूएई में हो सकते हैं। सूत्रों ने यह जानकारी दी। इसका मतलब यह है कि टूर्नामेंट 'हाइब्रिड मॉडल' में आयोजित किया जा सकता है क्योंकि मौजूदा सामाजिक-राजनीतिक माहौल और राष्ट्रीय टीम के लिए सुरक्षा चिंताओं को देखते हुए भारत सरकार के अपनी टीम को पाकिस्तान की यात्रा करने की अनुमति देने की संभावना नहीं है। पाकिस्तान ने पिछली बार जब 2023 में एशिया कप की मेजबानी की थी तो इसका आयोजन भी 'हाइब्रिड मॉडल% में किया गया था जिसमें भारत ने अपने मैच श्रीलंका में खेले थे क्योंकि सरकार ने खिलाड़ियों को सीमा पार यात्रा करने की अनुमति देने से इनकार कर दिया था।

पीसीबी के एक विश्वसनीय सूत्र का कहना है कि पीसीबी को लगता है कि भले ही भारत सरकार पाकिस्तान दौरे को मंजूरी ना दे लेकिन कार्यक्रम में थोड़ा बदलाव किया जा सकता है क्योंकि पूरी संभावना है कि भारत अपने मैच दुबई या शारजाह में खेलेगा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) अपनी ओर से किसी भी बोर्ड को अपनी सरकारी नीति के खिलाफ जाने के लिए मजबूर नहीं कर सकता और यह देखना दिलचस्प होगा कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) इस मामले में अंतिम फैसला कब लेता है। जब अंतिम फैसला होने की संभावना है तब आईसीसी की अध्यक्षता भारत के जय शाह करेंगे। इस बीच पीसीबी आईसीसी पर अगले सप्ताह तक टूर्नामेंट के कार्यक्रम की घोषणा करने के लिए दबाव डाल रहा है क्योंकि वैश्विक संचालन संस्था के कुछ शीर्ष अधिकारी अगले सप्ताह फिर से लाहौर का दौरा करने वाले हैं।

सूत्र ने कहा कि पीसीबी ने आईसीसी के साथ उस संभावित कार्यक्रम पर चर्चा की है जो उन्होंने कुछ महीने पहले भेजा था और वह चाहता है कि 11 नवंबर को उसी कार्यक्रम की घोषणा की जाए। उन्होंने कहा कि उन्होंने आईसीसी से कहा है कि संशोधित बजट के साथ एक वैकल्पिक योजना पहले से ही मौजूद है इसलिए संभावित कार्यक्रम जारी करने में देरी करने का कोई मतलब नहीं है। सूत्र ने कहा कि पीसीबी ने आईसीसी से यह भी कहा है कि वह बीसीसीआई पर यह पुष्टि करने के लिए दबाव डाले कि क्या वे अगले साल फरवरी-मार्च में होने वाली प्रतियोगिता के लिए अपनी टीम पाकिस्तान भेजेंगे। सूत्र ने कहा कि पीसीबी चाहता है कि बीसीसीआई लिखित में दे कि उन्हें अपनी टीम पाकिस्तान भेजने के लिए अपनी सरकार से अनुमति मिली है या नहीं।

पीसीबी द्वारा प्रस्तावित अस्थायी कार्यक्रम के अनुसार अगले साल एक मार्च को लाहौर में चिर प्रतिद्वंद्वी भारत और पाकिस्तान के बीच



चैंपियंस ट्रॉफी का मुकाबला होना है। टूर्नामेंट 19 फरवरी 2025 को शुरू होगा जिसका पहला मैच पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच कराची में होगा। फाइनल नौ मार्च को लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में होगा। अस्थायी कार्यक्रम के अनुसार सुरक्षा और साजों-सामान से जुड़े कारणों से भारत के सभी मैच लाहौर में ही रखे गए हैं। सूत्रों के अनुसार पीसीबी कराची, लाहौर और रावलपिंडी में अपने स्टेडियमों के नवीनीकरण पर लगभग 13 अरब रुपये खर्च कर रहा है जहां चैंपियन्स ट्रॉफी के मैच होने हैं।

# ऋषभ, रोहित और विराट हमारे निशाने पर रहेंगे : कमिंस



**सिडनी (एजेंसी)।** इस माह 22 नवंबर से शुरु हो रही बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट सीरीज को लेकर ऑस्ट्रेलियाई टीम ने अपनी रणनीति बनानी शुरु कर दी है। आगामी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्लयूटीसी) फाइनल को देखते हुए ये सीरीज बेहद अहम मानी जा रही है। इसी को देखते हुए ऑस्ट्रेलियाई टीम अपनी ओर से कोई कमी नहीं रखना चाहती है। पिछले एक दशक से वह भारत से ये सीरीज नहीं जीत पायी है। ऐसे में इस बार कमिंस घरेलू धरती पर ये सीरीज जीतकर प्रशंसकों को खुश करना चाहेंगे। कमिंस ने कहा कि इस सीरीज में उसके निशाने पर आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत के अलावा भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा और अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली हैं। कमिंस ने कहा कि ऋषभ जबरदस्त फार्म में हैं ऐसे में हमें उनपर अंकुश लगाना होगा। जहां तक रोहित और विराट की बात है ये दोनो ही हाल के समय में फार्म में नहीं हैं पर ये सोचकर कम आराम से नहीं बैठ सकते क्योंकि ये दोनो ही विश्व के बेहतरीन बल्लेबाज हैं जो कभी भी मैच पलट सकते हैं। विराट का रिकार्ड ऑस्ट्रेलिया में काफी अच्छा रहा है। ऐस में कमिंस ने कहा कि इन तीनों के लिए गेम प्लान तैयार हैं।

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 5 मैच की बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट सीरीज का आगाज 22 नवंबर से होने जा रहा है। न्यूजीलैंड से 0-3 से सीरीज हारने के बाद टीम इंडिया का मनोबल गिरा है। कमिंस ने ऋषभ को लेकर कहा कि, हां वह हमेशा खेल को बहुत तेजी से आगे बढ़ाता है इसलिए कुछ खिलाड़ियों के लिए, आपके पास कुछ ठोस योजनाएं भी होनी चाहिए। उसने न्यूजीलैंड के खिलाफ अच्छा खेला है, उसने पिछली बार ऑस्ट्रेलिया में एक अच्छी सीरीज खेली थी। हम जानते हैं कि जब वह आगे बढ़ता है तो वह खतरनाक हो सकता है इसलिए कोशिश करेंगे और कुछ अच्छी योजनाएं बनाएंगे और उम्मीद करेंगे कि वे सफल हों।

# कुछ महीनों से हमारी परीक्षा की घड़ी चल रही है- डरबन टी20 से पहले बोले ऐडन मार्कराम



**डरबन (एजेंसी )।** बारबाडोस में जब से दक्षिण अफ्रीका ने भारत से पुरुष टी-20 विश्व कप फाइनल 2024 गंवाया है, तब से वह इस फार्मेट में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। वेस्टइंडीज के खिलाफ पिछली सीरीज से वह 3-0 से हार गए। इसके अलावा संयुक्त अरब अमीरात में आयरलैंड के खिलाफ सीरीज 1-1 से ड्रा रही। इसी बीच भारत के खिलाफ सीरीज शुरू होने से पहले दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडेन मार्कराम ने स्वीकार किया है कि इस प्रारूप में पिछले कुछ महीने उनके लिए कठिन रहे हैं, लेकिन उन्हें अपनी टीम के लिए अच्छे दिन देखने की उम्मीद है, क्योंकि शुक्रवार को किंग्समीड में श्रृंखला के पहले मैच में उनका सामना भारत से होगा।

मार्कराम ने कहा कि अभी कुछ महीनों से इसका परीक्षण चल रहा है। जाहिर है, हमने इसके पीछे के कारणों, विकास के अवसरों, उन चीजों पर ध्यान दिया है जो लंबे समय में दक्षिण अफ्रीका में क्रिकेटरों को बेहतर बनाने वाली हैं। मार्कराम ने कहा कभी-कभी आपको इस कठिन समय से गुजरना पड़ता है और उम्मीद है कि एक टीम के रूप में सुरंग के अंत में हमारे लिए कुछ रोशनी होगी। जाहिर तौर पर दक्षिण अफ्रीका के लिए मैच जीतना और सीरीज जीतना चाहता हूं। लेकिन आप बड़ी तस्वीर पर ध्यान दें, आप इस बात पर ध्यान दें कि इससे दक्षिण अफ्रीका में क्रिकेट को आगे बढ़ने में कितनी मदद मिलेगी।

दक्षिण अफ्रीका और भारत के बीच 4 मैचों की टी20 श्रृंखला भी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मेगा नीलामी की पृष्ठभूमि में हो रही है, जो 24 और 25 नवंबर को जेद्दा में होने वाली है। भारत के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन कई लोगों के लिए बड़े आईपीएल सौदों की उम्मीद कर सकता है। उन्होंने कहा कि जैसा कि हम सभी जानते हैं, खिलाड़ियों के लिए बहुत सी चीजें हो सकती हैं और हम भाग्यशाली हैं कि हम नीलामी होने से ठीक पहले (भारत) के खिलाफ श्रृंखला में खेल रहे हैं। यह काफी हद तक अच्छा प्रदर्शन करने का बोनस होगा।

# भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया में जीत के लिए हाल में मिली असफलताओं से उबरना होगा : संदीप पाटिल

**मुंबई (एजेंसी )।** भारत क्रिकेट टीम के पूर्व बल्लेबाज संदीप पाटिल ने कहा है कि ऑस्ट्रेलिया दौरे में भारतीय टीम को अगर जीत दर्ज करनी है तो उसे न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में मिली हार से उबरना होगा। पाटिल ने कहा कि कमजोर मनोबल के साथ कोई भी टीम नहीं जीत सकती। इसलिए खिलाड़ियों को पिछली गलतियों से सबक लेते हुए आगे बढ़ना होगा। जिससे टीम ऑस्ट्रेलिया में जीत की राह पर लौट सके। न्यूजीलैंड के खिलाफ हार के बाद भारतीय टीम की विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने की संभावना भी कम हुई है। अब उसके ऑस्ट्रेलिया के पांच टेस्ट मैचों में से चार जीतने होंगे। इसी को लेकर पाटिल का मानना है भारतीय टीम अभी भी काफी अच्छी है



और मेरा मानना है कि कीवी टीम के खिताफ लगे झटकों से वह नहीं डरी होगी।

पाटिल ने कहा कि उन्हें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसकी धरती पर ही खेलना है। उन्हें यह भूलना होगा कि पिछली बार वहां क्या हुआ था। उन्हें न्यूजीलैंड के खिलाफ हुई सीरीज में जो हुआ उसे भी भूलकर आगे बढ़ना होगा। उन्होंने कहा कि विश्व कप जीतने से पहले हम सभी अभ्यास मैच हार गये थे। इसी को देखते हुए आपको सकारात्मक सोचना होगा और सकारात्मक तरीके से खेलना होगा, तभी आपको अपनी पसंद के परिणाम मिलेंगे। पाटिल ने कहा कि जीत के लिए आक्रामक रुख अपना होगा क्योंकि अगर आप रक्षात्मक क्रिकेट खेलते हैं और जीतने के बारे में सोचते हैं तो ऐसा नहीं होने वाला है। हालांकि पाटिल ने कहा कि न्यूजीलैंड के खिलाफ पहली सीरीज में 3-0 की हार भारतीय टीम के लिए एक चेतावनी है। उन्होंने कहा कि सीरीज में यह हार एक चेतावनी की तरह थी। ऐसा नहीं है कि हमारी टीम खराब हो गयी है। कुछ महीने पहले उन्होंने टी20 विश्व कप जीता था। हमारी टीम में कुछ बड़े खिलाड़ी हैं जो इस हार से सबक लेकर दमदार वापसी करेंगे।

# राहुल दूसरी पारी में अजीब तरीके से आउट हुए

मेलबर्न। बल्लेबाज केएल राहुल एक बार फिर असफल रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया दौरे में लय हासिल करने के लिए राहुल को भारत ए की टीम में शामिल किया गया था पर उन्होंने यहां भी निराश किया। राहुल ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ जहां पहली पारी में केवल चार रन ही बना पाये। वहीं दूसरी पारी में वह 44 गेंदों पर 10 रन ही बना पाये और अजीब तरीक से आउट हुए। दूसरी पारी में ऑफ स्पिनर कोरी रोच्चिचोली की गेंद लेग स्टंप के बाहर जा रही थी पर इसके बाद भी राहुल का ऑफ स्टंप उड़ा ले गयी। राहुल ने इस दौरान गेंद को से पैड से धकेलने का भी प्रयास किया पर वह सीधे विकेट में चली गयी। इस प्रकार से राहुल को आउट होते देख सभी हैरान हो गये। यहां तक कि कमेंटेटर भी कुछ समझ नहीं पाये। राहुल के बोल्ड होने के बाद कमेंटेटर ने कहा, मुझे नहीं पता कैसे लेकिन यह आउट है। गेंद राहुल के दोनों पैरों के बीच से होकर विकेट पर जा लगी। इस मैच में सलामी बल्लेबाज के तौर पर उतरे राहुल ने 44 गेंदों पर 10 रन बनाये थे। इस प्रकार दूसरी पारी में भी भारतीय टीम लड़खड़ा गयी और उसके आधे खिलाड़ी 56 रनों के अंदर पेवेलियन लौट गये। अभिमन्यु ईश्वरन ने 17 रन जबकि साई सुदर्शन ने 3 रन बनाये। कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने एक बार फिर निराश किया। वह 1 रन ही बना पाये।

# वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड ने अल्जारी पर दो मैचों का प्रतिबंध लगाया

नई दिल्ली । वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ को इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में गुस्सा दिखाते हुए मैदान छोड़ना भारी पड़ा है। वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड ने अल्जारी पर दो मैच के लिए प्रतिबंध लगा दिया है। इस मैच में अल्जारी ने कप्तान के एक फैसले पर नाराजगी जताते हुए मैदान छोड़ दिया था। ऐसे में टीम को कुछ समय के लिए 10 खिलाड़ियों के साथ ही खेलना पड़ा था। कुछ देर बार जोसेफ वापस मैदान में आए और उन्होंने अपने कोटे के 10 ओवर पूरे किए। मगर जोसेफ से रवैये से नाराजगी जताते हुए वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड ने उन पर ये प्रतिबंध लगाया है। यह घटना इंग्लैंड की पारी के चौथे ओवर की है। अज्जारी कप्तान शाई होप की लगायी हुई फिल्डिंग से सहमत नहीं थे और उन्होंने इसे बदलने को कहा पर कप्तान इसके लिए तैयार नहीं हुए। इसपर अल्जारी ने तेज गेंदबाजी करते हुए ओवर पूरा कर दिया और मैदान से बाहर चले गये। ।

# भारतीय टीम वापसी करेगी, एक सीरीज हारने से खराब नहीं हो गयी : लाथम

वेलिंगटन । न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लाथम ने भारतीय टीम की आलोचना करने वालों को करारा जवाब देते हुए कहा है कि एक सिरीज हारने का मतलब ये नहीं है कि भारतीय टीम कमजोर हो गयी है। लाथम ने कहा कि भारतीय टीम अभी भी काफी अच्छी है और वह शानदार वापसी करेगी। लाथम की कप्तानी में भी कीवी टी ने तीन टेस्ट मैचों की सीरीज में भारतीय टीम को 3-0 से हराया था। स्वदेश पहुंचने पर



लाथम ने कहा, भारतीय क्रिकेट वास्तव में विशेष है। हमने उनके खिलाफ बहुत खेला है। हमारे खिलाड़ी आईपीएल में उनके साथ खेलते रहे हैं। वे निश्चित रूप से हार में भी उदार थे और वे अभी भी एक शीर्ष स्तर वाली टीम हैं। वे निश्चित रूप से एकाएक खराब टीम नहीं बन जाते हैं और मुझे भरोसा है कि वे समय के साथ हालातों को बदल देंगे। लाथम ने कहा कि सीरीज की जीत इसलिए भी हमारे लिए अच्छी रही क्योंकि हमें इससे पहले श्रीलंका के खिलाफ 0-2 से हार का सामना करना पड़ा था। उन्होंने कहा, जब हम कुछ सप्ताह श्रीलंका में थे, जहां चीजें हमारे अनुरुप नहीं थी तब भी हम निराश नहीं थे। ऐसे में मुझे लगता है कि जब आप कुछ ऐसा हासिल कर पाते हैं जो पहले हासिल नहीं हुआ, तो यह समय और भी खास हो जाता है। यह केवल जश्न मनाने के बारे में है। हमारे पास वहां ठीक होने के लिए कुछ अतिरिक्त दिन थे, इसलिए यह बहुत अच्छा था। न्यूजीलैंड टीम अब अपनी घरेलू धरती पर तीन मैचों की सीरीज में इंग्लैंड का मुकाबला करेगी। इसी को लेकर और लाथम ने कहा कि अब आक्रामक क्रिकेट का सामना करना उनकी टीम को एक अलग प्रकार की चुनौती होग। इंग्लैंड अपनी आक्रामक शैली के लिए जानी जाती है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि यह एक रोमांचक सीरीज होगी।


# पाकिस्तान ने दूसरे एकदिवसीय में ऑस्ट्रेलिया को 9 विकेट से हराया

## -सीरीज 1-1 से बराबरी पर आई

**एडीलेड (एजेंसी)।** हारिस रऊफ , सैम अयूब और अब्दुल्ला शफीक के शानदार प्रदर्शन से पाकिस्तान क्रिकेट टीम ने यहां ऑस्ट्रेलिया को दूसरे एकदिवसीय मैच में 9 विकेट से हराकर सीरीज में 1-1 से बराबरी की है। इस मैच में पाक टीम ने जीत के लिए मिले 163 रनों के लक्ष्य को केवल एक विकेट के नुकसान पर ही 26.3 ओवर में हासिल कर लिया। यह आस्ट्रेलिया में पाकिस्तान की सबसे बड़ी जीत है । इस मैच में पाक टीम ने ऑस्ट्रेलिया को पहले बल्लेबाजी करते हुए 35 ओवरों में ही 163 रनों पर समेट दिया। इसके बाद जीत के लिए मिले लक्ष्य को आराम से हासिल कर लिया। पाकिस्तान की ओर हारिस रऊफ ने घातक गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट लिए जबकि बल्लेबाजी में सैम अयूब ने सबसे अधिक 82 रन बनाए।

163 रनों के लक्ष्य को पाकिस्तान ने आसानी से हासिल कर लिया। शफीक और अयूब ने मिलकर पहले विकेट के लिए 137 रन जोड़ बनाये। मिचेल स्टार्क और पैट कमिंस इनपर दबाव नहीं डाल पाये। अयूब ने 71 गेंदों पर 82 रन बनाए, जिसमें पांच चौके और छह छक्के शामिल थे। वहीं शफीक 69 गेंदों पर 64 रन बनाकर नाबाद रहे और बाबर आजम 20 गेंद पर 15 रन बनाकर नाबाद रहे। बाबर ने छक्का लगाकर पाक टीम को जीत दिलायी। मो रिजवान की कप्तानी में ये पाक टीम की पहली जीत है।

इससे पहले पाकिस्तान ने टॉस जीता और पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया जो सही रहा। ऑस्ट्रेलियाई टीम 35 ओवर में 163 रन ही बना पायी। स्टीव स्मिथ के अलावा सभी खिलाड़ी विफल रहे। स्मिथ ने सबसे अधिक 35 रन बनाये। अन्य बल्लेबाज 20 रनों तक भी नहीं बना पाये। राउफ ने आठ ओवर में 29 रन देकर पांच विकेट लिए जबकि शाहीन अफरीदी ने 8 ओवर में 26 रन देकर तीन विकेट लिए। नसीम को केवल एक विकेट मिला।



# डब्ल्यूटीए फाइनल्स : कोको गॉफ को हराकर क्रेजिसिकोवा सेमीफाइनल में, स्वियातेक बाहर



रियाद । बारबोरा क्रेजिसिकोवा ने कोको गॉफ को सीधे सेटों में 7-5, 6-4 से हराकर डब्ल्यूटीए फाइनल्स के सेमीफाइनल में प्रवेश किया जिससे दूसरी वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक जीत दर्ज करने के बावजूद वर्ष के इस अंतिम टेनिस टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। क्रेजिसिकोवा सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली अंतिम खिलाड़ी है। शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका, झेंग किनवेन और गॉफ पहले ही अंतिम चार में अपनी जगह सुरक्षित कर चुकी थी। विंबलडन चैंपियन क्रेजिसिकोवा ऑरेंज ग्रुप में शीर्ष पर रही और सेमीफाइनल में उनका मुकाबला झेंग से होगा। एक अन्य सेमीफाइनल में गॉफ पर्पल ग्रुप विजेता सबालेंका से भिड़ेंगी। स्वियातेक ने डारिया कसाटकिना को एक घंटे से भी कम समय में 6-1, 6-0 से हराया, लेकिन गॉफ की क्रेजिसिकोवा पर जीत से ही वह ऑरेंज ग्रुप से आगे बढ़ पाती।

# ऑस्ट्रेलिया को हराते ही पाकिस्तान ने भारत को पछाड़ा, ये खास रिकॉर्ड तोड़ा

**एडीलेड (एजेंसी)।** वेस्टइंडीज ने ऑस्ट्रेलिया में कुल 75 वनडे इंटरनेशनल मैच जीते हैं, इसके बाद इंग्लैंड का नाम आता है, जिसने ऑस्ट्रेलिया में 53 मैच जीते हैं। पाकिस्तान तीसरे नंबर पर 41 मैचों मे जीत के साथ है। वहीं भारत ने ऑस्ट्रेलिया में कुल 40 मैच जीते हैं। एशियाई टीमों में अब पाकिस्तान ने भारत को पीछे छोड़ दिया है। ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज का पहला मैच तीन विकेट से जीता था।

मैच की बात करें तो पाकिस्तान ने टॉस जीता और ऑस्ट्रेलिया को पहले बल्लेबाजी करने का न्योता दिया। ऑस्ट्रेलियाई टीम 35 ओवर में ही 163 रनों पर ऑलराउडर हो गई। हारिस राउफ ने पांच विकेट चटकाए और प्लेयर ऑफ द मैच भी चुने गए। हारिस राउफ ने पांच विकेट चटकाए और प्लेयर ऑफ द मैच भी चुने गए। वहीं शाहीन अफरीदी ने तीन विकेट निकाले। ऑस्ट्रेलिया की ओर से स्टीव स्मिथ ने सबसे ज्यादा 35 रनों का योगदान दिया। स्मिथ के अलावा किसी और ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ने 20 रन तक नहीं बनाए। 13 से 19 रनों के बीच बाकी बल्लेबाज आउट होते गए।



इसके जवाब में पाकिस्तान ने 26.3 ओवर में ही एक विकेट पर 169 बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। सैम अयूब ने 82 रनों की पारी खेली, वहीं अब्दुल्ला शफीक ने 64 रन बनाए।

# पूर्व पाक तेज गेंदबाज बोला, शफीक और अयूब किसी काम के नहीं

## -पीसीबी की चयन प्रणाली पर उठे सवाल

लाहौर । पाकिस्तान के पूर्व पाक तेज गेंदबाज सिकंदर बख्त ने कहा है टीम में शामिल दो बल्लेबाज अब्दुल्ला शफीक और सैम अयूब किसी काम के नहीं हैं। बख्त ने कहा कि इस प्रकार के खिलाड़ियों को रखने से कोई लाभ नहीं जो टीम पर एक प्रकार से बोझ से अधिक कुछ नहीं हैं। इस पूर्व तेज गेंदबाज ने टीम के खराब प्रदर्शन पर चिनता जतायी है और कहा कि अनभवी खिलाड़ी भी अपनी जिम्मेदारी नहीं निभा रहे। पाक टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चल रही एकदिवसीय सीरीज के पहले ही मैच में हार का समना करना पड़ा था। बख्त ने वरिष्ठ और युवा दोनों खिलाड़ियों के खराबा फॉर्म पर नाराजगी जतायी है। इस पूर्व क्रिकेटर के बयान के बाद पाक टीम की चयन प्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं।

1976 और 1989 के बीच पाकिस्तान के लिए 26 टेस्ट मैच और 27 एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैच इस पूर्व तेज गेंदबाज ने कहा कि अनुभवी होने के बाद भी बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान टीम को आगे नहीं ले जा पा रहे हैं। इससे इनकी नेतृत्व क्षमता पर भी सवाल उठ रहे हैं। बख्त ने कहा कि बाबर और रिजवान टीम के सबसे अनुभवी खिलाड़ी हैं, फिर भी वे कठिन समय में टीम को सही दिशा नहीं दे पा रहे। उन्होंने कहा कि मैच विजेता खिलाड़ी फखर जमान को टीम से बाहर किया जान भी एक गलत फैसला रहा। बख्त ने हालांकि गेंदबाज नसीम शाह के रवैये की प्रशंसा की। इस तेज गेंदबाज ने पहले एकदिवसीय में दबाव के बाद भी अच्छी गेंदबाजी की। नसीम की गेंदबाजी के कारण एक समय ऑस्ट्रेलियाई टीम के हाथ से मैच निकलने लगा था पर अंत में कप्तान पैट कमिंस ने अच्छी बल्लेबाजी कर अपनी टीम को लक्ष्य तक पहुंचा दिया।

# प्रत्येक महीने ट्रेनिंग के लिए दक्षिण अफ्रीका जाएंगे नीरज चोपड़ा, इसलिए लिया फैसला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा अगले साल होने वाली प्रतियोगिताओं की शुरुआती तैयारी शुरू करने की मुहिम में सत्र के इतर ट्रेनिंग के लिए इस महीने के अंत में दक्षिण अफ्रीका के पोटचेफस्ट्रूम जाएंगे। ओलंपिक में 2 बार के पदक विजेता 26 वर्षीय नीरज अंतिम बार सितंबर में डायमंड लीग फाइनल में खेले थे। वह दक्षिण अफ्रीका के इस शहर में ट्रेनिंग के लिए 31 दिन रहेंगे। चोपड़ा की ट्रेनिंग का खर्चा खेल मंत्रालय उठाएगा।

मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा कि वह अपनी ट्रेनिंग जल्दी शुरू करेंगे और 31 दिन के लिए पोटचेफस्ट्रूम में रहेंगे। इसके अनुसार- नीरज की ट्रेनिंग का खर्च खेल मंत्रालय उठाएगा जिसमें उनके और उनके फिजियोथेरेपिस्ट के दक्षिण अफ्रीका में रहने के दौरान रहने, खाने-पीने और ट्रेनिंग का खर्च शामिल होगा। चोपड़ा ने पहले भी तोक्यो और पेरिस ओलंपिक से पहले कई बार पोटचेफस्ट्रूम में ट्रेनिंग की है। उन्होंने जनवरी 2020 में भी वहां एक प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था जो दुनिया भर में कोविड-19 महामारी फैलने से ठीक पहले हुई थी।

चोपड़ा पूरे वर्ष जांघ की मांसपेशियों की परेशानी से जूझते रहे जिससे पेरिस ओलंपिक और डायमंड लीग फाइनल में उनका प्रदर्शन भी प्रभावित हुआ। उन्होंने सत्र के अंत में डॉक्टरों से परामर्श लेने की बात कही थी ताकि वह इस समस्या से निजात पाने के लिए सर्जरी कराने या नहीं कराने पर फैसला ले सकें। लेकिन 27 सितंबर को पीटीआई से बात करते हुए चोपड़ा ने चोट की चिंताओं को खारिज कर दिया था और कहा था कि वह अपनी तकनीक सुधारने की कोशिश करेंगे।

तोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने के 3 साल बाद पेरिस ओलंपिक में रजत पदक जीतने वाले इस स्टार एथलीट ने कहा था कि यह चोटों से घिरा हुआ वर्ष रहा लेकिन अब चोट ठीक है। मैं नये सत्र के लिए पूरी तरह फिट रहूंगा। हाल में वह जर्मनी के कोच क्लॉस बार्टोनिट्ज से अलग हो गये जिन्होंने पारिवारिक प्रतिबद्धताओं का हवाला देते हुए स्टार भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी के साथ अपनी पांच साल की साझेदारी समाप्त कर दी।



# भारतीय विदेश मंत्री जयशंकर ने कनाडा को सबक सिखाने बनाया मास्टर प्लान

### – फाइव-आइज देशों के सहयोग से पीएम ट्रूडो पर बनाया जाएगा दबाव

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और कनाडा के बीच तनाव बना हुआ है, जब कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो ने भारत को अपने दुश्मन देशों की सूची में डाल दिया है। इस पर भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कनाडा को सबक सिखाने मास्टर प्लान तैयार किया है। जयशंकर जो भारत की विदेश नीति के प्रमुख रणनीतिकार माने जाते हैं, इस समय वैश्विक कूटनीति में सक्रिय हैं और उनका मुख्य लक्ष्य कनाडा पर दबाव बनाना है।

जयशंकर की रणनीति में फाइव-आइज देशों का सहयोग महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। फाइव-आइज एक खुफिया संगठन है, जिसमें अमेरिका, कनाडा, ऑस?ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और यूनाइटेड किंगडम (यूके) शामिल हैं। इन देशों के बीच खुफिया जानकारी का आदान-प्रदान होता है और जयशंकर का मानना है कि इन देशों के जरिए से कनाडा पर दबाव डाला जा सकता है।



विशेष रूप से अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और पीएम नरेंद्र मोदी के बीच मजबूत रिश्ते को ध्यान में रखते हुए जयशंकर यह उम्मीद करते हैं कि ट्रंप के समर्थन से कनाडा पर प्रभाव डाला जा सकता है। कनाडा में भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर और ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग की प्रेस कॉन्फ्रेंस का प्रसारण हुआ था। भारत ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की और यह मामला कनाडा के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर परेशानी का कारण बन सकता है। ऑस्ट्रेलिया के साथ भारत के संबंध बेहद मजबूत हैं, और ऐसी घटनाएं कनाडा के लिए मुश्किलें पैदा कर सकती है।

ब्रिटेन जो कि फाइव-आइज का सदस्य है, कनाडा के रुख को लेकर पहले भारतीय पक्ष में नहीं था, लेकिन भारत के कड़े रुख के बाद ब्रिटेन ने कनाडा से हरदीप सिंह निज्जर हत्या की जांच में सहयोग की मांग की। भारत और ब्रिटेन के बीच अच्छे संबंध हैं, और यह स्थिति ब्रिटेन को भारत के पक्ष में लाने में मददगार साबित हो सकती है।

इस समय न्यूजीलैंड की स्थिति तटस्थ है और इसका भारत की कूटनीतिक रणनीति पर ज्यादा असर नहीं दिखता है। हालांकि, जयशंकर की प्राथमिकता फाइव-आइज के प्रमुख देशों के जरिए कनाडा पर दबाव बनाने की है ताकि भारत के हितों की रक्षा की जा सके। इस तरह जयशंकर की रणनीति कनाडा पर कूटनीतिक दबाव बनाने की ओर अग्रसर है, और भारत की विदेश नीति में यह एक अहम मोड़ साबित हो सकता है।

## देश में महंगाई से ज्यादा, युद्ध और अपराधिक हिंसा की चिंता पहले नंबर पर

नई दिल्ली।भारत सहित दुनिया के सभी देशों में महंगाई बड़ी तेजी के साथ बढ़ रही है।अभी तक महंगाई सबसे बड़ी चिंता बनी हुई थी।लेकिन अब महंगाई के स्थान पर युद्ध और अपराधिक घटनाओं में हिंसा बढ़ने की चिंता लोगों को सबसे ज्यादा हो गई है।वैश्विक मार्केट रिसर्च फॉर्म ईप्सोस ने जो सर्वे किया है।उसके अनुसार रूस यूक्रेन युद्ध के बाद जिस तरह की आशंका बनी है।भारत जैसे देशों में हिंसा और अपराध जिस तेजी के साथ बढ़ रहे हैं। उसने लोगों की चिंताएं, महंगाई से हटाकर अपराध और हिंसा को लेकर चिंतित कर दिया है। भारत में किए गए सर्वे में 78त्न भारतीयों ने देश की मौजूदा आर्थिक स्थिति को बेहतर बताया है। दुनिया के अन्य देशों में 61 फ़ीसदी लोगों का मानना है,आर्थिक हालत खराब हो रही है। जापान में यह संख्या 86 फ़ीसदी पाई गई है। सारी दुनिया के देशों में सर्वे में एक बात नए रूप से सामने आई है। महंगाई से ज्यादा अब लोगों को अपराध,हिंसा और वैश्विक युद्ध की संभावना बनी हुई है। उसने चिंता में डाल दिया है। सर्वे में पहले नंबर पर युद्ध की आशंका अपराध और हिंसा माना गया है।दूसरे नंबर पर महंगाई को माना गया है।तीसरे नंबर पर गरीबी और असमानता को लेकर चिंता प्रकट की गई है। चौथे नंबर पर बेरोजगारी को लेकर चिंता जताई गई है। राजनीतिक भ्रष्टाचार को पांचवें नंबर पर सर्वे एजेंसी ने रखा है।

## चुनाव से पहले महाराष्ट्र के मांडवी में पकड़ी गई 2.80 करोड़ रुपये से भरी एक वैन

मुंबई। मांडवी पुलिस ने कनेर चौकी चेक पोस्ट के पास एक वैन को रोका और उसमें से 2 करोड़ 80 लाख रुपये बरामद किए। बता दे कि महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव है और राजनैतिक दल चुनाव प्रचार में लगे हैं और वोटरों को प्रभावित करने में चुनावी वादे कर रहे हैं। बता दें कि भारत निर्वाचन आयोग ने अक्टूबर में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा की थी। महाराष्ट्र की 288 विधानसभा सीटों के लिए 20 नवंबर को मतदान होगा, जबकि 23 नवंबर को मतगणना की जाएगी। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के अनुसार, राज्य में कुल 9.63 करोड़ मतदाता हैं। पुलिस ने बताया कि वैन के कर्मचारियों से जब पूछताछ की गई, तो वे कैश के बारे में सही जानकारी देने में असमर्थ रहे, जिसके बाद पुलिस ने तुरंत चुनाव आयोग की टीम को सूचित किया और कैश को जब्त कर लिया। पुलिस ने बताया कि वैन में रखे गए इस कैश को लेकर कर्मचारियों ने दावा किया कि यह एटीएम में भरने के लिए ले जाया जा रहा था। कर्मचारियों के अनुसार, यह वैन सीएमएस कंपनी की थी, जो रोजाना विभिन्न बैंकों के एटीएम में कैश ट्रांसफर करती है। हालांकि, कर्मचारियों द्वारा सही जानकारी नहीं देने पर पुलिस ने मामले को गंभीर मानते हुए चुनाव आयोग को सूचित किया।

## जोधपुर में ब्यूटीशियन का हत्यारा मुंबई से गिरफ्तार

जोधपुर। जोधपुर में ब्यूटीशियन अनीता चौधरी (50) की निर्मम हत्या के बाद शव के टुकड़े-टुकड़े कर उसे छिपाने के मामले में आरोपी गुलामुद्दीन फारूकी मुंबई से गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार, गुलामुद्दीन पिछले नौ दिनों से फरार था और उसे वीपी रोड पुलिस थाने के अधिकारियों और राजस्थान पुलिस की संयुक्त टीम ने दक्षिण मुंबई से गिरफ्तार किया। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि हत्या का मकसद अनीता के सोने के आभूषणों को लूटना था। गुलामुद्दीन ने अनीता को अक्टूबर के अंत में अपने घर बुलाकर उसकी हत्या की और फिर शव के टुकड़े कर उसे अपने घर के पास 10 फुट गहरे गड्ढे में छिपा दिया। इस दिल दहला देने वाली घटना का खुलासा 28 अक्टूबर को हुआ। पुलिस ने बताया कि अनीता के गायब होने के बाद जांच में यह जानकारी मिली कि वह आखिरी बार गुलामुद्दीन के घर गई थी। गुलामुद्दीन की पत्नी ने बताया था कि उसके पति ने ही हत्या को अंजाम दिया था। पुलिस ने उसकी पत्नी को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। हत्या के बाद गिरफ्तारी से बचने के लिए गुलामुद्दीन मुंबई में छिपा हुआ था, लेकिन पुलिस ने उसकी जानकारी जुटाते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। इस मामले से क्षेत्र में दहशत का माहौल है और पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

## सीएम सुक्खू के लिए मंगाए समोसे स्टाफ में बांट दिए, हो गया विवाद

### –बीजेपी ने कसा तंज–सरकार को खानपान की चिंता, विकासात्मक कार्यों की नहीं

शिमला। हिमाचल प्रदेश के सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू के लिए होटल से मंगवाए गए समोसे और केक को उनके स्टाफ में बांटने के बाद विवाद हो गया है। इस घटना पर बीजेपी ने प्रतिक्रिया दी है। बीजेपी का कहना है कि राज्य की जनता परेशान है, लेकिन सरकार को केवल सीएम के खानपान की चिंता है, न कि विकासात्मक कार्यों की। यह घटना 21 अक्टूबर को सीआईडी दफ्तर में सीएम सुक्खू के दौरे के दौरान हुई, जब एक होटल से सीएम के लिए समोसे और केक मंगवाया गया था। गलती से ये समोसे सीएम के बजाय उनकी सुरक्षा टीम को बांट दिए गए। इस गड़बड़ी के बाद सीआईडी ने जांच शुरू की और इसको सरकार विरोधी कृत्य बताया। बीजेपी विधायक और मीडिया विभाग के प्रभारी रणधीर शर्मा ने इस घटना पर तंज कसते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश की जनता गंभीर समस्याओं से जूझ रही है और सरकार को केवल सीएम के समोसे की चिंता है। यह हास्यास्पद है कि सरकार का ध्यान विकास कार्यों पर नहीं, बल्कि छोटे से मुद्दे पर है। सीआईडी जांच में पता चला है कि समोसे और केक के तीन डिब्बे होटल से मंगवाए गए थे, लेकिन डिप्टी एसपी रैंक के अधिकारी ने इस आदेश को सही तरीके से लागू नहीं किया। एसआई और एएसआई को नाश्ता लाने का काम सौंपा गया था, लेकिन उन्हें यह स्पष्ट नहीं था कि ये डिब्बे सीएम के लिए हैं। पर्यटन विभाग के कर्मचारियों से इस बारे में सलाह ली, लेकिन उन्हें बताया गया कि यह मेनू का हिस्सा नहीं है, जिससे भ्रम की स्थिति पैदा हुई। जांच में यह भी सामने आया कि महिला इंस्पेक्टर ने वरिष्ठ अधिकारी से पुष्टि किए बिना इन डिब्बों को मैकेनिकल ट्रांसपोर्ट सेक्शन को भेज दिया।

## जगदंबिका पाल के कर्नाटक दौरे पर ओवैसी ने उठाए सवाल

हैदराबाद। एआईएमआईएम के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने वक्फ संशोधन विधेयक पर संसद की संयुक्त समिति (जेपीसी) के अध्यक्ष जगदंबिका पाल के कर्नाटक दौरे पर सवाल उठाए हैं। ओवैसी ने कहा कि समिति का काम केवल वक्फ विधेयक का अध्ययन करना है, न कि अन्य मसलों पर ध्यान देना। उन्होंने यह भी कहा कि लोकसभा अध्यक्ष को इस मुद्दे का संज्ञान लेना चाहिए और समिति के एकपक्षीय रवैये पर कार्रवाई करनी चाहिए। ओवैसी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा, वक्फ विधेयक 2024 पर संयुक्त संसदीय समिति के अध्यक्ष ने हालही में कर्नाटक में कुछ स्थानीय मुद्दों के संबंध में दौरा किया। यह समिति का काम नहीं है। उनका कार्य केवल विधेयक का अध्ययन करना है। उन्होंने यह भी कहा कि समिति पहले ही कर्नाटक में परामर्श कर चुकी है और अब इस मुद्दे को उठाना अनुचित है।



### किसानों की शिकायत– हमारी भूमि को बता रहे वक्फ की संपत्ति

जगदंबिका पाल को कर्नाटक के उत्तरी जिलों के किसानों से 500 से अधिक याचिकाएं मिलीं। किसानों ने आरोप लगाया कि उनकी निजी भूमि को वक्फ संपत्ति के रूप में चिह्नित किया गया है, जिससे उनकी संपत्तियों पर संकट मंडरा रहा है। इस पर सांसद तेजस्वी सूर्या ने कहा कि यह मामला किसानों के लिए गंभीर है और उनकी शिकायतों का सही तरीके से समाधान किया जाना चाहिए। यह विवाद उस समय सामने आया है जब वक्फ विधेयक 2024 पर संसद में चर्चा जारी है। अब देखना यह होगा कि लोकसभा अध्यक्ष इस मामले पर क्या कदम उठाते हैं।

## ‘संडे मार्केट’ ग्रेनेड हमला मामले में बड़ा एक्शन, लश्कर-ए-तैयबा के तीन आतंकी गिरफ्तार



**श्रीनगर (एजेंसी)।** लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) से जुड़े तीन आतंकी सहयोगियों को श्रीनगर में ग्रेनेड हमले में उनकी कथित संलिप्तता के लिए शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया था। इस हमले में सुरक्षा बलों को निशाना बनाया गया और 12 नागरिक घायल हो गए। पुलिस महानिरीक्षक कश्मीर जोन वीके बर्डी ने कहा कि गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान उसामा यासीन शेख, उमर फैयाज शेख और अफनान मंसूर शेख के रूप में की गई है। तीनों शहर के इखराजपोरा इलाके के हैं। अधिकारी ने कहा कि पुलिस ने तीन आतंकी सहयोगियों की गिरफ्तारी के साथ मामले को सुलझा लिया है।

बिरदी ने यह भी बताया कि यह हमला पाकिस्तान स्थित आतंकी आकाओं के इशारे पर किया गया था, जिनका उद्देश्य क्षेत्र में शांति और शांति को भंग करना था। तीनों आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ यूएपीए [गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम] के तहत मामला दर्ज किया गया है। आतंकवादियों ने क्षेत्र में तैनात सुरक्षा बलों को निशाना बनाने के प्रयास में एक साप्ताहिक कबाड़ी बाजार में एक फ्लाईओवर से हथगोले फेंके। ग्रेनेड एक अर्धसैनिक वाहन के पास गिरे और फट गए, जिससे 12 नागरिक घायल हो गए।

रविवार का हमला जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी हमलों और मुठभेड़ों की एक श्रृंखला की पृष्ठभूमि में हुआ, जब 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के बाद पहली निर्वाचित सरकार ने 16 अक्टूबर को शपथ ली थी। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सुरक्षा बलों से क्षेत्र में सक्रिय आतंकवादी संगठनों को जोरदार जवाब देने और उन्हें कुचलने के लिए कहा था।

# एनसीपी नेता अजित पवार ने योगी के हिंदुत्ववादी बयानों से किया किनारा

### –कहा–बीजेपी स्टार प्रचारकों से नहीं कराएंगे चुनाव प्रचार, मोदी–शाह की रैली भी नहीं



**पुणे (एजेंसी )।** महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव को लेकर एनसीपी के अध्यक्ष अजित पवार ने चुनावी रणनीति को लेकर कुछ फैसले लिए हैं। उन्होंने बीजेपी के स्टार प्रचारक योगी आदित्यनाथ के हिंदुत्ववादी बयानों से किनारा कर लिया है और अब उन्होंने पीएम मोदी से भी अपनी विधानसभा बारामती में प्रचार करने की अपील नहीं की है। अजित पवार का कहना है कि बारामती में परिवार के बीच ही चुनावी लड़ाई है, क्योंकि वह अपने भतीजे युगेंद्र पवार के खिलाफ चुनाव मैदान में हैं।

अजित पवार ने यह भी कहा कि उनकी पार्टी ने बीजेपी के वरिष्ठ नेताओं, जैसे अमित शाह को अपनी चुनावी सभाओं से दूर रखने का फैसला लिया है। उनका मानना है कि प्रचार के लिए समय की कमी और चुनाव खर्च की सीमा को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया है। इसके अलावा उनका यह भी कहना है कि बारामती में बीजेपी नेताओं के हिंदूत्ववादी बयान से उनकी पार्टी के वोटर नाराज हो सकते है, इसलिए उन्होंने इसे टालने का फैसला लिया है।

पीएम मोदी का चुनावी अभियान शुक्रवार से शुरू हो गया है और वह 9 नवंबर को अकोला और नांदेड़ में रैलियां करेंगे। साथ ही बीजेपी के अन्य नेता जैसे अमित शाह भी चुनावी सभाओं में हिस्सा लेंगे, लेकिन अजित पवार की रणनीति के तहत इन नेताओं को उनकी पार्टी के चुनावी क्षेत्रों से दूर रखा जाएगा। अजित ने अपनी चुनावी स्थिति को लेकर आत्मविश्वास दिखाते हुए कहा कि वह बारामती में अपनी जीत को लेकर पूरी तरह से निश्चिंत हैं और उम्मीद जताई कि जीत का अंतर बड़ा होगा।

2019 के राज्य चुनावों में उन्होंने रिकॉर्ड 1.65 लाख वोटों से जीत हासिल की थी, लेकिन बीजेपी के साथ गठबंधन के बाद उन्हें कुछ परंपरागत वोटरों से नुकसान हुआ था। अब वह महायुति के साथ रणनीतिक रूप से हैं, लेकिन अपनी पारंपरिक वोट बैंक को नाराज नहीं करना चाहते हैं। अजित पवार की यह रणनीति आगामी चुनावों में उनके लिए कितनी फायदेमंद साबित होगी, यह तो आने वाला समय ही बताएगा।

## मरियम के आह्वान के बाद ‘जलवायु कूटनीति’ पर पाकिस्तान से कोई संदेश नहीं मिला

नई दिल्ली। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की सीएम मरियम ने भारत के साथ मिलकर वायु प्रदूषण के मुद्दे को सुलझाने के लिए जलवायु कूटनीति का आह्वान करने कुछ दिन बाद भारत के विदेश मंत्रालय ने कहा कि इस मामले पर इस्लामाबाद की ओर से अभी तक कोई औपचारिक संदेश नहीं मिला है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की सीएम मरियम नवाज ने हाल में भारत के साथ जलवायु कूटनीति का आह्वान किया और कहा कि वह जल्द ही भारत में पंजाब के सीएम भगवंत मान को संयुक्त रूप से धुंध के मुद्दे पर हल निकालने के लिए पत्र लिखेंगी। सीमा के दोनों तरफ के शहरों को प्रभावित करने वाले वायु प्रदूषण के मुद्दे से संबंधित प्रश्न का संदर्भ देते हुए जायसवाल ने कहा कि जलवायु कूटनीति पर आपके प्रश्न के संबंध में अभी तक हमें पाकिस्तान की ओर से कोई औपचारिक संदेश नहीं मिला है।

# बिहार सीएम नीतीश के बेटे की सादगी और विनम्रता ने लोगों का दिल जीता

### – वीडियो वायरल, लोगों बोले– निशांत, नीतीश कुमार की फोटो कॉपी



**पटना (एजेंसी)।** बिहार के सीएम नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार इन दिनों सुर्खियों में हैं। निशांत का एक वीडियो इंस्टाग्राम पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह एक दुकान पर स्पीकर खरीदते नजर आ रहे हैं। जब मीडिया ने उन्हें घेर लिया और सवाल-जवाब शुरू किए, तो निशांत ने अपनी सादगी और विनम्रता से लोगों का दिल जीत लिया।

यह वीडियो लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया है और सोशल मीडिया पर उनकी सादगी की खूब तारीफ हो रही है। एक यूजर ने लिखा- ये है रियल सुपुत्र, तो वहीं दूसरे ने कहा कि मां कसम दिल जीत लिया राधे-राधे। एक ने निशांत को अति सुंदर और अच्छे विचारों वाला बताया। सिद्धार्थ जैन ने कमेंट करते हुए लिखा- इस बेटे का बहुत बड़ा योगदान है, क्योंकि उनके कारण कभी भी नीतीश कुमार के राजनीतिक जीवन पर परिवारवाद का सवाल नहीं उठा।

निशांत के बारे में कहा जा रहा है कि वह राजनीति से दूर हैं और कभी भी कोई राजनीतिक बयानबाजी नहीं करते हैं। वह बचपन से पढ़ाई में तेज हैं और अपनी सादगी के लिए पहचाने जाते हैं। एक यूजर ने टिप्पणी की हमें तो लगता है कि उन्हें राजनीति में आना चाहिए। तेजस्वी यादव और निशांत के बीच राजनीति में टक्कर हो सकती है। वहीं कुछ लोगों ने निशांत को नीतीश कुमार की फोटो कॉपी बताया है। इससे पहले यह खबरें आई थीं कि निशांत राजनीति में एंट्री कर सकते हैं, लेकिन उन्होंने इन अटकलों को सिरे से खारिज कर कहा था कि उनकी राजनीति में रुचि नहीं हैं। उनका ज्यादा समय धर्म और अध्यात्म में गुजरता है। निशांत कुमार का यह वीडियो यह साबित करता है कि वह अपनी सादगी और नेक विचारों के कारण लोगों के दिलों में खास स्थान रखते हैं, और उनके पिता के राजनीतिक करियर पर भी उनका सकारात्मक प्रभाव पड़ा है।

# रुपया डॉलर के मुकाबले कमजोर, यह नोटबंदी की असफलता का नतीजा : अखिलेश

### –नोटबंदी के 8 साल पूरे होने पर सपा प्रमुख ने बीजेपी सरकार को घेरा



**लखनऊ (एजेंसी )।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने नोटबंदी के 8 साल पूरे होने पर बीजेपी सरकार को घेरा। अखिलेश ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट में लिखा- नोटबंदी को भारतीय अर्थव्यवस्था के इतिहास में एक काला अध्याय है। उन्होंने कहा कि नोटबंदी की नाकामयाबी का असर अब तक महसूस किया जा रहा है, और एक दिन पहले ही रुपया डॉलर के मुकाबले अपनी सबसे कमजोर स्थिति में पहुंच गया है। उन्होंने सवाल किया कि क्या यह नोटबंदी की असफलता का नतीजा है, या फिर बीजेपी की नकारात्मक नीतियों का परिणाम?

सपा प्रमुख ने पूछा कि क्या अब बीजेपी यह कहेगी कि रुपया डॉलर के मुकाबले गिरा नहीं है, बल्कि डॉलर ऊपर उठ गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी सरकार ने देश की अर्थव्यवस्था को अनर्थव्यवस्था में बदल दिया है। उन्होंने आगे कहा कि रुपया कहे, आज का, नहीं चाहिए बीजेपी।

गौरतलब है कि 8 नवंबर 2016 को पीएम नरेंद्र मोदी ने 500 और 1000 रुपए के पुराने नोटों को चलन से बाहर कर दिया था, जिससे पूरे देश में बैंकों और एटीएम के बाहर लंबी-लंबी कतारें लग गई थीं। इसका मुख्य उद्देश्य कालाधन पर नियंत्रण और डिजिटल इकोनॉमी को बढ़ावा देना बताया था लेकिन नोटबंदी के फैसले की व्यापक आलोचना हुई और इसका असर देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ा, जिसके परिणामस्वरूप कई लोगों को रोजगार से हाथ धोना पड़ा और व्यापार में नुकसान उठाना पड़ा था।

# तीन करोड़ लोगों ने एक दिन में किया ट्रेन में सफर, रेलवे ने रचा इतिहास

### –त्योहारी सीजन के चलते रेल यात्रियों की संख्या में भारी बढ़ोतरी

**नई दिल्ली (एजेंसी )।** भारत में ट्रेनों में रोज लाखों यात्री सफर करते हैं और इसमें आए दिन इजाफा हो रहा है। भारतीय रेलवे ने 4 नवंबर 2024 को एक नया रिकॉर्ड बनाया है, जिसमें तीन करोड़ से ज्यादा यात्री ट्रेन से यात्रा करने के लिए बोर्डिंग करते थे। यह भारतीय रेल के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है और रेल मंत्रालय ने इसे देश के रेल परिवहन के इतिहास में मील का पत्थर बताया है।

रेल मंत्रालय के मुताबिक 4 नवंबर को कुल 120.72 लाख नॉन-सबअर्बन यात्रियों ने यात्रा की। इसमें 19.43 लाख यात्री आरक्षित और 101.29 लाख यात्रियों ने अनारक्षित श्रेणी में सफर किया। इसके अलावा 180 लाख सबअर्बन यात्रियों को भी सफर कराया गया, जिससे कुल संख्या तीन करोड़ के आंकड़े को पार हो गई। इस उपलब्धि को हासिल करने का समय विशेष महत्व रखता है क्योंकि यह भारतीय रेल के व्यस्ततम महीनों में से एक था, जब त्योहारी सीजन के चलते यात्रियों की संख्या में भारी बढ़ोतरी हुई है। दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ पूजा जैसे त्योहारों के दौरान लाखों लोग एक राज्य से दूसरे राज्य की यात्रा करते हैं और ऐसे में ट्रेन यात्रा का सबसे लोकप्रिय विकल्प है।

भारतीय रेलवे ने यात्रियों की भारी संख्या को संभालने के लिए विशेष उपाय किए। खासकर त्योहारी सीजन में। रेलवे बोर्ड ने 1 अक्टूबर से 30 नवंबर तक 7,663 स्पेशल ट्रेन सेवाएं चलाई हैं, जो पिछले साल की तुलना में 73 फीसदी ज्यादा हैं। यह कदम यात्रियों की बढ़ती संख्या को व्यवस्थित करने और उन्हें बेहतर सुविधा देने के लिए उठाया है। भारतीय रेलवे का यह रिकॉर्ड और प्रयास उसकी परिचालन कुशलता और यात्रियों की बढ़ती मांग को पूरा करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

